YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-350 ❒ रविवार, 19 जनवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



हमारे युवा ऊर्जा से भरे हैं, उनके पास विजन और अपार क्षमता है। हमारे युवा स्टार्टअप के क्षेत्र में देश-विदेश में खूब नाम कमा रहे हैं। आज गांव-गांव में स्टार्टअप क्रांति हो रही है। एग्रीटेक स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या यह बताती है ।
शिवराज सिंह

केजरीवाल की कार पर हमले के आरोप पर भाजपा का पलटवार 11
दंत कुम्भ में श्रद्धालुओं के दांतों का हो रहा निःशुल्क इलाज 12

पीएम द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोग : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम के मौके पर कहा कहा कि इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न



**उपलब्धि**

❒ रोजगार के नये अवसर लेकर आया है प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) : योगी

❒ राजस्व विभाग जल्द सर्वे के लिए सर्वे ऑफ इंडिया की ले मदद

राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है।

### महाकुम्भ का भव्य आयोजन देख साधु संत बोले : सीएम योगी बने भगीरथ

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए भारत के हर राज्य से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनके अलावा साधु संत भी बड़ी तादात में आए हैं, जो गंगा किनारे धूनी रमाए आपको चौबीसों घंटे दिख जाएंगे। महाकुम्भ में इन साधु संतों का बड़ा अनोखा संसार बसा है। कोई बाबा रबड़ी खिला रहे हैं, तो कोई श्रद्धालुओं को सैर करा रहे हैं। इनके अलावा बंगाली बाबा और बड़े बाबा की बड़ी बड़ी बातें सुननी हों, तो महाकुम्भ जरूर आइए। आप इन संतों से बात करिए तो इस महान आयोजन का पूरा श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और जम्मू से बड़ी संख्या में साधु संत महाकुम्भ पहुंचे हैं। उनका कहना है कि संगम किनारे हम जो राम नाम का जप कर रहे हैं, वो योगी महराज की कृपा से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा, योगी देश के इकलौते ऐसे सीएम हैं, जो पूरे विश्व के संतों और सनातनियों के बारे में सोचते हैं। साधु बोले- सीएम योगी भगीरथ बनकर नए भारत का आगाज कर रहे हैं। देशभर से महाकुम्भ नगर में जुटे संतों ने जय ● शेष पेज 11 पर

पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब ग्रामीण क्षेत्र में आबादी की जमीन पर बसे हुए लोगों को उनकी जमीन का कानूनी हक दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 57,000 से अधिक ग्राम पंचायत हैं। इन ग्राम पंचायत में एक-एक ग्राम सचिवालय के निर्माण का कार्य हो रहा है, जिससे हर गांव में रोजगार का सृजन हो रहा है। आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हर ग्राम पंचायत अपने यहां पांच से सात लोगों को रोजगार दे रहा है। ऐसे में प्रॉपर्टी कार्ड भी अब स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है।

मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व विभाग को निर्देश ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे राजनाथ सिंह ने संगम में लगाई डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभनगर । केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्नान के बाद पत्रकारों के बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि परमात्मा ने मुझे यह अवसर प्रदान किया। आज प्रयागराज, संगम में स्नान करने के बाद मैं स्वयं को बहुत ही कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। भारतीयता सांस्कृतिक एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह पर्व है, जो प्राचीन वैदिक खगोलीय घटना पर आधारित है। रक्षामंत्री ने कहा कि? यह गंगा, यमुना व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिक, वैज्ञानिकता और साथ ही साथ सामाजिक ● शेष पेज 11 पर

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 10 साल में बढ़कर अब 22.4 घंटे हो गई: खट्टर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पिछले एक दशक में शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता 22 घंटे से बढ़कर 23.4 घंटे हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.5 घंटे से बढ़कर 22.4 घंटे हो गई है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विद्युत मंत्रालय के संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी। ''पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन'' पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट मीटर स्थापना के कार्यान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर बिलिंग त्रुटियों को कम कर ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने और उपयोगकर्ताओं के लिए ज्?यादा सुविधा प्रदान करके उपभोक्ता और वितरण कंपनी, दोनों को लाभान्वित करते हैं। वहीं, डिस्कॉम को घाटे को कम करने, बिजली खरीद लागत के अनुकूलन और नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण आदि में मदद करते हैं। विद्युत मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में 16 जनवरी को राजधानी नई दिल्ली में ''पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन'' विषय पर चर्चा हेतु विद्युत मंत्रालय के लिए सांसदों की परामर्शदात्री समिति की ● शेष पेज 11 पर

### अमित शाह आज को आंध्र प्रदेश में एनडीआरएफ के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर अमित शाह 200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब आपदा प्रबंधन के लिए राहत-केंद्रित दृष्टिकोण के बजाय शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपना रहा है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य आपदाओं के दौरान शून्य हताहत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। केंद्रीय गृहमंत्री रविवार को तीन महत्वपूर्ण केंद्रों के ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए : राहुल गांधी

पटना। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि बिहार पेपर लीक का सेंटर बन गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठाया। एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पटना के बापू सभागार में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जाति जनगणना कराने बाद विकास उसी के अनुसार होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, इससे पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी है। नौकरशाही, शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों में उनकी कितनी भागीदारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अंबानी और अडानी को सत्ता दे दी गई है। राहुल गांधी ने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर सवाल उठाया और कहा, केंद्र सरकार के 90 वरिष्ठ अधिकारी देश के बजट पर निर्णय लेते हैं। इनमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों की भागीदारी 10 प्रतिशत भी नहीं है जबकि भारत की आबादी में इन वर्गों की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत है।

### अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के एक संदिग्ध आरोपित को आरपीएफ ने छत्तीसगढ़ से हिरासत में लिया

रायपुर मुंबई। बालीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के एक संदिग्ध आरोपित को आरपीएफ छत्तीसगढ़ ने आज हिरासत में लिया है। हमले के बाद मुंबई पुलिस की टीम ने एक संदिग्ध आरोपित की फोटो जारी की थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। आरपीएफ के इंस्पेक्टर संजीव सिन्हा ने संदिग्ध आरोपित का नाम आकाश बताया है। उसे दुर्ग से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से मुंबई से भागकर दुर्ग पहुंचा था।संदिग्ध की शिनाख्त मुंबई पुलिस द्वारा भेजे गए फोटो के आधार पर की गई है। संदिग्ध जनरल डिब्बे में बैठा हुआ था, जिससे पूछताछ जारी है। पहले उसने अपना नाम राजेंद्र कोडोपे बताया था।
सैफ अली पर हमले के बाद मुंबई पुलिस की टीम ने एक संदिग्ध आरोपित की फोटो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट की थी।

## महाकुम्भ के जरिये यूपी की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि 45 दिन तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान होने वाले कारोबार से न सिर्फ रोजगार और मुनाफ़े में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगीए उत्पादन बढ़ेगाए रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा और जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर



उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी अयोध्या चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के ● शेष पेज 11 पर

### कलिंग मोयोंग अरुणाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चुने गए

इटानगर। पूर्व विधायक कलिंग मोयोंग को शनिवार को अरुणाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नया अध्यक्ष चुना गया। पार्टी के केन्द्रीय और राज्य के वरिष्ठ नेतृत्व के बीच विचार-विमर्श के बाद पूर्व विधायक मोयोंग ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस पद के लिए कलिंग के आलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। परिणामस्वरूप, कलिंग मोयोंग को निर्विरोध और सर्वसम्मति से अरुणाचल प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इटानगर में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, बिजुराम वाहगे, असम सरकार के मंत्री अरुणाचल प्रदेश भाजपा प्रभारी अशोक सिंघल और भाजपा के अन्य नेताओं की उपस्थिति में केन्द्रीय मंत्री और असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। अरुणाचल प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया संचालित करने हेतु सर्बानंद सोनोवाल को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। बताया जा रहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन को ● शेष पेज 11 पर

# नीति आयोग और एवीए ने मिलाया हाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण और अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए।

इसके तहत अगले दो सालों में 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है। दो-वर्षीय एसओआई के तहत देश के सबसे अविकसित व



**राहत**

❒ 15,000 गांवों को 'बाल विवाह मुक्त' घोषित करने के लिए करेंगे काम

संवेदनशील इलाकों में बच्चियों के सशक्तीकरण और शिक्षा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए एक समग्र और व्यापक रणनीति पर अमल किया जाएगा। बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए सभी लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही और विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा, जबकि हाशिये के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा। एवीए बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए देश के 26 राज्यों के 416 जिलों में काम कर रहे 200 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) का सहयोगी है, जिसने समुदायों को शोषण और बाल विवाह से मुक्ति दिलाने के लिए एक समग्र रणनीतिक ढांचा विकसित किया है। एवीए इस रणनीतिक ढांचे पर अमल करते हुए सुरक्षित बाल ग्रामों की स्थापना करेगा। ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख ग्रामीणों को बांटे संपत्ति कार्ड

# संपत्ति कार्ड से गरीबी उन्मूलन में मिलेगी मदद : प्रधानमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संपत्ति का अधिकार और संपत्ति के कानूनी दस्तावेजों की कमी को वैश्विक चुनौती बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर जोर दिया है कि गरीबी कम करने के लिए लोगों के पास संपत्ति का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। उन्होंने



**राहत**

❒ स्वामित्व योजना से गांव और गरीब होंगे सशक्त, विकसित भारत का सफर होगा सुहाना : प्रधानमंत्री

आज के दिन को भारत के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक बताया।

### स्वामित्व योजना से गांव और गरीब होंगे सशक्त, विकसित भारत का सफर होगा सुहाना : मोदी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना से गांव और गरीब सशक्त होंगे और विकसित भारत का सफर सुहाना होगा। भारत में पिछले लगभग पांच वर्ष में डेढ़ करोड़ ग्रामीणों को उनकी संपति का स्वामित्व पत्र (प्रॉपर्टी कार्ड) दिया गया है। आज 65 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड दिया जा रहा है। इस प्रकार देश के लगभग सवा दो करोड़ ग्रामीणों को उनके घर का पक्का कानूनी दस्तावेज मिला है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के ई-वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने देशभर के 50 हजार से अधिक गाँवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डो का वितरण किया, जिनमें मध्य प्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत संपत्ति के अधिकारों की वैश्विक चुनौती से अछूता नहीं है। लाखों-करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद, ग्रामीणों के पास अक्सर कानूनी दस्तावेजों की कमी होती है, जिससे विवाद होते हैं ● शेष पेज 11 पर

## छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर मिली नक्सलियों की सुरंग और हथियार बनाने की फैक्टरी

एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों ने सुकमा-बीजापुर जिले की सीमावर्ती क्षेत्र में तालपेरू नदी के किनारे पर नक्सलियों की बनाई गई सुरंग और फैक्टरी को बरामद किया है। इस सुरंग में नक्सलियों के हथियार बनाने के लिए डंप की गई सामग्री बरामद की गई। साथ ही अन्य विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद किए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने आज कहा कि यह ऑपरेशन नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा प्रहार था। जवानों ने नक्सलियों के कोर जोन में घुसकर उन्हें मार गिराया गया।मुठभेड़ के बाद चलाये गए सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों का बंकर ढूढ़ा है और वहां पर उनकी हथियारों की फैक्टरी का पता चला है। इस ऑपरेशन के दौरान जवानों की ओर से बनाया गया एक वीडियो सामने आया है। बस्तर आईजी ने कहा कि लगातार हो रहे ऑपरेशनों के कारण माओवादी बैकफुट पर आ गए हैं। जवानों ने मौके पर इलाके से ही सर्चिंग में नक्सलियों की बनाई गई सुरंग



के अंदर प्रवेश कर पूरी सुरंग की जांच पड़ताल की है। इसमें नक्सलियों के आईईडी बम बनाने के लिए उपयोग में आने वाली सामग्री बरामद की गई। नक्सलियों ने सुरंग में हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपा रखी थी। सुरंग से जवानों ने विस्फोटक बनाने की मशीन, बिजली के तार, कांच की बोतलों से बने बम और भारी मात्रा में अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया है। सुकमा डीआरजी के जवान जब सुरंग के भीतर टॉर्च की रोशनी में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। सुरंग के भीतर पूरा का पूरा एक कमरा बना हुआ मिला। कमरे के भीतर कई तरह की लेथ मशीनें लगी हुई मिलीं। लेथ मशीनों के जरिए हथियार बनाने का यहां काम किया जा रहा था। सुरंग के भीतर से डीआरजी जवानों को कई हथियार और बम भी मिले हैं। सुरंग में ● शेष पेज 11 पर

# महाकुम्भ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य : रक्षा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर प्रयागराज में संगम तट पर सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। महाकुम्भ के महासम्मेलन में भाग लेने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। बमरौली हवाई अड्डे पर उन्हें विधायक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने रिसीव किया। राजनाथ सिंह के साथ सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। प्रयागराज पहुंच कर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग भी करेंगे।




महाकुम्भ के दिव्य अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए ।

**भारतीयता को समझना है तो महाकुम्भ में आईए– रक्षा मंत्री**

**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाकुम्भ में पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी**

**रक्षा मंत्री के साथ राज्य सभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने भी किया संगम में स्नान**

**रक्षामंत्री ने अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान मंदिर में किया दर्शन**

**महाकुम्भ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेना के अधिकारियों के साथ करेंगे मीटिंग**

रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया।मंदिर के पुजारी जी का हाल चाल लिया और महाकुम्भ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा।

मंदिर में दर्शन पूजन कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मेले का भ्रमण करते हुए सर्किट हाउस की ओर रवाना हुए। इस बीच साधु -संतों से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री महाकुम्भ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में सेना के अधिकारियों से मीटिंग भी करेंगे। महाकुम्भ में आतंकी हमले की धमकी और बम मिलने की अफवाह के मुताबिक किए गये सुरक्षा इंतजामों की भी उन्होंने जानकारी ली।

## 30 करोड़ की मूर्ति चोरी का पर्दाफाश, पुजारी समेत चार गिरफ्तार

मीरजापुर। मीरजापुर के थाना पड़री क्षेत्र के कठिनई गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से चोरी हुई 30 करोड़ की प्राचीन अष्टधातु की मूर्तियों की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस वारदात का मास्टरमाइंड और कोई नहीं बल्कि वादी, वंशीदास गुरु महामंडलेश्वर स्वयं निकला। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान मामले का खुलासा किया। शातिर योजना के तहत वंशीदास ने अपने साथियों के साथ मिलकर राम, लक्ष्मण और जानकी की बेशकीमती मूर्तियां चोरी कर लीं। पुलिस ने सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों वंशीदास गुरु महामंडलेश्वर (वादी और मुख्य आरोपी), लवकुश पाल (वंशीदास का वाहन चालक) मुकेश कुमार सोनी व रामबहादुर पाल को बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किया और चोरी की गई मूर्तियां बरामद कर लीं। इन्होंने अष्टधातु की मूर्तियों को मंदिर से चोरी कर पास के हाईमाई मंदिर के पीछे छिपा दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियां (कुल वजन 66 किलो), दो मुकुट, एक हार और मछलीनुमा कुंडल भी बरामद हुए।

## महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री ने 7532 घरौनियां बांटी

एजेंसी

हमीरपुर। स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज शनिवार को दोपहर घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपने हाथों से घरौनी वितरित की गई तथा लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि घर का मालिकाना हक/वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगों को ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ,महिलाओं, युवाओ,गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया।

घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर के कुल 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य सम्पादित किया गया है। अब तक कुल डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रापर्टी कार्ड तैयार किये गये हैं जिनमें तहसील हमीरपुर में 33880, मौदहा में 44950, राठ में 25377 तथा सरीला में 23673) निर्मित किये गये हैं।

## वाटर कूलर मे टोटी के जगह सुखी लकड़ी सें चलाया जा जा काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज )। तहसील कोरांव के एसडीएम कोर्ट के बाहर लगा लाखो रूपये की लागत सें वाटर कूलर का टोटी काफी समय सें खराब है जिससे हमेसा पानी नाजायज निकलता रहता है जिससे

**एक टोटी लगवाने का नहीं है तहसील कोरांव के पास बजट**

आसपास हमेसा गिला और गंदगी फैली हुई है तहसील प्रशासन टोटी न लगवाकर एक लड़की लगवा दिया है जिससे हमेसा पानी टपकता रहता है जिससे पानी भी वाटर कूलर का खत्म हो जाता है जिस कारण वादकारी अधिवक्ताओ को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता तहसील कोरांव के अधिवक्तागण वाटर कूलर का टोटी व



आसपास जमा गंदगी को सफाई कराने की माँग की है ।

## निरंजनी अखाड़े में बनाये गये पांच नए महामंडलेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर । प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में संत समाज और श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के महामंडलेश्वर पद पर पांच संतो कों अभिषिक्त किया गया। निरंजनी अखाड़े की छावनी में संपन्न हुए पट्टाभिषेक समारोह में अखाड़ों के संत महापुरूषों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण विधि विधान से तिलक चादर प्रदान कर महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया और संत महापुरुषों ने उन्हें आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दी।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि शनिवार को स्वामी कृष्णनंद पुरी (चंडीगढ़ ), स्वामी आदि योगी पुरी ( ऋषिकेश,उत्तराखंड ), स्वामी भगवती पुरी माता ( मुम्बई, महाराष्ट्र ) साध्वी मीरा गिरी (किसन गढ़, राजस्थान ) स्वामी आदित्यनंद गिरी (वृंदावन) का पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया है।

उन्होंने कहा की देश को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रूप से एकजुट करने में संत महापुरूषों ने हमेशा अहम भूमिका निभायी है। निरंजनी अखाड़े के नवनियुक्त महामंडलेश्वर आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा धर्म रक्षा के लिए स्थापित अखाड़ा परंपरा को आगे बढ़ाने में युवा संत अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर का पद प्राप्त करने की परंपरा विशेष रूप से प्रमुख अखाड़ों में अधिक प्रचलित है। इस पद की परम्परा यह है कि इसे उस संत महंत को दिया जाता है, जिसने अपने जीवन में विशेष धार्मिक तप, साधना और समाज सेवा के कार्य किए हों। यह पद, उन संत, महंतो को दिया जाता है जो अपने अखाड़े या संप्रदाय का नेतृत्व करते हैं और जो अपने ज्ञान और योग्यता के कारण समुदाय में सम्मानित होते हैं। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर का मुख्य कर्तव्य अपने संप्रदाय के संत महापुरूषों और भक्तों का मार्गदर्शन करना है। वे उन्हें धार्मिक जीवन जीने, साधना और योग में सक्षम बनाते हैं।

आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशा नन्द गिरि ने कहा की जो संत महापुरुष महामंडलेश्वर बनते हैं उनका अखाड़े में एक विशेष पद और विशेष सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर के कर्तव्यों में अनेक धार्मिक, सामाजिक, और आध्यात्मिक जिम्मेदारियां शामिल होती हैं। यह कर्तव्य न केवल उनके व्यक्तिगत आचरण से जुड़े होते हैं, बल्कि समाज और संप्रदाय के प्रति उनके दायित्वों का भी हिस्सा होते हैं।

आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी ने कहा कि महामंडलेश्वर बनने की प्रक्रिया में गुरु-शिष्य परंपरा का पालन किया जाता है। एक योग्य व्यक्ति को इस पद पर नियुक्ति देने के लिए अखाड़े के प्रमुख संतों और गुरुजनों की सहमति आवश्यक होती है। यह पद केवल उन संतों को दिया जाता है, जिनके पास गहरी धार्मिक शिक्षा, अनुभव और समाज के प्रति उनकी सेवा के प्रमाण होते हैं।

स्वामी आदि योगी पुरी महाराज ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संत महापुरुषों ने दी है उसका निर्वाह मे सच्ची निष्ठा से करूंगा। उन्होंने कहा कि सभी गुरुजन मेरे लिए परमात्मा का दूसरा रूप है। चारो नवनियुक्त महामंडलेश्वरों ने सभी संत महापुरुषों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी, अखाड़ा सचिव श्री महंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानन्द गिरी (अर्जी वाले हनुमान जी, उज्जैन ), महामंडलेश्वर स्वामी ललिता नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद गिरी,महामंडलेश्वर स्वामी आनंदमई माता ,महंत दिनेश गिरी, महंत राजगीर, महंत राधे गिरी, महंत भूपेन्द्र गिरी, महंत ओमकार गिरी,डॉ आदियानन्द गिरी आदि के संग अनेक संत महापुरुष उपस्थित रहे।

## पंच परिवर्तन से बदलेगा देश, स्वच्छता का काम करने वाला अछूत नहीं: मिलिंद परांडे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के शिविर में दुर्गा वाहिनी के तीन दिवसीय अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग का शनिवार को समापन हो गया। विहिप के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने समापन समारोह में कहा कि पंच परिवर्तन से देश बदलेगा। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का जागरण और नागरिक कर्तव्यों का जिक्र कर कहा कि हमें तीन स्तर पर काम करना है। मेरा व्यक्तिगत जीवन, मेरा परिवार, अपने संगठन की इकाई के माध्यम से पंच परिवर्तन का काम करना है। परांडे ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन और सामाजिक व्यवहार अलग नहीं होना चाहिए। स्वच्छता का काम करने वाला अछूत नहीं। मां भी स्वच्छता करती है, वह तो अछूत नहीं है। गुण-कर्म से श्रेष्ठ होना ठीक है, जन्म से



जुड़ी श्रेष्ठता ठीक नहीं। जो मुझे अच्छा नहीं लगता, वह व्यवहार दूसरों से नहीं करना। हम गाय, वृक्ष, पत्थर की पूजा करते हैं लेकिन मनुष्यों का सम्मान नहीं करते यह निकृष्ट आचरण है। उन्होंने कहा कि दहेज पर विचार करना पड़ेगा। फैमिली कोर्ट में मैट्रीमोनियल डिस्प्यूट बढ़ रहे हैं। सात फ़ेरे, सात जन्मों के लिए, सात दिनों के लिए नहीं टिक रहे। वैवाहिक जीवन पर दृष्टि बदलने की आवश्यकता। दहेज, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज पर विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को बाल्यकाल से धार्मिक एवं आध्यात्मिक बातों का प्रशिक्षण देना चाहिए। बाद में सिखाएंगे, यह सोचने से बहुत देर हो जाती है। घर के अच्छे संस्कार सिखाना पड़ेगा। जाति और भेदभाव घर में सिखाया जाता है। पारिवारिक सत्संग में धार्मिक एवं राष्ट्रीय विषयों की चर्चा करना चाहिए। विहिप के महामंत्री संगठन ने कहा कि अगला युद्ध पानी के लिए होगा। बारह महीने बहने वाली नदियां कम है नर्मदा के दक्षिण में।

उत्तर भारत में अधिक नदियां हैं वर्ष भर बहने वाली। ब्रश करते समय, मुंह धोते समय नल खुला रखते हैं। कपड़ा धोने में पानी का बचाव। वर्षा जल संरक्षण। मंच पर छोटे बोतल रखना। आधा ग्लास पानी देना। उन्होंने कहा कि हम कार्बनडाय ऑक्साइड छोड़ते हैं, वृक्ष ऑक्सीजन छोड़ते हैं। वृक्ष लगाने का अभियान चलाना है। वृक्ष लगाना और टिकाना जरूरी काम है।

## स्वामित्व योजना में वाराणसी के 3872 व्यक्तियों को मिला घरौनी,ले सकेंगे बैंक से लोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजनांतर्गत घरौनी (प्रॉपर्टी कार्ड) का डिजिटल वितरण किया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वारणसी कमिश्नरी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिले के 3872 व्यक्तियों को घरौनी दिया गया। लाभार्थियों को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह,राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने घरौनी( प्रापर्टी कार्ड) प्रदान किया। इसके पहले दोनों मंत्रियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह,विधायक टी राम, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ सुनील पटेल आदि ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण देखा। अफसरों ने बताया कि घरौनी(प्रापर्टी कार्ड )से ग्रामीणों को

**प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण,मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने देखा कार्यक्रम**

उनकी आबादी भूमि का स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ है। घरौनी प्रॉपर्टी कार्ड के आधार पर लाभार्थी अपनी आबादी भूमि पर अब बैंकों से ऋण व अन्य वित्तीय लाभ उठा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने अतिथियों का स्वागत और आभार जताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विपिन कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

## बालक से अप्राकृतिक कुकर्म के दोषी को सात साल की सजा

सोनभद्र । साढ़े सात वर्ष पूर्व 13 साल के नाबालिग बालक के साथ हुए अप्राकृतिक कुकर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष) न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शनिवार को सुनवाई की। कोर्ट ने आरोपित को दोषसिद्ध ठहराते हुए दोषी मनोज को सात वर्ष की सजा सुनाई है। उस पर 22 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक, ओबरा थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी निवासी पीड़ित की मां ने पांच अगस्त 2017 को ओबरा थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि चार अगस्त 2017 को 12:15 बजे दोपहर में जब बाहर से काम करके घर आयी तो रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी मनोज हालपता ओबरा कॉलोनी उसके घर में घुसकर उसके 13 वर्षीय नाबालिग बेटे के साथ अप्राकृतिक कुकर्म कर रहा था। उसने यह देखकर शोरगुल किया तो आरोपित उसे गाली देते हुए उसे मारने पीटने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर कई लोग आ गए तो वह भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में अप्राकृतिक कुकर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, सात गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मनोज को सात वर्ष का कारावास एवं 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## सरकार भारत को विश्वगुरु एवं स्वर्णिम बनाने के लिए प्रतिबद्ध : लक्ष्मण आचार्य

महाकुम्भ नगर। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं और निर्देशों से ही स्वर्णिम भारत बनेगा, ब्रह्माकुमारी बहनों की तपस्या और परमपिता परमात्मा शिव बाबा की शिक्षाओं से प्रेरित होकर जो आध्यात्मिक परिवर्तन लोगों के जीवन में दिखाई देता है, उससे आने वाले भारत की छवि परिलक्षित होती है। केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार भी भारत को विश्वगुरु एवं स्वर्णिम भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बातें असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कही। राज्यपाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा के 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 7 स्थित ब्रह्माकुमारीज के पंडाल में ल्विश्व शांति दिवसल्ल के उपलक्ष्य में 'शांति और पवित्रता–स्वर्णिम भारत की नींव' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। ब्रह्मा कुमारीज की क्षेत्रीय संयोजिका मनोरमा दीदी ने बताया कि 18 जनवरी को ब्रह्माकुमारीज द्वारा विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्रों में सुबह से ही लोग मौन तपस्या करते हैं तथा अपने अंदर से कोई न कोई विकार को त्यागने की प्रतिज्ञा करते हैं। कार्यक्रम में कुमुद आचार्य पत्नी राज्यपाल, आशीष केसरवानी कोषाध्यक्ष भाजपा प्रयागराज मंडल, मीनाक्षी सुंदरम कमिश्नर राजभवन असम, स्मिता केसरवानी आदि उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारीज लखनऊ सेवा केंद्र की इंचार्ज राधा दीदी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मंच संचालन का कार्य ब्रह्माकुमारी नीता दीदी ने किया।

## मुक्त विश्वविद्यालय से करें कुम्भ का अध्ययन : प्रोफ़ेसर सत्यकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में अनंत माधव मार्ग सेक्टर 7 स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर में शनिवार को महाकुम्भ में दूरस्थ शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफ़ेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय महाकुम्भ क्षेत्र में कुंभ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को प्रवेश दिलाने के लिए प्रचार अभियान शुरू करेगा। उन्होंने इसकी शुरुआत मेला शिविर कार्यालय से ही प्रारम्भ किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। जिसके अंतर्गत ऑन द स्पॉट प्रवेश लेने वालों में समारोह के विशिष्ट अतिथि दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के पूर्व निदेशक एस सी मिश्र पहले विद्यार्थी बने। शिविर में ही ऑन द स्पॉट 100 से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण के लिए अपना नाम दर्ज कराया। जिनमें विश्वविद्यालय की प्रथम महिला सीमा सत्यकाम तथा विश्वविद्यालय के




चिकित्सक परामर्शदाता डॉ शशि कुमार शर्मा प्रमुख रहे।

कुलपति ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में पहली बार कुंभ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। जिसमें महाकुम्भ से सम्बंधित सभी जानकारियां समाहित की गई हैं। महाकुम्भ आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को इसमें प्रवेश लेना चाहिए जिससे उन्हें कुम्भ के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया का ध्यान प्रयागराज के महाकुम्भ पर लगा है। अतः ऐसे में मुक्त विवि ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए उन सभी के लिए 6 महीने का यह प्रमाण पत्र कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। जिसमें कुम्भ के आयोजन से लेकर सभी तथ्यों को समाहित गया है। इसका अध्ययन पूर्ण करने के बाद विश्वविद्यालय की तरफ से उन्हें एक विशिष्ट प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया को निर्देशित किया कि इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम से सम्बंधित जानकारी महाकुम्भ में सभी सेक्टर में श्रद्धालुओं को कुंभ गाइड के माध्यम से पम्पलेट वितरित करवा कर दी जाए। कुलपति ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य सहायता शिविर लगाकर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सेवा कार्य में तत्पर रहेगा।

विशिष्ट अतिथि दूरदर्शन मुख्यालय प्रसार भारती में पूर्व अपर महानिदेशक लीगल एस सी मिश्रा ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा की प्रासंगिकता तभी पूरी होगी जब यह हर व्यक्ति को प्राप्त हो। जिन्हें नियमित शिक्षा ग्रहण करने का अवसर नहीं मिल पाता उनके लिए दूरस्थ शिक्षा एक वरदान है। मुक्त विवि को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए और जो उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहता है उन तक दूरस्थ शिक्षा अवश्य पहुंचानी चाहिए। महाकुम्भ क्षेत्र में स्थित इस तरह के जागरूकता शिविर यह कार्य बहुत आसानी से कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्रो विनोद कुमार गुप्ता, प्रो सत्यपाल तिवारी, प्रो पी के पांडेय, प्रो मीरा पाल तथा डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने विचार व्यक्त किये। संचालन एवं अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

# इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो, 23 जनवरी को होगा शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, ओडीओपी उत्तर प्रदेश और इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। यह पांच दिवसीय भव्य आयोजन 23 से 27 जनवरी 2025 तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। यूपीआईटीईएक्स उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को भी बढ़ावा देगा। राजेश निगम, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और प्रेसीडेंट टेक्निकल, करम ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स 2025 न केवल उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थान दिलाएगा, बल्कि यह राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। विवेक अग्रवाल, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और डायरेक्टर अधाता ग्लोबल लिमिटेड ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स 2025 प्लाईवुड उद्योग के लिए निर्माताओं और व्यापारियों के लिए एक बड़ा मौका है। यह उत्तर प्रदेश में प्लाईवुड क्षेत्र की संभावनाओं को जानने का एक बेहतरीन अवसर है।

# प्रेम प्रसंग के चलते भतीजे ने की थी मां-बेटी की हत्या, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मां-बेटी की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते कुछ दिनों से महिला द्वारा फोन न उठाने पर हुई नाराजगी में आरोपित ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपित ने बेटी को इसलिए मार दिया कि कहीं वो उसका भेद न खोल दें। डीसीपी (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि मलिहाबाद के ईशापुर में रहने वाली गीता (28) और उसकी छह साल की पुत्री की हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को नजरनगर फ्लाईओवर पर ईशापुर निवासी अभियुक्त विकास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि गीता उसकी दूर के रिश्ते में चाची लगती थी। कोरोना काल के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गये। दो साल पहले वो कमाने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये खर्चाकर बीजा लगवाकर कमाने के लिए कुवैत गया था। गीता के जिद पर वह मात्र दो माह में ही घर आ गया। उस पर साढ़े तीन लाख का कर्ज था। उसे उतारने के लिए वह एक जगह काम करने लगा और जो भी पैसा कमाता आधे से ज्यादा गीता पर खर्चा करता था।

बीते कुछ दिनों से आपसी मनमुटाव के चलते गीता ने ?विकास से दूरी बना ली, जिससे वह परेशान रहने लगा। घटना वाले दिन विकास सबक सिखाने के लिए खंभे के सहारे गीता के घर में घुसा। किचन में पहुंचकर बर्तन खड़खड़ाने लगा तो गीता ने दरवाजा खोलकर देखा कि किचन में विकास मौजूद है। यहां आने का कारण पूछा तो विकास ने गीता से कहा कि वो उससे बात किया करे। अगर वो बात नहीं करेगी तो अपनी जान दे देगा। इस पर प्रेमिका ने कहा कि मरना है तो अपने घर जाकर मरो। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई और अपने साथ लाए डंडे से विकास ने गीता के सिर पर हमला कर दिया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी बेटी रोने लगी। उसने सोचा कि बेटी सबको बता देगी तो डंडे से उसके सिर पर भी प्रहार कर दिया। तब तक मारा जब तक उसकी मृत्यु नहीं हो गयी।

इसके बाद उसने चाकू से गीता और पुत्री की गला रेतकर हत्या के बाद जेवर लेकर भाग निकला। आरोपित ने अपना गुनाह स्वीकार लिया हैं। पुलिस ने मां–बेटी की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।

# डालीगंज पुल चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चला कर लोगों को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ डालीगंज। पुल चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीसीपी श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में किया गया, जबकि कार्यक्रम की प्रमुख भूमिका टीआई जमानत अब्बास और टीएसआई आसिफ अख्तर ने निभाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में छात्रों को यातायात नियमों के पालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि वे सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें और दुर्घटनाओं से बच सकें। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर आनंद जोशी भी मौजूद थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई और लोगों को उनके अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

# ट्रकों से तिरपाल काटकर माल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

❒ बंथरा वा सर्विलांस सेल दक्षिणी पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा । क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय सड़क के किनारे खड़े ट्रकों से तिरपाल काटकर उसका सामान चोरी करने वाले गिरोह को शनिवार को बंथरा पुलिस ने सर्विलांस सेल दक्षिणी के सहयोग से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 1/2 जनवरी की मध्य रात्रि में जुनाबगंज,मोहनलालगंज रोड पर व 3 जनवरी को ट्रांसपोर्ट नगर सरोजिनी नगर में खड़े ट्रक से फार्च्यून आयल चोरी होने की घटना के बाद पीड़ित राममिलन पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम बरुआ पो0 बिलौटा थाना कुरारा जिला हमीरपुर की सूचना के आधार पर बंथरा व सरोजनीनगर थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

जिसके बाद उपरोक्त घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें सर्विलांस सेल दक्षिणी को भी लगाया गया। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि इन टीमो ने टेक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर शनिवार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चार शातिर चोरों रुखसार अहमद पुत्र विरासत अली निवासी जी0टी0बी0 नगर ब्लाक-ए म0नं0 160 करैली थाना करैली जिला प्रयागराज उम्र करीब 51 वर्ष, नसीम अहमद पुत्र मो0 सलीम निवासी तरसुइया दहियावा थाना सोरांव जिला प्रयागराज उम्र करीब 58 वर्ष, अरुण कोटार्य (कोरी) पुत्र स्व0 जंगीलाल कोटार्य निवासी बेरेठिया थाना कौंधियारा जिला प्रयागराज उम्र करीब 32 वर्ष व सचिन चौरसिया पुत्र सुरेश चन्द्र चौरसिया निवासी अनोवी मंदिर थाना दारागंज जिला प्रयागराज उम्र करीब 32 वर्ष को स्थान कटिबगिया से 300 मीटर दूर हरौनी जाने वाले मार्ग गिरफ्तार कर लिया गया। चोरों के कब्जे से दो टीन फार्चुन कच्ची घानी सरसों का तेल, नकद 1,15,500 रुपये व घटना मे प्रयुक्त एक डीसीएम वाहन सं0 ठघ्71द्ब3366 बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि ये लोग चोरी किये गये खाद्य तेल को अपने अन्य साथी सचिन चौरसिया व तपन कुमार केसरवानी को कम दामो पर बेच देते थे पुलिस ने बताया है कि फरार अभियुक्त तपस केसरवानी की तलाश की जा रही है, शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्तों को जांच पड़ताल व आवश्यक विधिक कार्रवाही के बाद न्यायालय भेज दिया गया।

## लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम क्रिकेट मैच खेलने के लिए नेपाल रवाना, आनंद सागर करेंगे कप्तानी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने के लिए नेपाल रवाना हुई है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट (टी–20 जय नेपाल कप) त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू, नेपाल में 20 जनवरी से 28 जनवरी तक काठमांडू , नेपाल में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम किसी दूसरे देश में खेलने जा रही है । इस टीम की कप्तानी आनंद सागर कर रहे हैं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत, नेपाल, बांग्लादेश और यूनाइटेड अरब अमीरात की विभिन्न विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को रवाना होने से पहले क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने कुलपति आलोक कुमार राय का परांजपे पवेलियन ग्राउंड में स्वागत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि आज तक लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कोई टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलेगी। यह सब कुलपति के कुशल नेतृत्व और प्रेरणा से संभव हो पाया है । विश्विद्यालय टीम को रवाना करने के लिए भारी संख्या में छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमें क्रमशः क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन डॉ. आर. बी. सिंह , क्रिकेट प्रेसिडेंट डॉ. एस. ए. अल्वी, प्रो. मनुका खन्ना प्रति कुलपति, प्रो. राकेश द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट की 17 सदस्यीय टीम के साथ मुख्य कोच उबैद कमाल एवं सहायक कोच शोएब कमाल तथा मैनेजर डॉ अरुण कुमार हैं। टीम के कप्तान आनन्द सागर है। कुलपति ने क्रिकेट टीम को भारत का झंडा एवं क्रीड़ा परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय का झंडा देकर रवाना किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के मार्शल प्रोफ़ेसर राकेश द्विवेदी ने कुलपति आलोक राय को लखनऊ विश्वविद्यालय के कीड़ा परिषद की कैप भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय अपना पहला मैच दिल्ली विश्वविद्यालय से 23 जनवरी को खेलेगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 जनवरी को त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू नेपाल के मुख्य ग्राउंड पर होगा। 17 सदस्य दल में निम्नलिखित खिलाड़ी शामिल हैं–आनंद सागर कैप्टन, मनोज कांडपाल, आदित्य प्रताप सिंह, अमृत सिंह ,अर्जुन रायज्यादा, ओंकार सिंह ,अंश रावत, सैयद मोहम्मद मेहंदी, आशीष यादव, अभिषेक सोनी, यशवर्धन सिंह अभिषेक प्रकाश, सैयद मोहम्मद रिजवी, हर्षवर्धन प्रताप सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित एवं राहुल दास हैं।


## खनऊ में युवाओं को खूब भाये खादी के परिधान, जमकर हुई खरीदारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक सप्ताह तक चले खादी महोत्सव ने विभिन्न वर्गों के लोगों को आकर्षित किया। विशेषकर युवा वर्ग में खादी के उत्पादों के प्रति उत्साह बढ़ाया। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड उत्तर प्रदेश की ओर से कहा गया कि लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव–2025 में 2.54 करोड़ रुपये से अधिक की खादी और अन्य वस्तुओं की बिक्री हुई। इस महोत्सव का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना था, जिसमें उत्तर प्रदेश के साथ–साथ अन्य राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। आधुनिक तकनीकों से निर्मित खादी के परिधान युवा पीढ़ी को खूब भाया। यहां प्रदर्शित उत्पादों में सूती, ऊनी, पोली रेशम के वस्त्र, लकड़ी और मिट्टी से बने खिलौने और बर्तन, पंलगपोस, चादरें, और कोट–सदरी जैसे विविध आइटम्स शामिल थे। इसके अलावा, उद्यमियों को उनके उत्पादों को व्यापक बाजार में पहुंचाने के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग की सुविधा भी दी गई।इस महोत्सव ने स्थानीय उद्यमियों को साहस और प्रेरणा दी है, जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल स्थापित करते हैं। युवा पीढ़ी को आधुनिक तकनीकों से निर्मित खादी के उत्पादों का प्रति उत्साह और रुचि बढ़ाने में इस महोत्सव का बड़ा हाथ है। इस रूप में, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल खादी के उत्पादन में वृद्धि कर रहा है, बल्कि उद्यमियों को बढ़ते भारतीय व्यापार के नए आयाम स्थापित करने में भी मदद मिल रही है।उल्लेखनीय है कि बीते साढ़े सात वर्षों में प्रदेश के लोगों में त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्थानीय उत्पाद न केवल स्थानीय कलाकारों को रोजगार दे रहे हैं, बल्कि भारत के विकास में भी योगदान भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि खादी महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है।

खादी महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग तेजी से बढ़ रही है। खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक को किया गया प्रताड़ित, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। क्षेत्र में एक युवक को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाना महंगा पड़ गया शुक्र है कि किसी प्रकार उसकी जान बच गई। आरोप है कि केंद्र द्वारा चिढ़न के कारण मरीज को जान से भी मारने की कोशिश की गई। आरोपी अंकिता शर्मा के अनुसार उन्होंने 5 जनवरी को अपने पति विकास यादव को जीवन ज्योति नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया था इसके बाद शुक्रवार 17 जनवरी को हम परिवार वालों को सूचित किया गया कि आपके मरीज की तबीयत सही नहीं है और पैसे की मांग की गई जबकि हमने मरीज भर्ती के समय ?25000 जमा किए थे फिर भी ?20000 और मांगे गए जब हम केंद्र पहुंचे तो ?17000 लेने के बाद मरीज से मिलवाया गया,इसके बाद हमें मरीज की प्रताड़ना की जानकारी हुई।

आरोप है कि मरीज विकास यादव अपने साथ घटित हो रही हर घटना व केंद्र बंधन की हर कुव्यवस्था की जानकारी देता था परंतु संचालकों द्वारा परिवार वालों को कोई भी जानकारी नहीं दी गई। 13 जनवरी को मरीज के द्वारा परिवार वालों से बात करने और घर वापस जाने की बात की गई तो प्रबंधक द्वारा झूठ बोला गया कि आपके परिवार को जानकारी दे दी गई है जबकि जानकारी नहीं दी गई प्रबंधक ने बोला कि एक-दो दिन में आपके घर वापस भेज देंगे 15 जनवरी को जब मरीज ने फिर प्रबंधक से बात की तो उन्होंने बोला कि आज भेज देंगे फिर भी नहीं भेजा और बताया गया कि 16 जनवरी को भेजेंगे आप अपना सामान पैक कर लीजिए।

मरीज अगले दिन 10-11 बजे तैयार होकर बैठ गया परंतु सिर्फ उससे बोला गया था कि तुम्हारे घर वाले लेने आ रहे हैं। वह लगभग 2 बजे जब सामान लेकर बाहर आने लगा तो वहां के अज्ञात लोगों जिनमें एक शिवम एवं एक आर के है उन्होंने विकास को धकेला और बाहर से गेट बंद कर दिया फिर कुछ लोग अंदर के ही कर्मचारी नशे में धुत होकर विकास के साथ हाथ पैर बांधकर मारपीट करके अधमरा कर दिया। आठ दस लोगों के द्वारा मारपीट करने की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। उन्होंने मारपीट में लाठी डंडों व धारदार हथियारों का भी प्रयोग किया। नशा मुक्ति केंद्र द्वारा पीड़ित की प्रताड़ना का आरोप आश्चर्यचकित करने वाला है। फिलहाल सरोजिनी नगर पुलिस ने आरोपी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपनी कार्रवाई शुरू की है।

# बबैया में चल रही कथा में धूमधाम से निकाली गई शिव बारात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम,लखनऊ। क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाह मोहम्मदपुर अपैया (बबैया) में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने श्रीनारायण का ध्यान कर कथा की शुरुआत की । श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक ने नारद, इंद्र, राजा भस्मासुर, मोहिनी और ऋषि मुनियों की झांकी तैयार कर शिव विवाह कथा का विस्तृत वर्णन किया। जिसको देखकर पंडाल में कथा का श्रवण कर रहे निगोहा के लालपुर से आये भक्तगण नवीन मिश्रा , आलोक मिश्रा, मनोज मिश्रा और मिन्टू बाजपेई समेत महिला, पुरुषों और बच्चों ने खूब तालियां बजाई और झूमने लगे । कथावाचक कृष्णानंद जी महाराज ने शिव चरित्र के माध्यम से भक्तों को बताया कि कथा सुनने से जीवन की व्यथा दूर होती है और जो कथा नहीं सुनते हैं उनके जीवन की व्यथा बढ़ जाती है। जैसे सती माता शिव जी से अमरनाथ गुफा में कथा सुनने गई पर कथा नहीं सुना, जिससे उनके जीवन की व्यथा बढ़ गई। जिससे 87000 वर्षों तक उन्हें दुख उठाना पड़ा था। शिव जी का विवाह बड़े धूमधाम के साथ कराया गया शिव बारात निकाली गई । जिसमें शिव जी के चरित्र को सुनकर सभी भक्त झूम उठे। महाराज जी ने बताया की शिव जी का चरित्र बड़ा सुंदर है और कैलाश पर्वत के जीव जंतु भी बहुत सुंदर हैं। एक दूसरे के शत्रु होकर भी वहां आपस में प्रेम से रहते हैं। पर्वत पर रहने वाले जीव जंतुओं से ही हमें ज्ञान लेना चाहिए। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा वाचक ने सुंदर झाकियों से सजी शिव जी की बारात जब पांडाल में पहुंची तो भक्त गण नवीन मिश्रा व लवकुश ने खूब टाफी और बिस्किट लुटाए और सभी भक्तों के साथ झूमने पर मजबूर हो गए।

## विदेशी पर्यटकों के स्वागत में प्रथम स्थान प्राप्त करना चाहता है यूपी पर्यटन विभाग : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** महाकुम्भ–2025 में विदेशी पर्यटकों के स्वागत में पर्यटन विभाग पूरी तरह से तैयार है। इस संबंध में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुम्भ में विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रयागराज रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों, महाकुंभ क्षेत्र में परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, अरैल चौराहे जैसे प्रमुख स्थानों पर पर्यटन सूचना केंद्र बनाये गये हैं। पर्यटन विभाग इस वक्त घरेलू पर्यटन में नम्बर वन है, विदेशी पर्यटकों के स्वागत के मामले में पर्यटन विभाग सर्वोत्तम व्यवस्था कर प्रथम स्थान प्राप्त करना चाहता है। देश विदेश से आने पर्यटकों के लिए महाकुम्भ में डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल की स्थापना के बारे में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया। पर्यटन ?मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में देश–दुनिया से आने वाले पर्यटकों को राज्य में व्याप्त पर्यटन स्थलों से परिचित कराने को डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल में लगाई गई है। प्रदर्शनी पंडाल में एनामार्फिक डिजिटल वॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित किया गया है। पर्यटकों को महाकुम्भ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पर्यटन गन्तव्यों को बताया जा रहा है, जिससे पर्यटक वहां भ्रमण कर सके।

# दुबग्गा मछली मंडी में व्यापारियों और मजदूरों की समस्याओं पर उठे गंभीर सवाल: प्रशासन पर गहरी निराशा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा मछली मंडी में व्यापारियों और मजदूरों की समस्याओं का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे मंडी का कामकाजी माहौल बिगड़ता जा रहा है। यहां के व्यापारी और मजदूर, दोनों ही प्रशासन की उदासीनता को लेकर गहरी निराशा महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी में बाहर से आने वाले व्यापारियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिसके कारण उनका माल बारिश में भीग जाता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होता है। उनका कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मजदूरों की कठिनाई: ठंड में काम करने को मजबूर

मंडी में काम करने वाले मजदूरों को शीतलहर और घने कोहरे के बीच सुबह 4 बजे से काम करना पड़ता है, जिस कारण उन्हें ठंड का सामना करना पड़ता है।

### मंडी की सफाई और स्वास्थ्य समस्याएं



मंडी की सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है, जिसके कारण कार्यस्थल पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। जगह–जगह गंदगी फैली रहती है और बाथरूम तथा शौचालयों की हालत बेहद ख़राब है। इससे न केवल व्यापारियों और मजदूरों को परेशानी हो रही है, बल्कि इसके कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। इस सब के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

### प्रशासन की उदासीनता और समस्याओं का समाधान

इन गंभीर समस्याओं के बावजूद, प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। व्यापारी और मजदूर दोनों ही प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वे चाहते हैं कि प्रशासन मछली मंडी में बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करे, ताकि उनके कामकाजी जीवन को बेहतर बनाया जा सके और मंडी का संचालन सुचारु रूप से जारी रहे।

### निष्कर्ष: प्रशासन की तत्काल कार्रवाई जरूरी

इन समस्याओं को देखते हुए यह अत्यंत जरूरी है कि प्रशासन शीघ्र हस्तक्षेप करे और मछली मंडी में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराए। व्यापारियों और मजदूरों की परेशानियों का समाधान कर उन्हें एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी कार्य प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के सुचारु रूप से चला सकें। इस दिशा में प्रशासन की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से ही मंडी की वर्तमान स्थिति में सुधार हो सकता है।

ठिठुरती ठंड में काम करने से उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, मजदूरों का कहना है कि संबंधित विभाग और जिला प्रशासन की आंखें बंद हैं, क्योंकि न तो अलाव के लिए लकड़ी मुहैया कराई जाती है और न ही ठंड से राहत के लिए कोई ठोस उपाय किए जाते हैं। यह स्थिति मजदूरों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। मजदूरों का आरोप है कि विभाग से जो पैसे अलाव और लकड़ी के लिए आते हैं, उनका सही इस्तेमाल नहीं किया जाता। मजदूरों को अपनी जेब से लकड़ी खरीदनी पड़ती है और फिर उसी आग को प्रशासन के कर्मचारी विभाग की ओर से जलाए जाने का दावा करते हैं।

विभागीय अधिकारी यह दावा करते हैं कि उनके द्वारा दिए गए पैसों से आग जलाई गई है, जबकि असल में यह मजदूरों की मेहनत का पैसा होता है। इस घोटाले के कारण प्रशासन और कर्मचारी दोनों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने किया उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय भूषण रामकृष्ण गवई ने लखनऊ में गोमती नगर विस्तार स्थित उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पहुंचें न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कार्यालय के शिलापट्ट का अनावरण कर फीता काटा और प्रांगण में एक पौधा लगाकर कार्य आरम्भ कराया। कार्यक्रम के दौरान माननीय न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने विधिक सेवा प्राधिकरण की उपलब्धियों को साझा कर लोक अदालतों के माध्यम से वादों के निस्तारण में की गई प्रगति पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने बंदियों के मानवाधिकार और उनके पुनर्वास पर जोर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने ''अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी'' की भूमिका और बाल अपराधियों को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के आखिर में न्यायमूर्ति गवई ने राज्य प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए सुदृढ़ता को और बढ़ाने को कहा। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, नवनियुक्त सिविल जज, समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, कानूनी सहायता के अधिवक्ता, पराविधिक स्वयंसेवक, और विभिन्न लॉ कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शिखा श्रीवास्तव और निशांत देव ने किया। न्यायमूर्ति ए.आर.मसूदी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र सीतापुर, राष्ट्रीय सेवा योजना सेक्रेड हार्ड डिग्री कॉलेज एवं आर0एम0पी0 व कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यालय नेहरू युवा केंद्र सीतापुर में किया गया, जिसके अंतर्गत जागरूकता पोस्टर्स का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्रीमती रोशनी पटवा ने उपस्थित युवाओं को आगामी 23 जनवरी 2025 यानी एक सप्ताह तक शहर के मुख्य स्थानों पर निरन्तर सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन के बीच जागरूकता के लिये प्रेरित किया व सभी को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित यातयात पुलिस से टी एस आई




श्री प्रेम चंद्र व ने कहा कि जनपद सीतापुर गौरवशाली जनपद है और हम सब को सामूहिक प्रयास से जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाना हैं, हम पंच मंत्र का उपयोग करके सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं जिसमें हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने के साथ साथ ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग बिल्कुल न करें और नशा करके वाहन न चलाएं साथ ही ओवर स्पीड में वाहन बिल्कुल न चलाएं और अच्छा मददगार बनने के लिये भी युवाओं को प्रेरित किया। यातायात विभाग से श्री ऋषभ जी ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज का सबसे गंभीर विषय है, हम छोटी-छोटी सावधानी बरत कर बड़ी दूर्घटनाओं को टाल सकते हैं। सड़क सुरक्षा के मांनको को हम अपनी आदत बनाएं। एन व एस व एस व कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शशि कला जी की उपस्थिति में यातायात के नियमों का पालन हेतु कार्यालय यातायात पर पीपीटी के माध्यम से सभी को विसुअल प्रशीक्षण टी0 एस0आई0 व श्री प्रेम चंद्र द्वारा दिया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गोमती शर्मा, योगेश यादव, नूर आलम, अलाउदीन, अमरेंद्र चौहान कवि इत्यादि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 650 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई

❑ डबल इंजन की सरकार से प्रदेश का हो रहा चौमुखी विकास'' राकेश राठौर गुरु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। आज खैराबाद में ऑडिटोरियम में जनपद के 650 लाभार्थियों को घरौनी नगर विकास मंत्री राकेश राठौर कारागार मंत्री रमेश राही तथा महोली विधायक शशांक त्रिवेदी जिला अधिकारी अभिषेक आनंद आदि के द्वारा क्रमवार वितरित की गई कार्यक्रम की शुरुआत रमेश राही राकेश राठौर गुरु तथा शशांक त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई कार्यक्रम में बोलते हुए विकास नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि प्रदेश में चौमुखी विकास की लहर दिखाई दे रही है इसकी वजह डबल इंजन की सरकार है



कारागार मंत्री रमेश राही ने कहा कि योगी तथा मोदी की जोड़ी ने प्रदेश तथा देश के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ी है वह दिन दूर नहीं जब भारत की गिनती विकसित देशो की श्रेणी में की जाएगी। कार्यक्रम को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी सहित लोगों ने संबोधित किया इस अवसर पर 650 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधित्व मुनीम अवस्थी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एसडीएम सीतापुर सहित प्रशासनिक अधिकारी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

# लूट-पाट मामले में मुख्य आरोपी पलिया पुलिस की गिरफ्त में



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलां-खीरी। बीते दिनों चीनी मिल परिसर में गन्ना तुलवाने गये युवक से मामूली बात पर मारपीट करने व मोबाइल आदि लूटने के मामले में कोतवाली पलिया पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 13/2025 धारा 191(2), 115(9), 309(4),317(2) अंतर्गत बीएमएस दर्ज करते हुये आरोपी कैफ आलम पुत्र आबिद खां निवासी बड़ागांव कोतवाली पलिया के पास से लुटे गये मोबाइल को बरामद करते हुये न्यायालय भेजा गया। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी को हुये इस घटनाक्रम में लम्बी हीला हवाली करते हुये अंततः पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशों के बाद क्षेत्राधिकारी पलिया द्वारा पीड़ित के बयान दर्ज करवाने के उपरांत निष्पक्ष न्यायिक कार्यवाही के आदेश दिये जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जानकारी के पकड़े गये आरोपी के अन्य साथियों की तलाश जारी है जिन पर एक सिख फार्मर की पगड़ी लूटने का भी गम्भीर आरोप है।

# तंबौर बना स्वास्थ्य विभाग का काला बाजार जिंदगियों से किया जा रहा खिलवाड़ जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तंबौर सीतापुर। के कस्बा तंबौर में एक दर्जन से ज्यादा अवैध रूप बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल, नर्सिंग होम, पॉलीक्लीनिक, पैथोलॉजी, मेडिकलस्टोर संचालित हो रहे है इनमे से एक दो नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन तो लेकिन मानक को दरकिनार रखते हुए अप्रशिक्षित चोला छाप,से डिलेवरी से एबॉर्शन तक अनट्रेंड लड़कियों से करवाया जाता है विशेष रूप से देखा जाए अनट्रेंड लड़कियों को नर्सिंग होम में इस लिए संचालकों द्वारा रखा जाता अगर कोई ख़बर कवरेज़ करने पत्रकार या समाज सेवी जाए तो उसपर उलटे सीधे इल्जाम लगाएं जा सके विशेष तौर पर देखा जाए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर के ठीक सामने संचालित शमा नर्सिंग होम है जिसके संचालक ज़ुबैर अली है जो खुद कक्षा आठ पास है जिसके यह कहने को तो ए एन एम जी एन एम बी बी एस ड्राकटरों लिस्ट तो है उनके रजिस्ट्रेशन भी है लेकिन डॉ0 एक भी नहीं लिस्ट के अनुसार डॉ सलमान खान एम बी बी एस फुल टाइम ड्यूटी पर डॉ फ़हमीना कादर एम बी बी एस पार्ट टाइम शोभा रानी जी एन एम फूल टाइम , पिंकी देवी ए एन एम फूल टाइम ये सब डॉ कहने को लिस्ट अनुसार कागज़ पर चौबीस घंटे उपलब्ध रहते है लेकिन हकीकत में एक भी नहीं सूत्रों की माने तो इसका नतीजा यह महीने एक दो जच्चा बच्चा की जान चली जाती कारण अप्रशिक्षित झोला छाप अप्रशिक्षित ताई से ऑपरेशन इसकी हकीकत जानने जब मीडिया कर्मी पहुंचते है तो मौके पर कोई डॉ, नर्श नहीं मिलते लेकिन अपनी पत्नी का इलाज़ करा रहे राजा राम दुबियनपुरवा निवासी से जब मीडिया कर्मी द्वारा पूछ तांच कि गई तो बताया कि मेरी पत्नी गर्भ से थी जिसे ब्लीडिंग हो रही थी जिसको देखने आया था यहाँ संचालक ज़ुबैर अली अनीता चौहान द्वारा बताया गया आपकी पत्नी का एबॉर्शन करना पड़ेगा तभी इनकी जान बच सकती है मैने बहुत कहा मुझे मेरी पत्नी भी ठीक कर दो बच्चे को भी बचा लो लेकिन डॉ साहब ने एबॉर्शन कर दिया इसी संबन्ध पीड़ित की बाइट लेते समय अनीता चौहान तथाकथित नर्श द्वारा मीडिया कर्मी से अभद्रता करते हुए उसका मोबाइल चीन किया यह आरोप लगाते हुए तुम अभी हमको जानते नहीं हो तंबौर सैकड़ों अवैध अस्पताल चल रहे कोई कुछ नहीं कर सकता आखिर किसके सय से दर्जनों अवैध अस्पताल तंबौर में चल रहे कौन इनका संरक्षण कर रहा है क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय रजिस्ट्रेशन देने के बाद कभी इन नर्सिंग होम, अस्पतालों का मानक देखने आते है या यू ही रजिस्ट्रेशन दे देते है ये तो जांच का विषय है अब देखना ये मौतों सिलसिला यूं ही चलता है ये बन्द होता ये वक्त बताएगा

## कांग्रेस सांसद पर दुष्कर्म का अभियोग हुआ पंजीकृत पीड़िता ने लगाए गम्भीर आरोप

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ है। जिले की स्वजातीय महिला ने राकेश राठौर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इसके साथ ही महिला ने पुलिस को कांग्रेस सांसद के खिलाफ साक्ष्य भी सौंपे। थाना पुलिस ने सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित महिला ने 15 जनवरी को एसपी से मिलकर मामले की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पिछले चार सालों से उसका शारीरिक शोषण कर रहे थे। शिकायत न करने की धमकी भी दे रहे थे।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ अपराध संख्या 16/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सांसद का मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को मिली घरौनी! गोला विधायक ने किया वितरण, कहा- विकसित भारत की ओर बढ़ता कदम

**गोला गोकर्णनाथ खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री भू-स्वमित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों व शहरों में गृहस्वामी को डिजिटल इंडिया के साथ देखते हुए भूमि सम्बन्धित सभी रिकार्ड ऑनलाइन उपलब्ध कराने के निर्णय के साथ गोला विधायक अमन गिरी द्वारा तहसील सभागार में घरौनियों का वितरण किया गया जिसमे सैकड़ों भू स्वामियों को डिजिटल घरौनी बांटने का शुभारंभ किया गया गोला विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन विवादों में कमी आयेगी वही मोदी सरकार व योगी सरकार में विकसित भारत भारत का कदम है इस आयोजन में एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार, कुम्भी ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा,पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह सहित राजस्व निरीक्षक व समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

## सड़क किनारे खड़े पेड़ में लगी आग फायर बिग्रेड की टीम ने पाया आग पर काबू

**इटावा /जसवंतनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सराय भूपत कटेखेड़ा विजडम एकेडमी स्कूल के पास सड़क किनारे सूखे खड़े शीशम के पेड़ में अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई,जिस पेड़ में आग लगी थी उस पेड़ के ऊपर से ग्यारह हजार की बिजली की लाइन भी निकली थी। किसी बड़ी अनहोनी की आशंका के चलते ग्रामीणों ने तुरंत ही बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। बिजली विभाग ने तुरंत ही लाइन बंद कर दी वही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने शीशम के पेड़ में लगी आग बुझाकर आग पर काबू पाया,और बड़ा हादसा होने से रोका।इस दौरान रोहित शुक्ला ,सौरभ जाटव ,आमीन भाई आदि ग्रामीण ने भी आग बुझाने में मदद की।

## पेनाल्टी शूट आउट में कुशीनगर क्लब विजयी

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाजिलनगर विकासखंड के ग्राम सभा रुदवलिया के बटलोहिया में पूर्वान्चल फुटबॉल क्लब की तरफ से आयेजित चार दिवसीय एकता कप फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले कुशीनगर फुटबॉल क्लब ने स्पॉटिंग क्लब गोपालपुर मोतीललहा को हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया।शनिवार की दोपहर को खेले गए उद्घाटन मुकाबले में निर्धारित 90 मिनट के समय में कुशीनगर क्लब औरस्पॉटिंग क्लब गोपालपुर मोतीललहा के खिलाड़ियों ने ग्राउंड पर खूब दौड़ लगाई लेकिन निर्धारित समय में दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्णायकों ने तब दस मिनट का अतिरिक्त समय दिया बावजूद दोनों टीमों में हार जीत का फैसला नहीं हो सका। इसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में कुशीनगर क्लब ने 4-2 से गोपालपुर मोतीललहा को हराकर कर मैच जीत लिया।इसके पूर्व मैच का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हसमुद्दीन अंसारी ने फीता बाल को किक मारकर किया। उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के प्रतियोगिताओं की अत्यंत आवश्यकता है।ऐसे प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है और ये खिलाड़ी अपने खेल कला के माध्यम से ग्रामीण स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय करते हैं। मैच में निर्णायक की भूमिका पंकज यादव,अजय यादव ने निभाई।आयोजक बिंदु यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।इस दौरान संतोष यदुवंशी,राजेश सिंह,छोटेलाल मिश्रा,जितेंद्र गिरी,सीताराम यादव,विश्वनाथ भगत,मुन्ना भगत,अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## एसएमएएम योजनान्तर्गत 74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से यन्त्रों का हुआ चयन

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप कृषि निदेशक बहराइच शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइनजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि एसएमएएम योजनान्तर्गत 74 लक्ष्य के सापेक्ष 122 कृषकों द्वारा बुकिंग किये गये कृषि यन्त्रो के अन्तर्गत 74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न यन्त्रों का चयन किया गया। सीडीओ मुकेश चन्द्र ने चयनित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अतिशीघ्र कृषि यन्त्र का क्रय कर पारदर्शी पोर्टल पर बिल सत्यापन हेतु अपलोड करना सुनिश्चित करे जिससे कृषि विभाग द्वारा अनुदान आपके खाते में पीएफएमएस के माध्यम से प्रेषित किया जा सके। विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित ई लॉटरी में बलहा के राम चन्द्र सोनकर, फखरपुर के फिरदोश, महसी के श्रीमती पूनम देवी को कस्टम हायरिंग सेन्टर, हुजूरपुर के सरदार सिंह का लेजर लैण्ड लेवलर, जरवल के राम तेज को पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर, तेजवापुर के उत्कर्ष, शिवपुर के छत्रपाल, नवाबगंज के राम शंकर का चयन रोटावेटर कृषि यन्त्र में हुआ। उप कृषि निदेशक बहराइच ने चयनित किसानों को अविलम्ब कृषि यन्त्रों का क्रय कर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा, जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर समिति के सदस्य जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के प्रतिनिधि डा0 अरुण कुमार राजभर, प्रगतिशील कृषक श्री राम प्रवेश मौर्या, श्री लालता प्रसाद गुप्ता, श्रीमती माया देवी सहित समस्त अधिकारी/पदाधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## स्टेट जीएसटी द्वारा की जा रही निगरानी के विरोध में व्यापारियों का सड़कों पर प्रदर्शन

**कानपुर।** लोहा और पान मसाला फैक्ट्रियों पर स्टेट जीएसटी विभाग की ओर से की जा रही निगरानी के विरोध में शनिवार को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के बैनर तले घण्टाघर स्थित भारत माता प्रतिमा के समीप सैकड़ों व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले किये जा रहे इस प्रदर्शन के दौरान व्यापारी आने हाथों में व्यापारी एकता जिंदाबाद, व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करो जैसे स्लोगन लिखी हुई तख्तियां हाथों में लेकर नारेबाजी करते रहे। वहीं व्यापारी नेता ज्ञानेश शुक्ला ने कहा कि स्टेट जीएसटी की ओर से पान मसाला फैक्ट्रियों की निगरानी की जा रही है। इस वजह से अब फैक्ट्री मालिक अपना प्लांट हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने को मजबूर है। यदि फैक्ट्रियों ने पलायन करना शुरू कर दिया तो पान मसाला व्यापार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों परिवारों की आय कमजोर हो जाएगी। यदि फैक्ट्रियां पलायन करना शुरू कर देंगी तो इनसे जुड़े व्यापारियों और मजदूरों का क्या होगा। कुछ यही हाल लोहा व्यापारियों का भी है जो जीएसटी से काफी परेशान है। आज के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित, अनुज गुप्ता, सुरेंद्र भसीन, अमित बाजपेयी, पप्पू पांडेय, इखलाख मिर्ज़ा आदि लोग मौजूद रहे।

# टूटते रिश्तों को जोड रही परामर्श की डोर! सुलझा विवाद,14 जोड़ों ने फिर थामा एक-दूजे का हाथ

❑ परिवार परामर्श केंद्र ने 14 रिश्तों को टूटने से बचाया! आपसी मन मुटाव से खराब हो रहा था रिश्ता, समझा-बुझाकर पति-पत्नी को साथ रहने के लिए किया राजी!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। छोटी सी बात बिगड़ जाए तो रिश्ते भी टूट जाते हैं, समय रहते रिश्तों में आई दरार को पाटा नहीं गया, तो हसंता खेलता परिवार बिखर जाता है। जरा सी न नसमझी और स्वाभिमान की जिद में करीबी रिश्ते झुलस रहे हैं। कुछ न्याय की आस में अदालत में हैं, तो वही कुछ मामले परिवार परामर्श केंद्र में सुलझाए जा रहे हैं। टूटते रिश्तों को जोड़ने के लिए परिवार परामर्श केंद्र में परामर्श की डोर अहम कड़ी बन रही है।इसी क्रम में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह के दिशा निर्देशन में कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों के सहयोग से 14 मामलों में सुलह समझौते से पति-पत्नी की विदाई कराई है। जानकारी मुताबिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में परामर्शदाता सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम अली जरवानी, श्रीमती नीति गुप्ता व मुख्य महिला आरक्षी रश्मि मिश्रा, महिला आरक्षी मेहा सिंह , मुद्रिका चौहान के सहयोग से प्रस्तुत घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी मे निवास के 27 मामलों में 14 मामलों में पति-पत्नी में विदाई कराई गई, जिसमे कुछ ऐसे मामले जो कई वर्षो से पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह के कुछ ऐसे मामले जिसमें परिवार के लोंगो के हस्तक्षेप कारण टूटने के कगार पर थे ऐसे परिवारिक विवादों मे परामर्शदाताओं के माध्यम से काउंलिग करा कर पक्षों मे मतभेद समाप्त कराया गया है, दोनों पक्षों की सहमति पर दोनों मे सुलह समझौता कराके विदाई कराई गयी है,विदा कराये गये जोड़ो को पुनः सुलह की प्रगति जानने के लिए एक सप्ताह के बाद बुलाया गया है जिन मामलों में सुलह नही हो पायी उन्हे भी सोचने के लिए समय देकर एक सप्ताह के बाद बुलाया गया है।

# घरौनी वितरण कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। आपको बताते चले तहसील लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरनपुर पांडे सराय में घरौनी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप तिवारी , ग्राम प्रधान आबिद अली व लेखपाल ओमप्रकाश ,प्रधान प्रति निधि इशरत अली , के द्वारा, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को अपने गांव में घरौनी का वितरण किया गया लेखपाल ओम प्रकाश व प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा ग्रामीणों को खुद घरौनी प्रमाण पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की और बताया कि घरौनी के जरिए ग्रामीणों को अपनी भूमि का मालिकाना हक मिल सकेगा ग्रामीण , अपनी भूमि पर श्रण लेकर कोई भी व्यवसाय कर सकेंगे कहा कि घरौनी के जरिए जमीन संबंधी छोटे-छोटे विवादों से भी निजात मिलेगी लोग सुखमय जीवन यापन कर सकेंगे बैंकिंग सेवाओं का मजबूती से लाभ मिल सकेगा ग्रामीणों की अपनी संपत्ति का एक मुख्य डाटा और रिकॉर्ड उनके पास रहेगा विवाद की स्थिति नहीं रहेगी और आपसी भाईचारे का भाव होगा वही प्रधान के द्वारा कहा गया कि जमीन का मालिकाना हक मिलना ग्रामीण जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात है यह सरकार कि महात्वाकांक्षी योजना है । इस मौके पर गांव के अन्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

# ग्रापए तहसील ईकाई हाटा की बैठक संपन्न,गुरुदत्त गिरी बने तहसील अध्यक्ष



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। हाटा स्थित श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई हाटा की बैठक संपन्न हुई, बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार पर चर्चा किया गया तथा तहसील व ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों का चयन किया गया जहां चुनाव अधिकारी महेंद्र पाण्डेय व मुकेश नाथ तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से गुरुदत्त गिरी को तहसील अध्यक्ष चुना । दिन शनिवार को आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील ईकाई हाटा की बैठक हुई जिसमें चुनाव अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय व मुकेश नाथ तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से गुरुदत्त गिरी को तहसील अध्यक्ष चुना गया। वहीं मंत्री रणजीत सिंह को चुना गया। तथा ब्लाक प्रभारी सुकरौली मनोज यादव व ब्लाक मोतीचक के लिए गौतम मुनि को चुना गया। ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने किया वहीं संचालन जिला महासचिव अमरनाथ पाण्डेय ने किया।सी क्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संगठन के आवश्यकता व स्थापना पर विस्तृत चर्चा के उपरांत कहां कि पत्रकारिता में ग्रामीण पत्रकारों की भी विषेश महत्ता होती कभी कभी ग्रामीण घटना ही राष्ट्रीय पटल पर आ जाती है ऐसे में ग्रामीण पत्रकारों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है पत्रकारों को आज की परिवेश में तमाम विडम्बनाओं के फलस्वरूप जनता की उम्मीद पर खरा उतरना होता है। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाण्डेय,मोहन पाण्डेय, महेन्द्र पाण्डेय,रामरेखा सिंह, विद्यासागर सिंह आदि ने भी संबोधित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अशोककुमार मिश्र फरेन्द्र पाण्डेय,वेदप्रकाश मिश्र, बृजेश शुक्ल , संजय तिवारी ,अशोक सिंह , गौतम मुनि ,नितेश पाण्डेय , श्रीराम कुशवाहा,संजय पाण्डेय, सुरेश चंद्र गांधी,शिकारीलाल सिंह,,विजय राय, सतेन्द्र पाण्डेय, अनूप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में व्यापारी रथ यात्रा में शामिल व्यापारियों का किया स्वागत

❑ 3 फरवरी को होगा पडरौना में प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन

❑ पूर्वांचल व्यापार मंडल की ओर से जनसंपर्क रथ यात्रा निकाल व्यापारियों को की जा रही है आमंत्रित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। पूर्वांचल व्यापार मंडल के तरफ से आगामी 3 फरवरी को आयोजित होने वाली प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन को लेकर पूर्वांचल व्यापार मंडल के द्वारा लगातार जनसंपर्क रथ यात्रा जारी है। व्यापारी जनंसपंर के रथ यात्रा गुरुवार को सुबह रविन्द्र नगर,जानकी नगर, शिवपुर, सेखवनिया, गुरवलिया, राजापाकड़, फाजिलनगर, तमकुहीरोड, तरयासुजान, सलेमगढ़, गौरीजगदीश होते हुए पडरौना वापस पहुंची। गुरवलिया गुरवलिया में देर शाम पहुंची व्यापारी जनसंपर्क रथ यात्रा में शामिल व्यापारियों को यहां से जुड़े व्यापारियों ने इन्हें फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि जनसंपर्क यात्रा को तहत प्रदेश से लेकर जनपद स्तर से जुड़े व्यापारियों को एकजुट के साथ उन्हें मजबूत करने के लिए जागरूक की जा रही है। इसके लिए छोटे बड़े,सभी व्यापारी को एक मंच पर लाख कर सम्मानित करने का कार्य किया जाता है जो उनके अधिकार के लिए यह व्यापारी जनसंपर्क रथ यात्रा के तहत किया जा रहा है। इसक लिए व्यापारियों को निमंत्रण कार्ड देकर प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में शामिल होने को लिए अपील की जा रही है। इस दौरान

संतोष वर्मा,रविश सिंह,रऊफ आलम, महामंत्री पप्पू सोनी, आशीष मणि,जिला प्रभारी डॉक्टर शेषनाथ गुप्ता,गुरवलिया इकाई के अध्यक्ष अमित उर्फ मुन्ना गुप्ता,राजेश प्रसाद,गुड्डू पाठक,राजेश खरवार, आनंद गुप्ता,महेंद्र मद्धेशिया, ब्रजकिशोर, वीरेंद्र ठाकुर,राम बड़ाई शर्मा,रामकृपाल,वीरेंद्र, राहुल, सुनील, वलिराम पटेल, रामकुमार सोनी, डब्लू श्रीवास्तव, विकास मद्धेशिया, गुड्डू अंसारी, अखिलेश जायसवाल,विनोद उर्फ गुड्ड यादव,अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# अब घर से स्कूल की दूरी
# नहीं बनेगी बेटियों की मजबूरी




**205 नई मुफ़्त सरकारी स्कूल बसों की शुरुआत**

**10,000+ बच्चे लाभार्थी**

"स्कूल कहीं भी हो, वर्ल्ड क्लास शिक्षा हर बच्चे के घर तक पहुंचनी चाहिए। अब पंजाब का हर बच्चा आगे बढ़ने का पूरा अवसर पायेगा और हर बच्चा मिलकर रंगला पंजाब बनाएगा।"

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



यहां स्कैन करें

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# रेप के आरोप में जेल में बंद पूर्व सपा नेता नवाब सिंह को पॉक्सो कोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी

कन्नौज। पूर्व सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को शनिवार को पॉक्सो कोर्ट से रेप मामले में जमानत मिल गई। बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने उन्हें सशर्त जमानत दी है हालांकि अभी उन्हें गैंगस्टर मामले में जमानत करानी होगी, जिसके बाद ही जेल से रिहाई हो सकेगी। पूर्व सपा नेता की ओर से उनके अधिवक्ता अशोक कुमार जैन, आशुतोष कुमार मिश्रा और शिव कुमार यादव ने जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने नवाब सिंह यादव पर लगाए गए केस को गलत और राजनीति से प्रेरित बताया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने दावा किया कि नवाब सिंह यादव ग्रेजुएशन की पढ़ाई के समय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे चुके हैं। वकीलों ने कहा, साल 2006 से 2011 तक सदर ब्लाक प्रमुख के पद पर रहे। वर्तमान समय मे वह एक डिग्री कॉलेज के प्रबन्धक हैं और उनके कॉलेज में 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में उनकी राजनीतिक हत्या और छवि धूमिल करने के लिए राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण गलत और



असत्य आरोप लगाकर केस दर्ज किया गया। नवाब सिंह के वकीलों की दलीलों को सुनने और साक्ष्यों पर गौर करने के बाद पाक्सो एक्ट कोर्ट की जज अलका यादव ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। इन पॉइंट्स पर मिली जमानत नवाब सिंह यादव मामले में नाबालिग पीड़िता के धारा 180 बीएनएस और धारा 183 बीएनएस के तहत दिए गए बयान विरोधाभासी हैं। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि कोर्ट में सवाल पूछे जाने पर पीड़िता ने बताया कि उसने पुलिस के दबाव में पहले वाला बयान दिया था। जिसका शपथ पत्र भी उसने कोर्ट में दाखिल किया। नवाब सिंह के वकील की ओर से पेनड्राइव में एक वीडियो साक्ष्य के तौर पर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जिसमें दावा किया गया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते वक्त वर्दी में सीओ सिटी और कुछ पुलिस कर्मी नजर आ रहे। जिसमें पीड़िता को धमकाते हुए सीओ दिख रहे हैं, जोकि पाक्सो एक्ट की खुलेआम अवहेलना है। डीएनए परीक्षण के लिए नवाब सिंह के जिस अंडरगारमेंट को पुलिस ने बरामद किया, उस पर नवाब सिंह के हस्ताक्षर नहीं है। इसलिए डीएनए रिपोर्ट संदिग्ध होने का दावा किया गया। यही वो पॉइंट्स हैं, जिनकी वजह से नवाब सिंह यादव को कोर्ट से राहत मिल गई। 6 महीने से जेल में हैं नवाब सिंह नाबालिग से रेप के आरोप में सपा नेता नवाब सिंह यादव 6 महीने से कन्नौज की जिला जेल में हैं। 11 अगस्त की रात पुलिस ने उन्हें चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से अरेस्ट किया था। जिसके अगले दिन कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस मामले में सह आरोपी व पीड़िता की बुआ 21 अगस्त से जिला जेल में है। जिनकी जमानत हाईकोर्ट से स्वीकृत हुई है जबकि साक्ष्य मिटाने के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट में नवाब सिंह का भाई नीलू यादव भी जिला जेल में हैं। गैंगस्टर मामले में उन्हें जमानत करानी हैं।

# आरटीओ दफ्तर प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे चल रहा,दर्जनों की संख्या में बाहरी कर रहे काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। संभागीय परिवहन अधिकारी देवी पाटन मण्ड ल के कार्यालय पर योगी सरकार सरकार चाहे जितनी भी लगाम कस ले,वो ढीली हो जाती है।शायद यही वजह है कि गोण्डा संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में कोई भी काम बिना किसी बाहरी व्य क्ति के नहीं होता है।बाहरी व्यक्ति कोई और नहीं हैं आरटी ओ दफ्तर में तैनात कर्मचारी हैं।जिन्हें बिना किसी अनु मति के विभागों में तैनात कर लिया है।वर्तमान में एक दर्जन से अधिक प्राइवेट कर्मचारी गोण्डा आरटीओ दफ्तर में काम कर रहे हैं।जबकि शासन की सख्त हिदायत है कि किसी भी सरकारी विभाग में प्राइवेट लोगों के द्वारा सरकारी काम नहीं कराया जाएगा उसके बावजूद भी गोंडा परिवहन विभाग के कार्यालय में बाबू और अधिकारियों के संरक्षण में पल रहे हैं।आरटीओ कार्यालय में प्रवर्तन,पंजीयन (रजिस्टे्रेशन), एनओसी समेत कई अनुभाग हैं।कार्यालय के गेट से लेकर बाहर तक सैकड़ों की संख्या में अवैध दलालो ने अपना कब्जा जमा लिया है।लाईसेंस बनवाने,गाड़ी की



फिटनेस,रजिस्ट्रेशन,ट्रांसफर या एनओसी के लिए रो जाना सैकड़ों लोग दफ्तर में आते हैं।मगर विभागीय कर्मचारियों द्वारा उन्हें इतनी जटिल प्रक्रिया बता दी जाती हैं कि वह परेशान हो जाता है। मरता क्या नहीं करता लाइसेंस या फिटनेस बनवाने वाला व्यक्ति थक हार के कुछ देऱ बाहर आराम से बैठ जाता है और फिर बाहर बैठे अवैध वेंडरों और दलालों से संपर्क करना पड़ता है एक व्यक्ति ने नाम न छपने कि शर्त पर बताया कि मेरी गाड़ी चालान कर दिया गया है और मैं सुबह से चालान जमा करने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन फिर भी चालान नहीं जमा किया जा रहा है बताया जा रहा साइड नहीं चल रही है जो व्यक्ति ऑफिस में बैठे प्राइ वेट बाबू या दलाल से मिल लेता है उसका चालान भी जमा हो जाता और उसका सारा काम हो जाता है जो व्यक्ति चलन से ज्यादा पैसा नहीं दे पता है उसे परेशान किया जा रहा है। कितने निजी कर्मचारी, कहां तैनात नाम न छापने की शर्त पर कार्यालय में तैनात कर्मचारी ने बताया कि एआरटीओ प्रशासन के कार्यालय में एक व्यक्ति बैठता है जिसके पास पूरे आरटीओ विभाग की चाबी रहती है जिसका नाम महेंद्र शुक्ला है उसकी आरटीओ विभाग में तूती बोलती है अगर आप महीनो से आरटीओ ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं और आप का कार्य नहीं हो रहा है तो सिर्फ आपको मिलना है महेंद्र शुक्ला से उसके बाद आपका काम उसी दिन तैयार हो जाएगा और फिर आपको आरटीओ ऑफिस की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि इन के पास पूरे विभाग का आईडी पासवर्ड है महेंद्र शुक्ला भोलू सिंह,एक नाम है सरदार जी,फिटनेस और लाइ सेंस कार्य देखते हैं और गेट पर बैठने वाले का नाम पंडित जी आने वाले लोगों की रखवाली करते हैं। ऐसे ही अधिक तर पटल पर प्राइवेट बाबू का कब्जा है।

### आरटीओ ऑफिस में तैनात बाबू का रुतबा किसी अधिकारी से काम नही

आरटीओ ऑफिस में तैनात बाबू लवकुश सिंह एक ही पटल पर कई वर्षों से तैनात हैं लेकिन उनका रुतबा किसी बड़े अधिकारी से काम नहीं है पर्मानेंट लाइसेंस से लेकर फिटनेस तक सर कर अपने प्राइवेट बाबू से करवाते हैं,फिटनेस में प्राइवेट कर्मचारी काम करते हैं,इसके अलावा अन्य कार्यालयों में आधा दर्जन से अधिक प्राइवेट कर्मचारी हैं जो कि बिना कि सी अनुमति के विभागों में कंप्यूटर ऑपरेटर आदि का काम देखते हैं।

# बीएसए ने एआरपी व शिक्षकों को किया सम्म्मानित

❑ प्रधानाध्यापिका सविता सिंह को सम्मानित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच आशीष कुमार सिंह व मौजूद अन्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृट कार्य करने एवं सर्वाधिक विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए जरवल शिक्षा क्षेत्र के एआरपी एवं निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने प्रतीक चिन्ह,प्रस्तिपत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविन्द बहादुर सिंह ने बताया कि विकास खण्ड जरवल के एआरपी कल्पना मिश्रा,अब्दुल मोमिन, मोहम्मद अहमद, एवं रियाज अहमद के द्वारा सतत प्रयास कर विकास खण्ड को निपुण ब्लॉक बनाने का संकल्प लिया गया था। दस विद्यालयों का डायट बहराइच के डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए आकलन में आठ विद्यालय निपुण घोषित किए गए।

बीएसए ने एआरपी सहित आठों निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक श्रद्धा त्रिपाठी ,मुईनुद्दीन ,अंजू गौतम, स्नेहलता सिंह, सविता सिंह, मीनाक्षी मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, ज्योत्सना तिवारी को सम्मानित किया और भविष्य में बेहतर शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# पटन गांव में गन्ने का पौधा मशीन से हुआ खेत में रोपाई:करन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रजातियों को न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा द्वारा अपने प्रक्षेत्र पर पौधा तैयार करके , कम समय में अधिक से अधिक कृषकों के खेतों पर पहुंचाकर गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करने , गन्ने की खेती में उत्पादन लागत को कम करने , खेती में कृषि की समस्या को दूर करने, गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से लाभ आदि उद्देश्य से ग्राम पटन मे प्रगतिशील किसान श्री धर्मेंद्र गुप्ता के खेत पर ऑटोमेटिक गन्ना पौधा प्लांटर मशीन से रोपाई कराया गया ।किसान धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि गन्ने का 6000 पौधा ?6000 में खरीदा हूं , एक पौधा एक रुपया का है। यह जानकारी ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने किसानों को दी।अधिशाषी अध्यक्ष ने बताया कि चीनी मिल परिक्षेत्र के प्रत्येक



कृषकों को अधिक उपज एवं अधिक चीनी परता देने वाली प्रजाति को . ग118 , को. 15023 का लाखों पौधा तैयार कराया गया है। जो कृषकों के खेतों पर मशीन से बुआई कराया जा रहा है। इन दोनों गन्ना प्रजातियों का उपज 400 से 500 कुंतल प्रति एकड़ होगा , मिल क्षेत्र में हजारों कृषक है जो 400 कुंतल एकड़ ऊपर ले रहे हैं। चीनी मिल परिक्षेत्र में ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से की बुवाई कराया जा रहा है। गांव-गांव में गन्ना काटने की मशीन से गाने की कटाई कराई जा रहा है। मेरा सभी किसानों से अपील है कि चार- चार फीट की दूरी पर गन्ने की बुवाई करें इससे गन्ने की खेती मशीन द्वारा होगी , गन्ने का उपज बढ़ेगा , किसान खुशहाल हो, लागत कम हो यही चीनी मिल का उद्देश्य है। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 1 एकड़ में 11 हजार गन्ने का पौधा लगेगा, एक पौधा से तीन और पौधे निकलकर गन्ना बन जाए तो कुल 44000 गन्ना एक एकड़ में बनेगा , एक गन्ना एक किलो का होगा तो उपज 440 कुंतल एकड़ मिलेगा , को 15023 गन्ना लगभग 2 से 2.5 किलो का होगा। खेत पर चीनी मिल के गन्ना प्रधान प्रबंधक अवधेश गुप्ता, डीडी सिंह, देवेश गिल ने कृषकों को चीनी मिल की विकास योजनाओं को बताया।

# खुले में हो रही मांस-मछली की बिक्री जिम्मेदार,मौन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के नगर कोतवाली सेमरा पुलिस चौकी क्षेत्र के सभी प्रमुख चौराहों के अगल बगल खुले गोंडा बलरामपुर मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे सड़क के किनारे

खैरा मंदिर को जाने वाले रास्ते पर खुले आम हो रही मांस मछली की बिक्री से अनेक प्रकार की बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है जिस पर सम्ब न्धित विभाग मौन है।

बता दें कि स्थानीय नगर कोतवा ली क्षेत्र के प्रमुख चौराहों बाजार सहित सभी चौराहो पर सड़क के किनारे खुले मे हर जगह मांस-मछली की बिक्री जोरों पर चल रही है। जिससे बिमारियों का खत रा बढ़ता जा रहा है नगर कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही की वजह से चौक- चौराहों व सड़क के किनारे खुले में मीट,मुर्गा व मछली का बिक्री किंया जा रहा है।इन खुले स्थानों पर मीट- मुर्गा व मछली की बिक्री होने से भिन भिनाती मक्खियां व बदबू से कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका जतायी जा रही है।नगर कोतवाली क्षेत्र के दर्जनों से अधिक जगहों पर हर रोज़ सुबह से शाम बेरोक टोक मीट,मुर्गा व मछली की दुकाने सजती है।इन स्थानों पर हर रोज सैकड़ों की संख्या में मुर्गे काटे जाते हैं इन दुकानों की वजह से आए दिन अक्सर दुर्घटना होती रहती है।

# सर्राफा व्यापार कमेटी की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शनिवार को सर्राफा व्यापार कमेटी (रजिस्टर्ड) के तत्वाधान में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें नगर के तमाम लोग शामिल हुए। नगर के धनीराम गली में सर्राफा व्यापार कमेटी के संरक्षक बसन्त लाल रस्तोगी, संगमलाल रस्तोगी एवं गणेश प्रसाद सोनी के तत्वाधान में आयोजित खिचड़ी भोज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करना हमारे सहयोगी सीएम योगी व पीएम मोदी की प्राथमिकता है।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम नानपारा अश्वनी पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद, क्षेत्राधिकारी



नानपारा प्रद्युम्न सिंह, इंस्पेक्टर नानपारा प्रदीप सिंह व बहराइच से आए बहराइच सर्राफा कमेटी के संरक्षक सुमित खन्ना एवं अध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी सत्या, महामंत्री राजेश रस्तोगी मौजूद रहे ।

सह अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रेखा पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश गुप्ता, अनिल पांडेय, अजय गुप्ता, अशोक जायसवाल, डॉक्टर सी वी राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुशीर सेठ, आनद प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे साथ ही सर्राफा कमेटी नानपारा के अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी, महामन्त्री आनन्द रस्तोगी, संगठन मंत्री रजनीश रस्तोगी सत्या कोषाध्यक्ष तनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष किरन रस्तोगी, संजय सोनी, मनोज सोनी, सुजीत सोनी, अनिल, राकेश कुमार, आलोक, परमानंद रस्तोगी, राजेंद्र प्रसाद मित्तल, हर्ष, हिमांशु, दुर्गेश सोनी, शिवम सोनी, लालाजी सोनी, कृष्ण कंात सोनी,सुधीर सोनी,प्रमोद सोनी,श्यामू ,आर्यन रस्तोगी सुशील सोनी राकेश सोनी मुकेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे ।

# एसएसबी व औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी, लिए नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। औषधि निरीक्षक बहराइच के साथ एसएसबी टीम द्वारा मेडिकल स्टोरों की गई संयुक्त छापेमारी। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी 59वी वाहिनी सहायक कमांडेंट पलाश लूथरा के नेतृत्व में ए- समवाय लौकाही एवं डी-समवाय, बलईगाँव एसएसबी नानपारा की



टीम द्वारा औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण, बहराइच के साथ लौकाही के या-गौस मेडिकल स्टोर, लखनऊ गोल्ड फार्मेसी एवं बलईगांव के आरसी मेडिकल स्टोर से औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के अनुसार, औषधि निरीक्षक द्वारा उपर्युक्त प्रतिष्ठानों से दवाओं के नमूने एकत्र किए गए।

इन नमूनों को विश्लेषण के लिए क्षेत्रीय लोक विश्लेषक प्रयोगशाला, वाराणसी भेजा जाएगा। विश्लेषण के परिणामों के आधार पर आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, सभी निरीक्षण किए गए मेडिकल स्टोर से नो क्लेम सर्टिफिकेट प्राप्त किए गए, जिससे पुष्टि हुई की ऑपरेशन के दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ और भविष्य में एसएसबी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।

### ट्राफिक का नियम तोड़,बगैर हेल्मेट के भर रहे फर्राटा, मनकापुर पुलिस ने काटा चालान

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी वाहन चालक यातायात नियम का पालन करना स्वीकार नहीं कर रहे है,जबकि इसके लिए उन्हें अभियान चलाकर जागरूक भी किया जाता रहा है।बावजूद अपनी ही सुरक्षा से खिलवाड़ पर लोग आमादा है,यही नही महि लाए भी नियम तोड़ने में पुरुषों से पीछे नहीं है,शुक्र वार को मनकापुर पुलिस ने चेकिंग अभियान में मनकापुर कोतवाल मनोज पाठक भारी फोर्स के साथ शाम को मनकापुर-उतरौला रोड आईटीआई को जाने वाली सड़क पर वाहन जांच शुरु की जांच में बिना हेल मेट अत्याधिक रूप से दो पहिया वाहन सवार से मनकापुर पुलिस को आवश्यक दस्तावेज मांगने पर दिखा नहीं सके,जिसके चलते सैकडो की संख्या में चेकिंग टीम ने चालान काटे साथ ही मनकापुर कोतवा ल मनोज पाठक पकडे गये वाहन चालको को उनकी सुरक्षा से संबंधित पाठ भी पढ़ाते नजर आए,वही मन कापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया की हमारा उद्देश वाहन दुर्घटनाओ को शून्य करना है,हम लोगों का प्रयास है की वाहन चालक नियम का पालन करें जिससे उनको यात्रा सुगम व सुलभ रहे,साथ ही अपी ल है की दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और बच्चों के हांथ में वाहन न दे,अन्यथा की स्थिति में हम ठोस कार्यवाही के लिए सभी मार्गो पर खड़े है।

### सामान खरीदने के बहाने चोरों ने व्यापारी के गल्ले से पैसा कर लिया चोरी,घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के महारानीगंज स्टेशन रोड स्थित कानपुर मशीनरी कंपनी में एक चोर ने चतुराई से वारदात को अंजाम दिया है दुकान में सामान खरीदने के बहाने आए एक युवक ने दुकानदार के गल्ले से 26 हजार रुपए चुरा लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटी वी कैमरे में कैद हो गई।पैसा चोरी करने के बाद युवक दुकान से बिना सामान लिए वापस चला गया।जब दु कानदार अपने काउंटर पर बैठकर गल्ले से पैसा निका ल कर किसी को देना चाहा तो गल्ले में पैसा ही नहीं था।घटना दो दिन पहले शाम साढे चाऱ बजे की है। दुकान के मालिक शिव शंकर लाल गुप्ता के अनुसार, दो पुरुष और एक महिला सामान खरीदने के लिए दुकान पर आए।जब वह ग्राहकों के लिए मांगा गया सामान ढूंढने अंदर गए,तभी एक युवक ने मौके का फायदा उठाते हुए गल्ले से रुपए चुरा लिए और मौके से फरार हो गया।वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि दुकानदार के अंदर जाते ही एक युवक गल्ले की तरफ झुकता है और पैसे निकालकर चोरी कर लेता है पीड़ित दुकानदार ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।वहीं नगर कोत वाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस चोर की पहचान कर कार्रवाई करेगी।

### बम से हमला करने वाले पूर्व प्रधान का जमानत निरस्त, भेजा गया जेल

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरा खाकी गांव के निवासी व जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान के मकान में ग्रेनाइड और बम से उड़ाकर पूरे परिवार की हत्या करने के प्रयास में जमानत पर रिहा हुए आरोपी पूर्व प्रधान द्वारा न्यायालय की कार्रवाई मे सहयोग न करने के कारण जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की न्यायालय ने आरोपी पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह की जमानत निरस्त कर जेल भेजते हुए इस मामले में आरोपी बनाए गए 12 लोगों को वारंट जारी किया है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडरा खागी गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान और पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह के करीब चार दशकों से अदावत चलता आ रहा है। कहना ना होगा कि पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह ने वर्ष 2004 में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान के मकान में ग्रेनाइड और बम से उड़ाकर परिवार के सभी सदस्यों की हत्या करने का प्रयास किया था। इसके बाद पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह समेत 13 लोगों पर हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह जमानत पर रिहा हुए थे किन्तु कोर्ट की कार्रवाई में सहयोग नही कर रहे थे और बार-बार एक ही बिन्दु पर शिकायत पत्र देकर न्यायालय को गुमराह कर रहे थे।

### एसडीएम व विधायक की मौजूदगी में घरौनी प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नानपारा तहसील सभागार में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि विधायक राम निवास वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भाजपा कृपाराम वर्मा व ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार वर्मा सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण तथा उपजिलाधिकारी नानपारा अश्विनी पांडे की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील की कुल 71 ग्राम पंचायतों में 24073 घरौनी का वितरण किया गया इसके साथ ही लाभार्थी रुबीना, सबा बेगम, मुन्नी सहित 10 को प्रधानमंत्री एवं आयशा, सलमा को मुख्यमंत्री आवास योजना की तरफ से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही महादेई, रामादेवी सहित 14 लोगों को शौचालय का लाभ प्राप्त हुआ।

# तुलसीपुर कोड़री ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

❑ ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, एपीओ, बीडीओ व डीसी मनरेगा के स्वयं विकास का जरिया बनी मनरेगा योजना...



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं में शुमार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गांवों में गरीब मजदूरों को सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का उद्देश्य ग्राम्य विकास विभाग के भ्रष्ट जिम्मेदारों की मेहरबानी पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं।मनरेगा योजना के तहत गांवों के विकास कार्यों में जहां सिर्फ कागजी खाना पूर्ति की जा रही है वहीं भ्रष्ट जिम्मेदारों द्वारा सरकारी धन का जमकर लूट खसोट किया जा रहा है।योगी सर कार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन में:भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगा रहे योजना के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने के बजाय विभागीय अधिकारीयों द्वारा सिर्फ कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामले को मैनेज कर अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर ठंढे बस्ते में डाल दिया जा रहा है।केंद्रीय बिदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह जनपद में विकास खंड पड़री कृपाल में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर:मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के सार्वाधिक मामलेकेंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह जनपद गोण्डा जिले में अनवरत प्रकाश आ रहे रहे हैं,जहां कार्य बंद होने के बाद भी ब्लॉक पड़री कृपाल ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोडरी में प्रतिदि न विभागीय साइट पर हजारों मनरेगा मजदूरों की उप स्थिति दर्ज कराई जा रही है जबकि वर्तमान इस समय साइड पर मनरेगा के जो मस्टर रोल चल रहे हैं उन दोनों साइडों पर काम बंद पड़ा हुआ है लेकिन कागज में किसी दिन 157 श्रमिक कार्य करते हैं तो किसी दिन 149 श्रमिक काम करते हैं लेकिन धरातल पर एक भी श्रमिक नजर नहीं आ रहे हैं।परंतु विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से विभागीय साइट पर मजदूरों की अनवरत हाजिरी अपलोड की जा रही है।

### पड़री कृपाल ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

जिले के ब्लॉक पड़री कृपाल में इस योजना ने भ्रष्टा चार एवं अनियमितता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, और सारे नियमों को ताक पर रखकर विभागीय अधि कारियों से लेकर पंचायती राज के प्रतिनिधि तक मनरे गा की योजनाओं में गड़बड़ी कर रहे हैं.मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी एवं हो रहे भ्रष्टाचार का ता जा मामला ब्लॉक पड़री कृपाल ग्राम पंचायत तुलसी पुर कोड़री का प्रकाश में आया है.जहां मनरेगा के तह त विगत के दिनों से कराए जा रहे कार्यों में कार्य बंद होने के बाद भी कागज में मजदूरों की लगा रहे घर बैठे मजदूरों की हाजिरी लगा कर लाखों का गोलमाल किया जा रहा है। कैनविज टाइम्स की टीम ने ब्लाक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में हो रहे मनरेगा कार्यों की पड़ताल की तो चौंकाने वाला सच सामने आया।

### कागजों में दिखा कार्य,धरातल पर शून्य

हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स की टीम की पड़ताल में पाया कि ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोडरी में साइड पर दो कार्य दिखाया जा रहा है लेकिन धरातल पर कार्य बंद पड़ा हुआ है और कोई श्रमिक नहीं दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों के हवाले से पता चला है कि इस पर कोई का र्य कुछ दिन पहले हुआ है अभी नहीं अब कई दिनों से बंद चल रहा है,जबकि साइट पर प्रतिदिन दिखाया जा रहा है प्रतिदिन मस्टरोल 157 तो किसी दिन 149 श्र मिकों की हाजिरी लगाई गई है।कुल दिनों में लगभग हजारों श्रमिकों की हाजिरी लगी है।

बॉक्स सवाल यह उठना लाजिमी है कि आखिरकार पूर्व में किए कार्यों को आज के दिन में बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई ?

### क्या डीसी मनरेगा की सेटिंग से पंडरी कृपाल के मनरेगा में लूट मची हुई है

घर बैठे सैकड़ों श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखों का गोलमाल किए जाने का माम ला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो तक कार्यवाही सीमित रहती है या दोषियों पर विभागीय कार्यवाही भी होगी।कि जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर कराई जाएगी जांच,या ऐसे ही योगी सरकार में भ्रष्टाचार चलता रहेगा।वही मनरेगा में फर्जी वाड़े की जानकारी डीसी मनरेगा से लेने की कोशिश की गई उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# तिलोई और सिंहपुर में ब्लाक प्रमुख ने लाभार्थियों को बांटी घरौनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास खण्ड तिलोई व सिंहपुर के सभागार में शनिवार को ब्लाक प्रमुख द्वारा स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई और ब्लाक प्रमुख द्वारा लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विकास खण्ड तिलोई के सभागार में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण समारोह में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को घरौनी तैयार कर वितरित किया जाना यह बहुत बड़ी बात है इससे आम जनमानस का जीवन सरल और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विवादों पर भी अंकुश लगेगा और लाभार्थी इस कार्ड से बैंक से ऋण भी ले सकते हैं। विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने ग्राम पंचायत पन्हौना,रामगंज,आजादपुर, कोंची और सिंहपुर के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किया। ब्लाक सभागार में अतिथियों ने लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही कैबिनेट मंत्री राजीव रंजन का वर्चुअल संवाद सुना। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारती, रमेश चंद्र तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, पंकज अवस्थी, राजस्व निरीक्षक मंजीत सिंह, लेखपाल वेद प्रकाश मिश्रा, संजीत विश्वकर्मा, मानस शुक्ला, मोहम्मद इलियास, सुरेश यादव, राजेन्द्र कुमार, सोनू सिंह, संदीप पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अमेठी के पांच सौ इकहत्तर गांवों के लाभार्थियों को बांटा गया प्रापर्टी कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किये गये प्रापर्टी कार्ड (घरौनी) का वितरण कार्यक्रम आज जनपद की समस्त तहसीलों व ब्लाकों में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाभार्थियों से संवाद व उदबोधन कार्यक्रम का सभी जगह सजीव प्रसारण किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट संस्थान जायस में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा वर्तमान समय में सरकार की चल रही योजनाएं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी बनवाने की अपील की गई। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद में सभी जगह अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। आज जनपद में 571 राजस्व गांवों के कुल 23548 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीण जनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा इससे लाभार्थी गण विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। विकास खण्ड तिलोई में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर में ब्लाक प्रमुख अंकित पासी द्वारा लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत प्रापर्टी कार्ड वितरित किया गया। तहसील गौरीगंज के सभागार में गौरीगंज के विधायक राकेश

**गौरीगंज के विधायक राकेश सिंह ने तहसील सभागार में लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किया**

प्रताप सिंह ने स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी वितरण का शुभारम्भ किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज भारत के हर नागरिक को उनके अधिकार के साथ ही साथ तरक्की और विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।इस योजना से परिवारों में व्याप्त आपसी रंजिश एवं तनाव से हो रही हिंसा कम होगी।आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके कल्याण के ऐसे साहसिक कार्य के लिये सरकार संकल्पित है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधि व लाभार्थी गण मौजूद रहे।

# सट्टे से अधिक गन्ने की आपूर्ति के लिए जिला गन्ना अधिकारी ने जारी के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत । प्रभु यन सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश ने कुछ किसानो के पास सट्टे से अधिक गन्ने की आपूर्ति के सम्बन्ध मे सभी जिला गन्ना अधिकारियो को आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान मे जिले की सभी चीनी मिलो द्वारा गन्ना पेराई का कार्य तेजी से किया जा रहा है।कुछ किसानो द्वारा यह अवगत कराया जा रहा था कि उनके पास गन्ना अधिक है लेकिन कैलेंडर की पर्चियां समाप्त हो गयी है।इस सम्बन्ध मे गन्ना आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया है कि जिन चीनी मिलो गन्ना क्रय केन्द्रो पर गन्ना कैलेंडर का 9 वा पक्ष समाप्त हो गया है वहां चीनी मिल एवं विभागीय गन्ना पर्वेक्षको की संयुक्त टीम बनाकर खड़े गन्ना का सर्वे करा लिया जाये। ऐसा करने से चीनी मिलो को आपूर्ति योग्य गन्ना एडिशनल बॉन्डिंग के रूप मे प्राप्त हो जाएगा। इसी क्रम मे आज सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला के क्रय केंद्र ड्यूनीडैम का निरिक्षण किया गया तथा किसानो का फीडबैक लिया गया। क्रय केंद्र पर कुछ किसानो ने बताया कि उनके कैलेंडर मे पर्चियां कम है जबकि उनके खेत मे गन्ना अभी खड़ा है।सभी किसानो को खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा बताया गया कि किसान हित मे ही गन्ना आयुक्त ने आदेश जारी किया है। किसानो के समस्त पेराई योग्य गन्ने की चीनी मिलो मे आपूर्ति होंगी।समस्त गन्ना पेरने के बाद ही चीनी मिले बंद होंगी।जिला गन्ना अधिकारी द्वारा समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को संयुक्त सर्वे करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। ड्यूनीडैम क्रय केंद्र के निरिक्षण के दौरान क्रय केन्द्रो पर उपस्थित किसानो को बताया गया कि यदि किसी किसान के पास पेराई योग्य अवशेष गन्ना है।तो वह अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अथवा चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना से संपर्क करे। क्रय केंद्र के निरिक्षण के दौरान विनोद कुमार, रमेश चन्द्र, केदार नाथ, मो. अरशद बेनीराम, लालाराम, व अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को जागरुकता का पाठ पढ़ाया

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि आज महिला बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वय गौरव श्रीवास्तव एवं सुपरवाइजर रोशन लाल द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली विकास क्षेत्र गौरीगंज मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें परियोजना समन्यवयक गौरव श्रीवास्तव द्वारा बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 181आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई और साथ ही सुपरवाइजर रोशन लाल द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे मे विस्तार मे जानकारी दी गई जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सोनी व राधेश्याम पाठक और विद्यालय के अन्य स्टाप द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की हुई द्वितीय बैठक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट को आपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी (डीसीडीसी) की द्वितीय बैठक में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में विकास खण्ड मुसाफिरखाना स्थित बी पैक्स धरौली, विकास खण्ड बाजार शुकुल स्थित बी पैक्स बाजारशुकुल एवं विकास खण्ड जगदीशपुर स्थिति बी-पैक्स निहालगढ़ में सौ सौ मीटर टन के गोदाम निर्माण हेतु डीपीआर का अनुमोदन किया गया।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की दस न्याय पंचायतों में बी-पैक्स में आच्छादित नही है, जिसमें से दो न्याय पंचायत पीपरपुर एवं दक्खिनवारा में नये बी पैक्स का गठन किया जा चुका है। जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा माह अप्रैल तक प्रत्येक माह दो नयी पैक्स समितियों का गठन कराते हुये सभी न्याय पंचायतों को बी-पैक्स से आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी द्वारा जनपद की निष्क्रिय चौदह बी पैक्सों की कार्ययोजना बनाकर गठित किये जाने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी द्वारा दुग्ध विकास अधिकारी को प्रत्येक माह पांच दुग्ध समितियों को सक्रिय करने तथा मत्स्य विकास अधिकारी को दो हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले आच्छादित तालाबों हेतु मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में बनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत जनपद अमेठी में भी वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आच्छादन सहकारिता को सुदृढ़ किये जाने हेतु किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमीन खरीदकर बनाए घर में मृतक का पुत्र लगा रहा आपत्ति मामले में एसडीएम से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव ढका जा के रहने वाले दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार चार बजे तहसील परिसर में पहुचकर एसडीएम को दिए। शिकायती पत्र में बताया की गाटा संख्या 121 में मूल स्वामी रहीस खातून पत्नी कल्लू की जमीन थी। जिसको ग्रामीणों ने आवास बनाने हेतु रुपये देकर जमीन को खरीद लिया था और पूरा पैसा भी दे दिया था। पर अब मृतक का एक पुत्र माहिर खा उस जमीन की गलत तरीकें से ब्रिक्री कर रहा है और विरोध करने पर गालीगलौज कर रहा है। जबकि उस गाटा संख्या में लगभग 30 से 35 पक्के घर बने हैं और कुछ लोगों ने रजिस्ट्री व बैनामा भी जमीन करवा लिया था। उसके बाद भी मृतक का पुत्र गालीगलौज कर पुलिस को झूठी सूचना देकर लोगों को परेशान कर रहा है। ग्रामीणों ने तहसील व कोतवाली पहुंचकर मामले में शिकायत कर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## तहसील सभागार में स्वामित्व कार्ड घरोनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता एवं विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान व एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार ऋषिकांत, ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार और अतुल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम का प्रसारण किया गया और उसके बाद ग्रामीणों को घरौनी वितरण की गई।

## विकास कार्यों में घपलेबाजी की शिकायत पर जाँच करने पहुंचे डीडीओ संजय कुमार, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत जेठापुर कला में विकास कार्यो में घपलेबाजी की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। जिसमें ग्राम प्रधान पर पंचायत निधि से कायाकल्प और अमृत सरोवर आदि के नाम पर गड़बड़ी की गई। शिकायत पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार शिकायत की जांच करने गांव में पहुंचे। उन्होंने जांच में कराए गए विकास कार्यों के दस्तावेज मांगे। उनमें कार्य से अधिक की धनराशि निकाले जाने की बात सामने आई। इस पर डीडीओ संजय कुमार ने नाराजगी व्यक्त कर एफआईआर की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर शनिवार चार बजे वायरल हो रहा है।

## नौ दिनों से लापता किशोरी का तालाब में उतारता मिला शव

जालौन । जालौन जिले के आटा थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के अकबरपुर इटौरा गांव में स्थित एक तालाब में 15 वर्षीया किशोरी का शव मिला है। मृतका की पहचान रिंकी अहिरवार के रूप में हुई है, जो 9 जनवरी से लापता थी। शनिवार को गांव के मंदिर के पास स्थित तालाब में ग्रामीणों ने एक शव तैरता देखा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव की पहचान के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।
वहीं, मृतका के पिता मटोले अहिरवार ने गांव के तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। इस सम्बंध में कालपी के पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में पता चला है कि किशोरी की बड़ी बहन ने किसी से बात करने को लेकर उसे डांटा था। जिसके बाद वह घर से चली गई थी। पुलिस ने किशोरी के लापता होने पर पहले ही गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आयेगे उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## 47 साल पहले संभल में हुए दंगे से जुड़ी पांच फाइलें मुरादाबाद जिले के अधिकारियों को मिली

मुरादाबाद । जिले के अधिकारियों को 47 साल पहले 1978 में हुए संभल दंगे से जुड़ी पांच फाइलें मिल गई हैं। शीघ्र ही यह सभी फाइलें मंडलायुक्त कार्यालय भेजी जाएंगी। अधिकारी अभी इन फाइलों का अध्ययन कर रहे हैं। विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सीएम योगी द्वारा संभल दंगों की चर्चा के बाद से जिले के अधिकारी सक्रिय हैं। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने भी इस मामले में बैठक कर अभियोजन अधिकारियों से पूछताछ की थी लेकिन तब फाइलों की जानकारी नहीं मिल पाई थी। इस मामले में प्रदेश के गृह विभाग ने संभल जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी हैं, चूंकि दंगे के समय संभल जिले का ही हिस्सा था इसलिए दंगे की अधिकतर फाइलें जिले के कार्यालयों में ही थीं। इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं थी। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि दो दिन पहले जिले के कर्मचारियों ने दंगे से जुड़ी पांच फाइलें ढूंढ निकाली हैं। शीघ्र ही यह फाइलें मंडलायुक्त को भेजी जाएंगी। इन फाइलों में दंगे से संबंधित काफी विवरण है। फिलहाल अधिकारी फाइलों का अध्ययन कर रहे हैं। फाइलों में रिपोर्ट किसके पक्ष में है, यह जानकारी गोपनीय है। शनिवार को इस बाबत मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि शासन से अभी उन्हें कोई निर्देश नहीं मिला है। शासन का निर्देश मिलने पर साक्ष्य जुटाए जाएंगे।

# महर्षि भारद्वाज प्रयागराज के रक्षक एवं अस्मिता के प्रतीक : वासुदेवानंद सरस्वती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। महर्षि भारद्वाज जयंती के दूसरे दिन शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि महर्षि भारद्वाज भारतीय संस्कृति के रक्षक एवं प्रयागराज की अस्मिता के प्रतीक हैं। उनके बिना प्रयागराज अधूरा है। महर्षि भारद्वाज जयंती के दूसरे दिन शनिवार को भारद्वाज प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राम जन्मभूमि न्यास के सदस्य शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि प्रयागराज की प्रथम पहचान महर्षि भारद्वाज से ही है। इनका गुरुकुल बहुत बड़ा था 10,000 शिष्य थे, जो उनके गुरुकुल में पढ़ते थे। यहां पर शास्त्रार्थ की परम्परा महर्षि भारद्वाज के कारण ही पड़ी। कालांतर में यही माघ मास कल्पवास में बदल गया। आयुर्वेद के जनक विमान शास्त्र के रचयिता महर्षि भारद्वाज जयंती को प्रयागराज दिवस के रूप में मानना ही चाहिए। महर्षि भारद्वाज ज्ञान विज्ञान और भारतीयता के प्रतीक हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पीडीए के उपाध्यक्ष डॉक्टर अजीत पाल शर्मा ने कहा कि गुरुओं की परम्परा को संरक्षित किया जाना चाहिए। यह हमारे पूर्वज और संसार को ज्ञान विज्ञान देने वाले हैं। प्रोफ़ेसर ललित त्रिपाठी निदेशक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा ने कहा कि महर्षि भारद्वाज प्रयागराज की ज्ञान की परम्परा के प्रथम पुरुष हैं, प्रयागराज के तीर्थनायक हैं। इनका आशीर्वाद प्राप्त करके ही मंगल की कामना की जा सकती है। भारद्वाज जयंती को प्रयागराज दिवस मनाया जाना उचित ही है। प्रयागराज विद्वत परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय परिवर्तन समन्वयक वीरेन्द्र पाठक ने किया। डॉ प्रमोद शुक्ला की अगुवाई में मोर्शी भारतवर्जी की शोभा यात्रा प्रतिमा स्थल से शुरू होकर संगम तक गयी। जहां संगम दर्शन किया गया। कार्यक्रम में पुष्पांजलि रामनरेश पिण्डीवासा, शैलेंद्र अवस्थी, बाल्मीकि मंदिर के मोती लाल, डा भगवत पाण्डेय, पंकज शर्मा, विक्रम मालवीय, शशिकांत मिश्र, राहुल दुबे, डॉ अखिलेश मिश्र, जगत नारायण तिवारी, अभिषेक मिश्र, दिनेश तिवारी, शरद पाण्डेय, आनंद घिल्डियाल, सुधीर द्विवेदी, रघुनाथ द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से थे।

# चेयरमैन ने सभासदों के साथ मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने मोहल्ला नई बस्ती स्थित साईं धाम मंदिर परिसर में जाकर सभासदों और पालिका की टीम के साथ सफाई कार्य किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत शहर के पार्कों और प्रमुख स्थलों पर सफाई के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ आस्था अग्रवाल शहर के मोहल्ला नई बस्ती स्थित साईं धाम मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने सभासदों और पालिका की टीम के साथ सफाई कार्य किया। मंदिर परिसर में काफी मात्रा में कूड़ा करकट एकत्रित था। जिसकी सफाई करवा कर वहां से हटवाया गया। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता की शपथ ग्रहण की है। नगर पालिका परिषद पीलीभीत पार्कों और शहर के मुख्य स्थलों पर सफाई रहे इसके लिए प्रतिबद्ध है। लगातार उनकी और सभासदों की निगरानी में सफाई कार्य करवाया जाएगा। शहर के सभी प्रमुख स्थल,मंदिर और कॉलोनियों में स्थित पार्क पर सफाई रहे, इसके लिए पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर सभासद रत्ना शुक्ला,गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना सहित काफी संख्या में मोहल्ला नई बस्ती के निवासी मौजूद रहे हैं।

# ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर में वितरण किए स्वामित्व कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। विकासखंड मरौरी के सभागार में स्वामित्व योजना के निमित्त संपत्ति अधिकारों की ओर एक कदम ग्रामीण विकास की नई दिशा के तहत स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम मरौरी सभागार में आयोजित किया गया है।जिसमें खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, विधायक प्रतिनिधि हरेंद्र राजपूत,एडीओ पंचायत मेहरबान सिंह राणा,ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश शर्मा,आरुषि,नेहा एवं सम्मानित लाभार्थी उपस्थित रहे हैं।

# मीरजापुर : 771 ग्रामों के 29,083 लोगों को मिला घरौनी का तोहफा

एजेंसी

मीरजापुर। स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के 65 लाख लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। मीरजापुर के सिटी क्लब में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने 771 ग्रामों के 29,083 लोगों को घरौनी प्रदान की। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

स्थानीय स्तर पर सिटी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मंडलायुक्त और अन्य जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को घरौनी सौंपी। एमएलसी श्याम

**प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का हुआ प्रसारण**

नारायण सिंह ने कहा कि यह योजना ग्रामीण आबादी को मालिकाना हक देकर उन्हें सशक्त बना रही है। जमीन के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने के लिए यह ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गरीबों और जरूरतमंदों का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि ये सरकारें हर नागरिक को परिवार का सदस्य मानती हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना राम राज्य की अवधारणा को साकार करती है। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने योजना को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि घरौनी वितरण से न केवल जमीन के विवाद खत्म होंगे, बल्कि ग्रामीण बैंक से ऋण लेकर अपने व्यवसाय शुरू कर सकेंगे। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर जमीन के स्वामित्व को लेकर कागजात नहीं होने से विवाद होते थे। स्वामित्व योजना से यह समस्या खत्म हो रही है। जनपद मीरजापुर में 771 ग्रामों में 29,083 घरौनी वितरित की गई हैं, और शेष पात्र लाभार्थियों को जल्द ही योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक छानबे रिंकी कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, और अन्य प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे।

## गगनभेदी कामयाबी

नये साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। निश्चित रूप से यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, बिना गुरुत्वाकर्षण के बीच तेज गति से घूम रहे उपग्रहों को आपस में जोड़ना बेहद कठिन कार्य होता है। लेकिन भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की मेधा से यह संभव हुआ है। बहरहाल, इस मिशन की सफलता ने आने वाले समय में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष यात्री भेजने के अभियान की सफलता की राह सुगम कर दी है। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के बाद वहां आने-जाने के लिये भी डॉकिंग तकनीक उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर सैटेलाइट सर्विसिंग, इंटरप्लेनेटरी मिशन और इंसान को चंद्रमा पर भेजने के लिये भी यह तकनीक जरूरी थी। निस्संदेह, यह अभियान खासा चुनौतीपूर्ण था। गुरुवार को मिली सफलता से पहले सात और नौ जनवरी को तकनीकी कारणों से इस मिशन को टाला गया था। फिर बारह जनवरी को इसरों ने एक परीक्षण किया था, जिसमें दोनों उपग्रहों को तीन मीटर तक की दूरी तक लाया गया था। इसके बाद आगे के प्रयोगों के लिये सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय वैज्ञानिकों ने खुद का डॉकिंग मैकेनिज्म विकसित किया। इस बेहद जटिल व संवेदनशील तकनीक को अब तक कामयाब हुए देशों ने भारत को नहीं दिया था। इसीलिए इसरो ने इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम देकर पेटेंट भी करा लिया है। निश्चय ही यह भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धि का गौरवशाली क्षण बना है। यह हमारी अंतरिक्ष में एक लंबी छलांग भी है। वाकई इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। जो आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अतंरिक्ष मिशनों की राह सुगम बनाएगा। निश्चित रूप से अब आने वाले सामरिक व रणनीतिक लक्ष्यों के लिये अंतरिक्ष में कामयाबी निर्णायक साबित हो सकती है। भारतीय वैज्ञानिकों की यह कामयाबी नई उम्मीद जगाती है। अंतरिक्ष में दबदबा बनाने के लिये अमेरिका व चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। दोनों चंद्रमा पर अपना वर्चस्व बनाने की होड़ कर रहे हैं। पिछले दिनों चीन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के अंतरिक्ष बल द्वारा जापान में एक इकाई तैनात करने से वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि खुद बीजिंग भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य क्षमताओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। यह भारत के लिये भी चिंता की स्थिति है।

## युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी

**युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफ़ेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है। हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।**

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियानवित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफ़ेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है। हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है। युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते हुए दोनों ही देशों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन में भी युद्ध-विराम की अपेक्षा है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। जब तक रूस के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। – ललित गर्ग

## बाजार में क्यों हाहाकार है

**अरविन्द मोहन**

बाजार में हाहाकार है। बाजार मतलब सिर्फ शेयर और पूंजी बाजार नहीं करेंसी बाजार और सामान्य बाजार भी। यह बात जोर शोर से प्रचारित की जा रही है कि खुदरा मूल्य सूचकांक गिरा है और चार महीने के न्यूनतम स्तर पर आ गया है लेकिन वह अभी भी 5.2 फीसदी जैसे खतरनाक स्तर से ऊपर है और यह बात रिजर्व बैंक भी मानता है। बल्कि इसके चलते वह बैंक दरों में हेरफ़ेर करने से बच रहा है। अभी तत्काल बड़ी चिंता शेयर बाजार में कोहराम से है। जब 13 जनवरी को बाजार का एक दिन का नुकसान 13-14 लाख करोड़ रुपए का हो गया तो दूसरे दिन सरकार और बाजार के कामकाज पर नजर रखने वाले सचेत हुए। कुछ टेक्नीकल करेक्शन का असर था और कुछ हजारों करोड़ रुपए झोंकने का, बाजार में हल्की बढ़त दिखी। झोंकना शब्द जाना-बूझ कर इस्तेमाल किया गया है क्योंकि साझा कोष हों या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, उनके निवेश का फैसला बाजार के रुख की जगह सरकार के रुख से तय होता है और हर संकट में ऐसा निवेश बाजार बचाने वाला होता है और करेंसी बाजार को संभालने के लिए तो सचमुच बैंक में जमा धन बाजार में उतारना पड़ता है। इस बार बाजार संभल पाएगा यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह सिर्फ किसी एक समूह के कामकाज से जुड़ी देसी-विदेशी रिपोर्ट या सच के उजागर होने से आया तूफान नहीं है। इस बार की गिरावट वैश्विक स्तर पर होने वाले कुछ बड़े बदलावों के चलते है और इसका असर हमारे बाजार पर सिर्फ 13 जनवरी को नहीं आया है। हमारा सेंसेक्स अस्सी हजार अंक से इतना नीचे आ गया है कि जल्दी भरोसा नहीं होता कि वह कभी इतना ऊपर गया था। चार सत्रों में ही गिरावट ढाई हजार अंकों से ज्यादा की हो चुकी है और इसमें हर तरफ लक्षण खराब दिख रहे हैं। बाजार के जानकार जिनकी बारीक चीजों पर नजर रखते हैं उनमें शिनफ्टी नेक्स्ट 50श अर्थात निफ्टी में शामिल पचास शेयरों के बाद वाले पचास शेयरों का हिसाब समझ आता है, में और ज्यादा गिरावट के लक्षण देख रहे ही। उनमें आम तौर पर बीस फीसदी से ज्यादा की गिरावट है लेकिन अदानी ग्रीन जैसे दुलारे शेयरों में साल भर में 58 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। 13 जनवरी को ही बाजार 1.5 फीसदी के आसपास गिरा तो इन पचास शेयरों में गिरावट 4.3 फीसदी थी। अर्थात बाजार में आगे के लिए भी बहुत उम्मीद नहीं दिखती और निवेशक बाजार से मुंह मोड़ रहे है। ऐसा विदेशी निवेशक लगातार कर रहे हैं और उनके पूंजी निकालने(तथा चीन की तरफ रुख करने) पर सरकार अपनी संस्थाओं और सहयोगी संस्थाओं से लिवाली करा के बाजार को स्थिर करने का प्रयास करती रही है। पिछले साल की अंतिम छमाही में यह ट्रेंड रहा है। शेयर बाजार की बदहाली का एक बड़ा कारण तो अचानक चीन के बाजारों में बढ़ता निवेश है और इसमें चीन सरकार की नीतियों के साथ दुनिया के बाजार में चीन की अनिवार्यता को स्वीकार करना भी एक कारण है। आज चीन का विदेश व्यापार का सरप्लस एक ट्रिलियन डालर का हो चुका है और काफी सारे देशों को लगता है कि चीन के उत्पादन तंत्र में पूंजी, ब्रांड-मूल्य और तकनीक की साझेदारी से अगर वे घाटे को कम कर सकते हैं तो जरूर करना चाहिए। चीन ने भी विदेशी निवेश आकर्षित करने के इंतजाम बढ़ाए हैं। पिछले छह महीने का जो हिसाब है वह बताता है कि चीन के प्रति डोनाल्ड ट्रम्प के जहर उगलने का भी निवेशकों के मन पर कोई असर नहीं हो रहा है। आज दुनिया के पूंजी बाजार में एक अलग तरह की हलचल है (और हमारे बाजार भी उससे गहरे प्रभावित हैं) उसका ट्रम्प के आगमन और उससे भी ज्यादा सरकारी अमेरिकी गील्ड में रिटर्न की डर का पांच फीसदी से ऊपर पंहुचने का हाथ है। जब बैंक और सरकारी बांड वगैरह में पड़ी रकम पांच फीसदी से ज्यादा की कमाई देने लगे तब अमेरिकी ही नहीं विकसित दुनिया के काफी सारे निवेशकों को दूसरी तरफ देखने की जरूरत नहीं है। ऐसा भरोसा तब और असरदार हो जाता है जब ट्रम्प के आगमन की आशंका से बाजार में बेचौनी हो। इसका असर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है।

### सेहत मंत्र

## छह घंटे से कम नींद पुरुषों के लिए है खतरनाक, बढ़ता है हृदय रोगों का है खतरा : शोध

जो पुरुष रात में छह घंटे से कम सोते हैं, उनमें सात और आठ घंटे के बीच सोने वालों की तुलना में हृदय रोगों का खतरा ज्यादा रहता है। यह एक नए अध्ययन से पता चलता है। अध्ययन से पता चलता है कि छह घंटों से कम की खराब गुणवत्ता वाली नींद से एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा सात से आठ घंटे की नींद की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़ जाता है। एथेरोस्क्लेरोसिस पूरे शरीर में धमनी की दीवारों पर वसा, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों के निर्माण करता है। वहीं दूसरी तरह जो महिलाएं आठ घंटे से अधिक सोती हैं उनमें एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। सेन्ट्रो नैशनल डी इनवेस्टीगेशंस कार्डियोवास्कुलर कार्लोस के रिसर्चर जोस एम ऑर्डोवास के कहते हैं हृदय रोग एक प्रमुख वैश्विक समस्या है और हम शारीरिक गतिविधि और आहार सहित कई दृष्टिकोणों का उपयोग कर इसे रोकने का प्रयास करने के साथ इसका इलाज कर रहे हैं,' साथ यह भी कहते हैं कि, लेकिन अध्ययन में जोर दिया गया है कि हमें नींद को उन हथियारों के रूप में शामिल करना होगा जिनका उपयोग हम हृदय रोग से लड़ने के लिए करते हैं - एक ऐसा कारक जो हम हर दिन समझौता कर रहे हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के लिए, टीम में 3,974 बैंक कर्मचारी शामिल थे, जिनमें से सभी बिना हृदय रोग के थे और दो तिहाई पुरुष थे। रिसर्च में, इन सब के अलावा, शराब और कैफीन का सेवन नींद की कमी और बाधा उत्पन्न करने का कारण पाया गया। ऑर्डोवास कहते हैं कि, बहुत से लोग सोचते हैं कि अच्छी नींद के शराब पीना फायदेमंद है, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि आप शराब पीते हैं, तो आप थोड़ी देर की नींद के बाद जाग सकते हैं और सोने के लिए आपको कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। और यदि आपको वापस अच्छी नींद नहीं आती तो ये यह खराब गुणवत्ता वाली नींद कहलाती है। नींद की कमी हृदय रोग के जोखिम कारकों जैसे कि ग्लूकोज के स्तर, रक्तचाप, सूजन और मोटापे को बढ़ाकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

### धर्म मंत्र

## श्री गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में से एक हैं चिंतामन गणेश

भगवान गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में चिंतामन गणेश मंदिर है, ऐसे कुल चार मंदिर हैं। कहते हैं यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भोपाल, उज्जैन, गुजरात और रणथंभौर में इन गणपति मंदिरों की सिद्धियां इनकी स्थापना की चर्चित कहानियों में छुपी हैं। भोपाल से 2 किलोमीटर की दूरी पर सीहोर में स्थित चिंतामन गणेश मंदिर की दंतकथा बेहद रोचक है। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना विक्रमादित्य ने की थी लेकिन इसकी मूर्ति उन्हें स्वयं गणपति ने दी थी। प्रचलित कहानी के अनुसार एक बार राजा विक्रमादित्य के स्वप्न में गणपति आए और पार्वती नदी के तट पर पुष्प रूप में अपनी मूर्ति होने की बात बताते हुए उसे लाकर स्थापित करने का आदेश दिया। राजा विक्रमादित्य ने वैसा ही किया। पार्वती नदी के तट पर उन्हें वह पुष्प भी मिल गया और उसे रथ पर अपने साथ लेकर वह राज्य की ओर लौट पड़े। रास्ते में रात हो गई और अचानक वह पुष्प गणपति की मूर्ति में परिवर्तित होकर वहीं जमीन में धंस गई। राजा के साथ आए अंगरक्षकों ने जंजीर से रथ को बांधकर मूर्ति को जमीन से निकालने की बहुत कोशिश की पर मूर्ति निकली नहीं। तब विक्रमादित्य ने गणमति की मूर्ति वहीं स्थापित कर इस मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर में स्थापित गणपति की मूर्ति की आंख चांदी की बनी है। वास्तविक मूर्ति की आंख हीरे की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार आज मंदिर और मूर्ति की सुरक्षा के लिए रात के समय मंदिर परिसर में ताला लगाया जाता है लेकिन पहले ऐसा नहीं था। 150 साल पहले इस खुले परिसर में मूर्ति की हीरे की आंख चोरी हो गई।

### पर्यटन



## देश के प्राचीन धरोहरों में से एक है कोणार्क का सूर्य मंदिर

वैदिक काल में मंत्रों द्वारा सूर्य देवता की पूजा की जाती थी। पिर राजाओं द्वारा इनके मंदिर का निर्माण शुरू हो गया। ओडिशा स्थित कोणार्क का सूर्य मंदिर देश के प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। सूर्य को वेदों में जगह की आत्मा कहा गया है। हिंदू धर्म के सभी प्राचीन ग्रंथों में इनकी महत्ता को बताया गया है। वैसे तो सूर्य प्रत्यक्ष देवता के रूप में सर्वसाधारण के सामने रहते हैं, इसलिए इन्हें ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत कहा गया है। फिर भी कुछ राजाओं ने सूर्यदेव के प्रति अपनी आस्था प्रदर्शित करने के लिए उपासना स्थलों का भी निर्माण करवाया। कोणार्क का सूर्य मंदिर भी उन्हीं में से एक है। ओडिशा में पुरी जिले से लगभग 23 मील की दूरी पर चंद्रभागा नदी के तट पर कोणार्क का सूर्य मंदिर स्थित है। इसकी कल्पना सूर्य के रथ के रूप में की गई है। इसकी संरचना इस प्रकार है कि रथ में 12 जोड़े विशाल पहिए लगे हैं और इसे 7 शक्तिशाली घोड़े खींच रहे हैं। सूर्य का उदयकाल, मंदिर के शिखर के ठीक ऊपर से दिखाई देता है, ऐसा लगता है कि कोई लाल-नारंगी रंग का बड़ा सा गोला शिखर के चारों ओर अपनी किरणें बिखेर रहा है। यह मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए दुनियाभर में मशहूर है और ऊंचे प्रवेश द्वारों से घिरा है। इसका मूख पूर्व में उदीयमान सूर्य की ओर है और इसके तीन प्रधान हिस्से- देउल गर्भगृह, नाटमंडप और जगमोहन (मंडप) एक ही सीध में हैं। सबसे पहले नाटमंडप में प्रवेश द्वार है। इसके बाद जगमोहन और गर्भगृह एक ही जगह पर स्थित हैं। यहां अलग-अलग मुद्राओं में हाथियों की सजीव आकृतियां मौजूद हैं। इसके अलावा कई देवी-देवताओं, गंधर्व, नाग, किन्नर और अप्सराओं के चित्र नक्काशी से तैयार किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह में सूर्यदेव की अलौकिक पुरुषाकृति मूर्तियां विराजमान हैं। इसका शिखर स्तूप कोणाकार है और तीन तलों में विभक्त है। इसका निर्माण गंग वंश के नरेश नरसिंह देव (प्रथम) ने करवाया था।

# सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता पहुँचाना प्राथमिकता : डीएम शशांक

## नवागत जिलाधिकारी ने सम्भला कार्यभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज शनिवार को प्रातः कार्यभार ग्रहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचने पर नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का जिले के अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। इसके उपरांत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ट्रेजरी पहुँचकर अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की जो भी प्राथमिकताएं है, उन सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। बाराबंकी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में और किसानों के लिये अच्छे से अच्छा कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही उनका इम्प्लीमेंटेशन अच्छे से किया जाएगा। जिससे जिन लोगों के लिये यह योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ उन तक बिना किसी दिक्कत के पहुँच सके। बाराबंकी का एग्रीकल्चर बहुत अच्छा है। हार्टिकल्चर में भी बड़ा अच्छा काम हो रहा है। इन सभी क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएम इन्द्रसेन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आर. जगत साईं, वरिष्ठ लेखाधिकारी अमित कुमार, डिप्टी कलेक्टर केडी शर्मा, एसडीएम अनुराग सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीएम का सजीव प्रसारण,ग्रामीणों को सौंपे गए स्वामित्व पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा /सिद्‌बौर/ सिरौली गौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक परिसर स्थित जनलोक सभागार में स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।तदोउपरांत विकास खंड निंदूरा में स्वामित्व योजना के तहत पांच ग्राम पंचायतों पिंडसावा , ओदार, ओदरिया, चकिया, मोहसंड के करीब एक सौ लोगों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किए गए। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख ने रामू गुप्ता ने पांच ग्राम पंचायतों के करीब सौ लाभार्थियों को घरौनी सौंपी।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रामू गुप्ता ने कहा कि अभी तक घरों के मालिकाना हक का कानूनी दस्तावेज नहीं था।अब घरौनी के रूप में घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। उन्होंने बताया कि अब घरौनी से घरों पर बैंक से कर्ज लेने की सुविधा रहेगी। इस मौके बीडीओ आलोक कुमार वर्मा,सहायक विकास अधिकारी अनील कुमार,कानूनगो कैलाश बहादुर, लेखपाल उमेश पाठक, प्रिंस शर्मा कपिल आदि लोग उपस्थित रहे।



### क्या है स्वामित्व योजना

स्वामित्व पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूमि पार्सल का मानचित्रण करके संपत्ति के मालिकों को कानूनी स्वामित्व कार्ड जारी करने के साथ गांव के घरेलू मालिकों को अधिकारों का रिकार्ड प्रदान करती है।

स्वामित्व योजना का उद्देश्य - इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना , ग्रामीण परिवारों की जमीन की ऑनलाइन स्थिति दर्ज कराना, जमीनों की मैपिंग और उनके सही मालिकों को उनका हक दिलाना और इस माध्यम से जमीनी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है ।ग्रामीण विकास को एक नई दिशा देना है। दिलाई गई नशा उन्मूलन और स्वच्छता शपथ - घरौनी वितरण के बाद ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता और नशा उन्मूलन हेतु शपथ दिलाई।



इसी क्रम में सिद्धौर विकास खंड सभागार में ,प्रधान मंत्री का लाइब प्रसारण देखा गया। पांच ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड (घरौनी)का वितरण किया गया।इसके अलावा ब्लाक क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में भी स्वामित्व कार्ड घरौनी वितरित की गयी। कोई 210ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड (घरौनी)का वितरण किया गया। अवसर पर एडीओ पंचायत उमेश चंद पटेल, लघु सिंचाई अवरअभियंता सोमवीर सिंह यादव, एडीओ कोऑपरेटिव शैलेंद्र कुमार,ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान,समेत लाभार्थी जन मौजूद रहे। सिरौली गौसपुर प्रतिनिधि के मुताबिक प्रमुख रेनू वर्मा, खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव और सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने करौरा, थानाडीह, बाहूँपुर, मेलारायगंज समेत सात गांवों के 34 ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए।

मौली प्रतिदिन ने बताया कि ब्लाक सभागार मसौली में स्वामित्व योजना के तहत क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतो के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के उद्‌बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गयी।

# स्वामित्व योजना से भाई-भाई के पारिवारिक विवाद होंगे खत्म : राज्यपाल

- जिले में वितरित किए जाएंगे दो लाख 57 हजार स्वामित्व पत्र
- नशे से दूर रहने व स्वच्छता रखने की दिलाई शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित कर इतिहास रच दिया। यह कार्यक्रम 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित हुआ। जिसके क्रम में जिले में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व कार्ड के वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम सहित सभी तहसील सभागर में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने बताया कि जनपद के समस्त विकासखंडों की सभी पंचायतो में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शहर स्थित जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को सशक्त बनाना है, जिनके पास अपने घरों का कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है।

यह योजना न केवल गरीब परिवारों को दबंगों के कब्जे और भूमि विवादों से सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सक्षम बनाती है। इस योजना से भाई-भाई के बीच पारिवारिक विवाद खत्म हो जाएंगे। खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड वितरित कर आज सरकार ने लाखों विवादों को एक झटके में खत्म कर दिया है। इस कार्य की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है।

डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया शनिवार को जिले के सभी 15 ब्लॉकों में एक साथ घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में एक नई आशा की किरण लेकर आई है। जिले में दो लाख 57 हजार से अधिक घरौनी वितरण की जानी है। जिसके क्रम में जीआईसी ऑडिटोरियम में 500 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व योजना, मेरी पंचायत ऐप घरौनी एवं स्वामित्व कार्ड सहित एम फॉर्म ऐप पर समस्त कार्यक्रम की सूचना अपलोड के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन से पूर्व महामहिम राज्यपाल ने सभी को नशे से दूर रहने और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्षा मा0 राजरानी रावत, एमएलसी मा0 अंगद सिंह, विधायक कुर्सी मा0 साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक हैदरगढ़ मा0 दिनेश रावत, जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, जॉइन मजिस्ट्रेट श्री आर जगत साईं, एडीएम श्री इन्द्रसेन, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

### नौकरी एवं प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नौकरी एव प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी करने के दो मामले थाना सफदरगंज मे दर्ज किये गये पुलिस ठगी के दोनो मामलो की जाँच शुरु कर दी है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौली निवासी विवेक कुमार वर्मा पुत्र सभाजीत व बाल किशुन प्रजापति पुत्र रामलाल ने सफदरगंज थाने मे तहरीर देकर देवा थाना क्षेत्र के ग्राम अडौरा निवासी शुभम पुत्र रामनरायण पर आरोप लगाया कि इलाहाबाद मे नौकरी दिलाने के नाम पर हम दोनो लोगो से 20 व 27 हजार रुपये ले लिया तथा नौकरी नही दिलाई हम लोगो ने जब ज्यादा प्रयास किया तो इलाहाबाद बुलाकर दो महीने कमरे मे बंद रखा। पीड़ित किसी तरह छुटकर घर आकर पुलिस को आप बीती सुनाई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।वही थाना क्षेत्र के ग्राम पलहरी निवासी मो0 आलम पुत्र नूर मोहम्मद ने सफदरगंज मे तहरीर देते हुए बताया घासमंडी राशिदा आपार्टमेंट थाना ठाकुरगंज लखनऊ निवासी इरितजा अली उर्फ़ साहिल जो मेरे पूर्व से परिचित थे जिन्होंने बताया कि उत्तराखंड मे अजहर नामक एक व्यक्ति के पास एक आवासीय प्लाट बिकाऊ है जिन्हे मैने 3 लाख रुपये नगद व 2 लाख रुपये अजहर के खाते मे दे दिया।

### शनिदेव की मूर्ति स्थापना , एवं भंडारे का आयोजन

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोटवाधाम चौराहे पर शनिवार को एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। ब्रह्मदेव जी महाराज के स्थान पर समाजसेवी श्याम मनोरथ रावत (रामू काका) के नेतृत्व में शनिदेव महाराज की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की गई ।विधिवत पूजा-अर्चना के साथ दोपहर में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें खिचड़ी, पूड़ी, सब्जी, बूंदी और तिल के लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया ।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव, संतोष रावत और विनोद रावत सहित कई प्रमुख नेताओं ने शिरकत की। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया ।आयोजक श्याम मनोरथ रावत ने बताया कि अब शनिदेव के भक्त यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। यह स्थान क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र बनेगा।

### संगठन में शिक्षकों को सौंपी गई नवीन जिम्मेदारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्राथमिक विद्यालय मीरापुर में हुई इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से तीन वरिष्ठ शिक्षकों को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। नए संरक्षकों में कृष्ण चंद्र बाजपेई, जो उच्च प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक हैं, उदय प्रताप सिंह, जो कंपोजिट विद्यालय किन्तूर में सहायक अध्यापक हैं, और आनंद सिंह, जो कंपोजिट विद्यालय बरौलिया में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, शामिल हैं। अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने तीनों को मनोनयन पत्र सौंपा ।बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त संरक्षकों ने शिक्षक और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंत्री शिवाजी मिश्र, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, विजय यादव, दिवाकर सिंह, संयुक्त मंत्री पवन मिश्र, शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्र समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद कुमार, शादाब अंसारी, राकेश कुमार, अमरेंद्र चतुर्वेदी, अमर दीप, आकाश वर्मा, कृपाराम, नीरज तिवारी और आदर्श सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### ससुरालिजनो की प्रताड़ना से आहत ,विवाहिता ने एसपी से लगाई गुजार

**मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो माह पूर्व जिस हंसी खुशी से मायके से विदा होकर ससुराल पहुंची विवाहिता को ससुराली जनो ने दहेज को लेकर इतना परेशान किया कि महिला को पुलिस अधीक्षक से शिकायत करनी पड़ी आख़िरकार एसपी के आदेश पर ससुराली जनो पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम डाडियामऊ कटरा निवासी श्यामू बंसल की पुत्री कोमल बंसल का 22 नवंबर 2024 को जनपद बहराइच के कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बरखुरपुर निवासी श्याम बाबू पुत्र राजमल के साथ हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार हुआ था तथा अपनी हैसियत के मुताबिक उपहार स्वरूप दान दहेज भी दिया था। परन्तु ससुराल पक्ष व पति दहेज से संतुष्ट नही थे। ससुराली पक्ष सोने की चैन, बाइक और पचास हजार रुपए की आये दिन मांग किया करते थे। इसी बात को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे तथा आये दिन शराब के नशे मे आकर पीड़िता के माता पिता को आपत्तिजनक गालियां देकर प्रताड़ित दहेज की मांग पूरी न होने पर 5 जनवरी 2025 को पति,सास राजपति पत्नी , ससुर राजमल पुत्र सूर्य लाल,जेठ बहादुर व महाराजदीन, देवर प्रदीप ने सभी लोगों के साथ मुझे मारा पीटा ।पीड़िता की शिकायत पर डायल 112 ने पहुँचकर मामले का शांत कराकर मायके पक्ष से बात करायी। 6 जनवरी 2025 को मायके बुला लाये ।ससुराल से आते समय लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए सारे जेवरात छीन लिए और धमकी देते हुए कहा कि बिना दहेज के आयी तो जान से मार देंगे ।पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए एसपी बाराबंकी ने मसौली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए। जिस पर कार्यवाही करते हुए मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पुलिस ने तस्कर को भेजा जेल

**जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जैदपुर कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सईद पुत्र अकील अहमद निवासी मोहल्ला बाजार रसौली थाना सफदरगंज बाराबंकी को ग्राम शहजादपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के पास से 150 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना जैदपुर पर संबंधित धाराओं एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया ।इसी क्रम में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त कफील पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम शहावपुर थाना मसौली जनपद बाराबंकी को चंदौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### धनुष यज्ञ के साथ रामलीला का हुआ मंचन

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तिलवा पूजन के साथ ग्राम बड़ागाँव में शुरू हुई ऐतिहासिक धनुषयज्ञ रामलीला में दूसरे दिन अयोध्या से आये श्री मारुति नंदन आदर्श सेवा संस्थान के कलाकारो द्वारा ताड़का वध का मंचन किया गया। शनिवार की रात को रामलीला मंच पर प्रथम दृश्य में विश्वामित्र अपना यज्ञ करते हैं और राक्षस उनके यज्ञ में विघ्न डालते हैं। इस दौरान उन्हें पता चलता है कि विष्णु का अवतार हो चुका है और इसी कार्य के लिए हुआ है। इसके बाद वे राम-लक्ष्मण दोनों को मांगने के लिए चलते हैं। दूसरे दृश्य में विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचकर राम लक्ष्मण को मांगते हैं, परंतु वे प्रेमवश मना कर देते हैं, जिससे विश्वामित्र नाराज हो जाते हैं। इसके बाद गुरु वशिष्ठ के समझाने पर विश्वामित्र को राम लक्ष्मण सौंप को देते हैं। विश्वामित्र दोनों भाइयों को लेकर वन की ओर जाते हैं और बताते है कि यहां पर ताड़का नाम की राक्षसी अपने पुत्र सुबाहु, मारीच के साथ रहती है और वह सुकेतु यक्ष की पुत्री है। अगस्त ऋषि के श्राप के कारण इस वन में रह कर उत्पात मचाती है। इसलिए वह राम को कहते हैं कि इस राक्षसी का का वध करना आवश्यक है। इसके बाद युद्ध होता है, जिसमें राम के हाथों ताड़का का वध होता है। इसके बाद आगे चलकर विश्वामित्र राम को अहिल्या के बारे में बताते है कि यह पत्थर की शिला श्राप के कारण पत्थर बन गई थी। इसके बाद राम अहिल्या का उद्धार करते हैं।

### खिचड़ी तहरी भोज में पधारे विधायक गौरव, भव्स्वागत

**सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत के दक्षिणी अंसारी वार्ड के सभासद राहुल यादव द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में पधारे सपा के जैदपुर विधायक गौरव रावत को आयोजक श्री यादव ने पुष्प की माला पहना,व साल भेंट कर स्वागत किया ।इस मौके पर विधायक श्री रावत ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट करने के लिए तहरी भोज का आयोजन किया गया ।आयोजन से आपसी प्रेम और भाई चारा बढ़ता है ।इस अवसर पर जैदपुर विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उबैद सानू ,अंकित वर्मा, सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित तमाम गणमान्य आदि लोग मौजूद रहे।

### गांधीगिरी पर उतरे चौकी इंचार्ज , हेलमेट न पहनने वालों को दिया गुलाब

**हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यातायात जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार पाठक एवं प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन पर चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे पर यातायात जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले को गुलाब का फूल दिया एवं गांधीगिरी से यातायात नियमों के बारे में बताया ।चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव द्वारा एक दुर्घटना की वीडियो भी दिखाई गई जिसमें एक्सीडेंट के दौरान बाइक सवार ने हेलमेट पहन रखा था जिससे उसकी जान बची ।उनके द्वारा बताया गया कि जीवन अनमोल है इसके लिए गंभीर रहे , सफर करते समय यातायात नियमों का पालन करे ।इस दौरान पवन यादव , मनोज कुमार , सौरभ यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# नवागत डीएमशांक ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में टेका माथा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शनिवार को प्रातः कार्य भार सम्भाला और वीवीआइपी ड्यूटी पश्चात सुप्रसिद्ध तीर्थ महादेव पहुंचे। लोधेश्वर महादेव की चौखट पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। जहाँ पर पंडित अनिल व आदित्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम रामनगर पवन कुमार व तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने नवागत जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। ग्राम प्रधान राजन तिवारी ने अंग वस्त्र व शिवलिंग का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी मौजूद रहे।

# हड़िया कोल आश्रम नेत्र शिविर में अब तक हुए 2140 मोतियाबिंद ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देवा-महादेवा की धरती पर महान संतो एवं महात्माओं ने जन्म लिया है बाराबंकी जनपद अपने मोहब्बत एवं आपसी भाईचारे के लिए विश्व विख्यात है। इसी जनपद में श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल अपने इन्सानियत के मरकज के रूप मे पूरी दुनिया मे अपनी छटा बिखेर रहा है। प्रतिवर्ष बसन्त के पन्द्रह दिन पूर्व रामवन कुटीर आश्रम सभी जाति धर्म के हजारों लोगों को रोशनी प्रदान कर रहा है एवं जटिल रोगों के आपरेशन कर लोगों को पीड़ा से मुक्त कर रहा है आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि सत्रह जनवरी दिन शुक्रवार तक एशिया के प्रसिद्ध डॉ जैकब प्रभाकर जालंधर (पंजाब) की टीम द्वारा 2140 सफल नेत्र (मोतियाबिन्द) के आपरेशन कर दिये गये हैं। 2140 मरीजों को आश्रम के महन्त भगवानदास जी ने एक महीने की दवाई देकर विदा कर दिया है। आज भी बड़ी संख्या मे मरीजों के आपरेशन का क्रम जारी रहा आपरेशन करने वाली डॉ जैकब प्रभाकर की टीम प्रभु ईसा मसीह को मानने वाली मिशनरी टीम है। शनिवार के दिन सभी धर्मों के मानने वाले प्रबुद्ध जनों ने शुक्रवार के दिन तक हुई सर्जरी के मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए सर्वधर्म प्रार्थना रोग हरण श्री हनुमान जी के मंदिर मे की मरीजों की सेवा करने के लिए पश्चिम बंगाल के रेडीमेड कपड़ो के निर्माता बड़ा बाजार कलकत्ता निवासी रामकिशन राठी प्रयाग नारायण जी, बजरंगी मलानी, रमेश मुंदड़ा अपनी टीम के साथ आकर मरीजों को कम्बल कपड़े निःशुल्क वितरित कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सी0एम0ओ0 डॉ अवधेश कुमार यादव के निर्देश पर डीके श्रीवास्तव कार्यक्रम अधिकारी, टीएन वर्मा वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी, राम अचल नेत्र परीक्षण अधिकारी ने शिविर कर अपनी रिपोर्ट सी0एम0ओ0 ऑफिस में प्रेषित की।



# एसबीआई में हथियारों से लैस घुसे बदमाश ने सुरक्षाकर्मी समेत तीन को किया घायल

एजेंसी

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा स्थित एसबीआई बैंक में मौजूद बैंक कर्मियों और ग्राहकों के बीच उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब शनिवार सुबह एक बदमाश हाथ में चाकू लेकर बैंक में घुसकर सुरक्षाकर्मी पर हमला कर दिया। सुरक्षाकर्मी पर हमला देख बैंक मैनेजर और कैशियर बदमाश को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े लेकिन बदमाश ने चाकुओं से उन पर भी कई जानलेवा वार कर दिया। घायल होने के बावजूद बैंकर्मियों ने हमलावर को रस्सी से बांधकर पकड़ कर लिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बैंककर्मियों और सुरक्षाकर्मी को इलाज के अस्पताल में भर्ती करवाकर मामले की जांच में जुट गई।

घटना शनिवार सुबह की है जब भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पतारा शाखा में सुबह का समय होने की वजह से भीड़भाड़ कम थी। इस दौरान साइकिल सवार युवक हाथों में चाकू लेकर बैंक के अंदर प्रवेश करने लगा। उसके हाथ मे चाकू देख सुरक्षाकर्मी ने उसे अंदर जाने से रोका लेकिन इतनी ही देर में बदमाश ने सुरक्षाकर्मी पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। जिससे बैंक में चीख पुकार मच गई। हमलावर को रोकने और उसे पकड़ने के लिए बैंक कैशियर और मैनेजर भी बदमाश पर झपटे लेकिन उसने दोनों को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल होने के बावजूद बैंकर्मियों ने बदमाश पर काबू पाते हुए से रस्सी से बांधकर पकड़ लिया। चूंकि घटना बैंक से जुड़ी हुई थी इसलिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव समेत दक्षिण जोन का तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बैंकर्मियों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तो वहीं हाथापाई और बीच बचाव में घायल हुए बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बदमाश के पास से एक चाकू, दो धारदार नुकीले हथियार समेत एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। हालांकि हमलावर अज्ञात है, उसने ऐसा क्यो किया? इसके पीछे उसकी क्या मंसा थी? ऐसे तमाम सवालों के जवाब पाने के लिए पुलिस टीम अज्ञात हमलावर से पूछताछ कर रही है।




# घरौनी घर का प्रमाण , दूर होंगे विवाद : पूर्व विधायक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । गांव में आबादी की जमीनों से संबंधित विवादों को समाप्त करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार के द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत लोगों को गृह स्वामित्व संबंधी कागजात वितरित किए जा रहे हैं ।जिसके क्रम में तहसील रामनगर के सभागार में घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के द्वारा भू-स्वामियों को घरौनी पत्र वितरण किए गए।उप जिलाधिकारी पवन कुमार के द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप तहसील क्षेत्र में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में लगभग 24 हजार गृह स्वामित्व संबंधी कागजात (घरौनी) का वितरण कराया गया हैं ।उप जिलाधिकारी ने बताया कि घरौनी ग्रामीणों के लिए पूंजी का स्रोत होगी।उन्होंने कहा कि अभी तक लोगों को खेत के स्वामित्व संबंधी खतौनी मिलती थी।उसी तरह सभी को घर व उसके आसपास भूमि के स्वामित्व संबंधी घरौनी मिल सकेगी।जिससे आए दिन होने वाले विवादों से छुटकारा मिल सकेगा।एसडीएम ने सभागार में मौजूद लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।इस अवसर पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार ग्राम सचिव निखिल कनौजिया अमित मौर्य आरके अनिल श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस ने करोड़ो के मोबाइल चोरी में 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

❑ 60 लाख रुपये का माल बरामद किया इसी कांड मे 6 अभियुक्त पहले से है हिरासत मे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो कंटेनरों से मोबाइल फोन चोरी करने में माहिर था। इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 60 लाख रुपये से अधिक का माल बरामद किया है। क्या है मामलाः दिनांक 10 जनवरी, 2025 को एक शिकायत मिली थी कि दिल्ली से कोलकाता जा रहे एक ट्रक से 1.75 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। ट्रक के जीपीएस रिकॉर्ड से पता चला था कि ट्रक को इटावा के नारायण ढाबे पर काफी देर तक रोका गया था और इसी दौरान चोरी की घटना हुई थी। पुलिस की कार्रवाईः इस मामले में इटावा पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' नाम से एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत एसओजी और इकदिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 202 मोबाइल फोन, चोरी के उपकरण और 10.5 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई थी। इसके बाद पुलिस ने अपनी जांच जारी रखी और 18 जनवरी को चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 53 मोबाइल फोन, 15.68 लाख रुपये की नकदी, एक सोने का हार और एक क्रेटा कार बरामद हुई।

# सात अपराधियों के विरूद्ध पुलिस ने की गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा द्वारा गैंग लीडर ईश्वरचंद्र जायसवाल उर्फ पिंटू जायसवाल समेत अन्य सात अन्य अभियुक्तो के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्यवाही किया है। एसएसपी ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गैंग का लीडर ईश्वरचंद्र जायसवाल उर्फ पिंटू जायसवाल उपरोक्त स्वयं और अपने गिरोह के 6 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से भूमि का क्रय-विक्रय करने का अपराध कारित करने जैसे अन्य गम्भीर अपराध कारित करते रहते हैं ।

गैंग के सरगना एवं अन्य 6 सदस्यों का सामान्यतः आमजन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है।

जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु डीएम गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट तैयार कर गैंग लीडर ईश्वरचंद्र जायसवाल उर्फ पिंटू जायसवाल व गिरोह के अन्य 06 सदस्यों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मु0अ0सं0 28/2024 धारा 2(ख)(द्व) (ब्द्व)/ 3(द्व) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी मुकदमा के चाचा की जमीन बैनामा करा लेने के संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आरोपियों में ईश्वरचंद्र जायसवाल उर्फ पिंटू जायसवाल पुत्र राजाराम निवासी शत्रुघ्नपुर फुटहवाइनार थाना चौरीचौरा गोरखपुर गैंग लीडर, शेषनाथ पुत्र सिंहासन यादव निवासी देवकहिया सरदार नगर थाना चौरीचौरा( गैंग सदस्य ), प्रिंस जायसवाल पुत्र सुभाष जायसवाल निवासी मंसूरगंज थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर गैंग सदस्य,राजू सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह निवासी देवकहिया सरदार नगर थाना चौरी चौरा गैंग सदस्य, सुनील जायसवाल पुत्र नेबुलाल निवासी दुबौली थाना झंगहा गैंग सदस्य, हरभजन सिंह पुत्र वेंकटेश्वर सिंह निवासी दुबौली थाना झंगहा गैंग सदस्य, पवन जायसवाल पुत्र राधेश्याम जयसवाल निवासी शत्रुघ्नपुर फुटहवाइनार थाना थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर गैंग सदस्य के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई है।

# टोयोटा में लॉन्च की नई टोयोटा कैमरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राजेन्द्र टोयोटा नेआज नई टोयोटा कैमरी 2025 का शुभारंभ किया। इस आयोजन में टोयोटा की नवीनतम और उन्नत टेक्नोलॉजी से सुसज्जित इस कार को प्रस्तुत किया गया है।

इसका अनावरण द्धउक्र के क्क्ख्र कुमार आनंद ने किया।इस दौरान राजेन्द्र टोयोटा के महाप्रबंधक अभिषेक तिवारी ने नई कैमरी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई टोयोटा कैमरी 2025 को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि यह स्टाइल, परफॉर्मेंस और लग्ज़री का एक बेहतरीन संयोजन पेश करती है। इसमें हाइब्रिड टेक्नोलॉजी, अत्याधुनिक इंटीरियर्स और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स शामिल हैं, जो इसे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक आदर्श विकल्प बनाते हैं।इस अवसर पर राजेन्द्र टोयोटा के सर्विस महाप्रबंधक प्रभात रंजन शुक्ला ने कार की सुरक्षा विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि टोयोटा की हमेशा से प्राथमिकता सुरक्षा रही है, और नई कैमरी 2025 इस दिशा में एक और कदम है। इस दौरान टोयोटा के जीएम पी आर शुक्ला सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल,हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खुटार। साइकिल से घर वापस लौट रहे थे एक वृद्ध को सामने से आ रहे किसी बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा होते ही बाइक चालक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल को खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।थाना क्षेत्र के गांव सरेली में रहने वाले श्री राम गुप्ता (60) साइकिल से नगर खुटार के तिकुनिया चौराहे पर किसी कार्यवश आए थे जहां से वह करीब 2 बजे वापस घर जा रहे थे।तभी रास्ते में खुटार मैलानी मार्ग पर बालाजी मंदिर मोड़ के पास सामने से आ रहे किसी बाइक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल श्री राम गुप्ता को खुटार के सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।उधर हादसे के बाद बाइक चालक मौका पाकर वहां से फरार हो गया लोगों ने उसकी बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# ररुआ में सफाई व्यवस्था ठप्प बजवाती नालियां गंदगी के लगे ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंडा,शाहजहांपुर। ब्लाक बंडा के ग्राम ररूआ में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प हो चुकी है।हर जगह बज बजाती नालियां व गंदगी के अंबार लगे हुए। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान की मिली भगत से गांव में सफाई कर्मी साफ सफाई नहीं हो पा रही है। बताते चलें कि ग्राम पंचायत ररूआ में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही एवं जिम्मेदार योगी सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गांव में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी है नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा अधिकांश सफाई कर्मी बाबू बन गए ऐसे में गंदगी पूरी तरह से बेकाबू होती जा रही है।सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब गांव में सफाई कर्मी नहीं पहुंच रहे अनेक सफाई कर्मियों को अफसरों ने अपने दफ्तरों से अटैच कर रखा कई से तो बाबू गिरी का काम लिया जा रहा है।गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही है सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।ग्रामीणों ने बताया सफाई कर्मी ग्राम पंचायत ररूआ में प्रधान के घर या स्कूल के आसपास सफाई कर वापस लौट जाता है। गंदगी से होने वाले वृद्ध और बच्चों में संक्रमण फैलने का डर बना हुआ।इधर खंड विकास अधिकारी बंडा ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुड़िया कुर्मियात के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गूंजी किलकारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंडा, शाहजहांपुर। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़िया कुर्मियात पर बच्चों की किलकारियां गूंजी। स्वास्थ्य केंद्र पर दो सुरक्षित प्रसव कराकर डिलीवरी प्वाइंट का शुभारंभ हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके गौतम के दिशा निर्देशन में चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा व स्टाफ के अथक प्रयासों से मुड़िया कुर्मियात में प्रसव सेवा का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़िया कुर्मियात पर दो महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के साथ बच्चों की किलकारियां गूंजी।

स्टाफ द्वारा मुड़िया कुर्मियात निवासी आसमा पत्नी सोनू व विल्छी निवासी रीमा पत्नी गोपाल का सुरक्षित प्रसव किया गया। लम्बे समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिलीवरी कराने के लिए तैयारियां चल रहीं थीं।स्टाफ के प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को इसका शुभारंभ कर दिया गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अब क्षेत्र के लोगों को समय रहते सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा ने बताया कि सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा होने पर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आयें। सरकार द्वारा प्रसव पूर्व जांचों, टीकाकरण, अल्ट्रासाउंड की सुविधा निःशुल्क दी जाती है।

## जलालाबाद की पूरी विधानसभा में तेजी से फ़ेल रहा सड़कों का जाल

**शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने ग्राम कुनिया भरतपुर चिकटिया में 3 करोड़ 86 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया उन्होंने बताया जो ग्राम आजादी के बाद से उपेक्षित थे जिन्हें कभी कच्चा खड़ंजा नहीं मिला आज उन ग्रामों को हॉट मिक्स मटेरियल जैसी नवीन तकनीक से निर्मित सड़के मिल रही हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव गरीब किसान को हित में रखते हुए तेजी से विकास का कार्य कर रही है। वहीं विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि किसी भी कीमत पर विकास का पहिया हल्का नहीं होने दिया जाएगा।

## डीडीयू गोरखपुर ने हीरक जयंती समारोह के लिए संचालन समिति का किया गठन

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयूजीयू) ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती समारोह की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर के सफल आयोजन हेतु, कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने एक संचालन समिति का गठन किया है।इस समिति की संयोजक अंग्रेजी विभाग की प्रो. नंदिता सिंह होंगी, जबकि रक्षा अध्ययन विभाग के प्रो. हर्ष सिन्हा और पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष प्रो. निखिल कांत शुक्ल सह-संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में प्रो-वाइस चांसलर प्रो. शांतनु रस्तोगी, सभी संकायों के डीन, छात्र कल्याण डीन, प्रॉक्टर, आईपीपीआर निदेशक, अधीक्षण अभियंता, रजिस्ट्रार और वित्त अधिकारी शामिल हैं। हीरक जयंती समारोह के अंतर्गत, विश्वविद्यालय युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक डॉक्यूमेंट्री और गीत तैयार करने की योजना बना रहा है। यह डॉक्यूमेंट्री न्यूनतम 15 मिनट की होगी और इसे फाइन आर्ट्स एवं पत्रकारिता विभाग के सहयोग से तैयार किया जाएगा। कुलपति प्रो. टंडन ने संबंधित विभागाध्यक्षों को इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## एसपी जीआरपी ने मातहतों संग किया गूगल मीट, दिए निर्देश

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर संदीप कुमार मीना द्वारा महाकुम्भ -2025 के दृष्टिगत गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा मीटिंग की गई। एसपी रेलवे श्री मीना ने पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय जीआरपी अनुभाग गोरखपुर से महाकुम्भ- 2025 के दृष्टिगत गूगल मीट द्वारा समस्त थाना/चौकी व अस्थायी चौकी प्रभारियों का अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा हेतु समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे 12 बिंदुओं पर दिशा निर्देश निर्गत किए गए। जिसमें द्वारा अनुभाग के समस्त चौकी/थाना प्रभारी को महाकुम्भ- 2025 के दृष्टिगत प्लेटफार्म पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर ठंडी के मौसम के कारण रेलवे प्रशासन व आरपीएफ व सिविल प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किये जाने के साथ सीओ रेलवे गोरखपुर/बलिया व समस्त थाना प्रभारियों को समय-समय पर अस्थायी चौकियों का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे वहां पर नियुक्त कर्मचारियों की समस्यओं के साथ महाकुम्भ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ की जा सके ।

## कच्ची शराब के साथ 6 भेजे गए जेल

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी एव गगहा पुलिस टीम द्वारा ऊंचेर, कौवाराम एवं गजपुर थाना गगहा में स्थित संदिग्ध स्थलों , ईंट भट्ठा,बंद ईंट भट्ठा आदि पर दबिश दी गईं। दबिश के दौरान लगभग 30 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए 6 अभियुक्तों को जेल भेजा गया ।आबकारी विभाग ने बताया कि दबिश के दौरान लगभग 300 किग्रा लहन , भट्ठियों तथा शराब बनाने के उपकरण को मौके पर ही नष्ट किया गया। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह एवं गगहा थानाध्यक्ष गौरव वर्मा मय हमराहियों शामिल रहे।

## उदी मे घरौंनी का वितरण ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत ने किया

**इटावा /उदी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार पंचायत राज विभाग की स्वामित्व योजना कार्यक्रम के तहत आज बढ़पुरा विकास खंड कार्यालय सहित ग्राम पंचायतों में स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को अधिकार पत्र (घरौनी) का वितरण किया गया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से सम्पूर्ण देश के साथ की गयी वार्ता का बेबकास्ट भी दिखाया गया। बढ़पुरा ब्लॉक परिसर में आयोजित स्वामित्व योजना कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत एवं खंड विकास अधिकारी बी बी त्रिपाठी द्वारा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक लाभार्थियों को अधिकार प्रपत्रों का वितरण किया गया। जबकि ग्राम पंचायत उदी ग्राम प्रधान आदित्य भदौरिया की उपस्थिति में तीन दर्जन से अधिक लाभार्थियों को अधिकार पत्र उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर संबंधित ग्राम लेखपाल ,ग्राम रोजगार सेवक एवं ग्राम सचिव गण मौजूद रहे।

# कानूनी संपत्ति कार्ड पाकर ग्रामीणों के खिले चेहरे




कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा /जसवंतनगर। ग्रामीण भारत को संपत्ति के स्वामित्व के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत शनिवार को यहां विकासखंड सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव,उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत और तहसीलदार दिलीप कुमार ने ग्रामीण आबादी वाले घरों के मालिकों को स्वामित्व अधिकार के साथ कानूनी संपत्ति कार्ड यानी कि मालिकाना दस्तावेज घरौनी प्रदान किए। ब्लॉक सभा सभागार में पांच ग्राम पंचायतो कैस्त, निलोई, सिरहोल, मोहब्बतपुर, नगला भगत के ग्रामीणों को जैसे ही अपने घरों के कानूनी संपत्ति कार्ड घरौनी प्राप्त हुए सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

वही 16 ग्राम पंचायतो पर सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह, लेखपालों, पंचायत सचिवों,पंचायत सहायको द्वारा ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की गई।

# जायसवाल को पहली बार वनडे में मिली जगह, बुमराह टीम में शामिल लेकिन उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर

एजेंसी




मुंबई। बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चोट से उबरने के बाद लंबे समय के बाद एकदिवसीय टीम में वापसी की।

टीम में अनुभवी जसप्रीत बुमराह का भी नाम है लेकिन उनकी मौजूदगी फिटनेस हासिल करने पर निर्भर करेगी। ऋषभ पंत और लोकेश राहुल टीम में दो विकेटकीपर होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। शमी ने 2023 में 50 ओवर के विश्व कप के बाद वनडे टीम में वापसी की है। हर्षित राणा को केवल इंग्लैंड श्रृंखला के लिए चुना गया है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' बुमराह को पांच सप्ताह के लिए विश्राम करने के लिए कहा गया था और वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। घरेलू क्रिकेट में 752 रन बनाने के बावजूद करुण नायर टीम में जगह बनाने से चूक गए। अगरकर ने कहा, '' एक और खिलाड़ी के लिए जगह बनाना मुश्किल था और जिन लोगों (बल्लेबाजों) को चुना गया है, उनका औसत 40 से अधिक का है। भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा , हर्षित राणा (केवल इंग्लैंड श्रृंखला के लिए)।

# ओलंपिक पदक, अर्जुन पुरस्कार के बाद भी राज्य सरकार की अनदेखी से निराश है पैरा तीरंदाज राकेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले राकेश कुमार का हौसला अर्जुन पुरस्कार मिलने के बाद सातवें आसमान पर है लेकिन खेलों से देश का नाम रोशन करने वाला यह पैरा तीरंदाज जम्मू कश्मीर सरकार से किसी तरह की मदद नहीं मिलने से निराश है। राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने पेरिस 2024 पैरालंपिक में मिश्रित कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने इटली के एलोनोरा सार्टी और माटेओ बोनासिना के खिलाफ रोमांचक मैच में 156-155 के स्कोर के साथ एक अंक से जीत हासिल की थी। पेरिस ओलंपिक की सफलता के बाद जम्मू कश्मीर के इस 40 साल के तीरंदाज को शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। साल 2013 में एक दुर्घटना के बाद राकेश के शरीर का निचला हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था और तब से व्हीलचेयर पर आ गये। राकेश ने साक्षात्कार में अर्जुन पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लायी। जम्मू में 'श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' की खेल सुविधा में प्रशिक्षण लेने वाले राकेश ने कहा, '' देश में खेलों से जुड़े सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हासिल करने की काफी खुशी है। इस पुरस्कार और पहचान से लगता है कि हमने पिछले सात साल में जो मेहनत की है वह सफल रही।'' राकेश के कहा कि अर्जुन पुरस्कार पाने वाला अपने राज्य का पहला पुरुष होने के बावजूद उन्हें राज्य सरकार से कोई भी मदद नहीं मिली है। राकेश ने कहा, '' जब से अर्जुन पुरस्कार की घोषणा हुई है मेरे पास बधाई संदेशों का तांता लगा हुआ है लेकिन राज्य सरकार के लिए शायद मेरी उपलब्धि का कोई मतलब नहीं। मैं पिछले सात साल से देश के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत रहा हूं लेकिन अभी तक मुझे राज्य सरकार से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है।'' पैरा एशियाई खेलों (चीन 2022) में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाले इस तीरंदाज ने कहा, '' नौकरी या वित्तीय सहायता की बात तो छोड़िए जम्मू कश्मीर सरकार या यहां के खेल परिषद से जुड़े किसी अधिकारी का हमें बधाई संदेश भी नहीं आता है। वे अपने सोशल मीडिया पर भी हमारी उपलब्धियों का जिक्र नहीं करते हैं।'' राकेश को हालांकि उम्मीद है कि राज्य सरकार से उन्हें और जम्मू कश्मीर के अन्य खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, '' 2017 में जब से श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड तीरंदाजी अकादमी शुरू हुई थी मैं तभी से वहीं हूं और अभ्यास कर रहा हूं। श्राइन बोर्ड खिलाड़ी का खर्च तो देता है लेकिन पैरा तीरंदाजी जैसे खेल के साथ अगर सरकार की मदद ना हो तो परिवार चलाना मुश्किल होता है।'' राकेश अपने खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक तक जारी रखना चाहते। वह अपनी आजीविका चलाने के लिए श्राइन बोर्ड की तीरंदाजी अकादमी में कोच का काम भी कर रहे हैं। सड़क दुर्घटना का शिकार होने के बाद राकेश ने कई बार आत्महत्या की कोशिश की लेकिन परिवार की मदद और फिर श्राइन बोर्ड की तीरंदाजी अकादमी से जुड़ने के बाद उनमें सकारात्मक बदलाव आया। राकेश ने कहा, '' दुर्घटना के बाद मेरे शरीर का निचला हिस्सा निष्क्रिय हो गया था। मैं किसी भी काम के लिए पूरी तरह से परिवार के सदस्यों पर निर्भर था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी और मुझे लगता था कि मैं उन पर बोझ बन गया ।

# पीएम मोदी ने दी 65 लाख परिवारों को बड़ी सौगात ,जिले के 15 गांव के 120 लोगों को घरौली वितरित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा । प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा स्वामित्व योजनांतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व जनपद स्तर पर विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत देशभर में 50000 से अधिक गांव में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण एवं योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदोरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो भी गरीब लोग हैं आज उनको यहां प्रदर्शनी पंडाल में घरौनी वितरण की जा रही है इसी तरह गरीब लोगों को सभी योजनाओं का लाभ अवश्य देना चाहिए । उन्होंने कहा कि 15 गांव के 120 लोगों को घरौली वितरण की जा रही है।कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत , महामंत्री शिवाकांत चौधरी ,पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, जिलाधिकारी अवनीश राय ,सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित मा.जनप्रतिनिधि व सम्बन्धित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# भारत सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश : शिवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कर्नाटक के शिमोगा में अन्वेषणा मलनाड स्टार्टअप समिट-2025 में सहभागिता की। समिट को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे युवा ऊर्जा से भरे हैं, उनके पास विजन और अपार क्षमता है। हमारे युवा स्टार्टअप के क्षेत्र में देश-विदेश में खूब नाम कमा रहे हैं। आज गांव-गांव में स्टार्टअप क्रांति हो रही है। एग्रीटेक स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या यह बताती है कि हमारे किसान नई तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने शिमोगा में सुपारी किसानों से संवाद किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश है। कुल सुपारी उत्पादन में 63 प्रतिशत भागीदारी भारत की है। लगभग 58 हजार 664 करोड़ रुपये की सुपारी का पिछले साल उत्पादन हुआ था और लगभग 60 लाख किसान, सुपारी उत्पादन के काम में लगे हुए हैं। किसानों को ठीक दाम मिल पाए, इसके



लिए सरकार कटिबद्ध है। देश में अगर कोई सुपारी इम्पोर्ट करेगा तो 100 प्रतिशत इम्पोर्ट ड्यूटी लगाई जाएगी, ताकि बाहर से आने वाली सुपारी महंगी आए। अवैध सुपारी भी यहां बड़ी चुनौती है, जिसकी क्वालिटी भी ठीक नहीं होती है। अवैध सुपारी लाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति ने एलएसडी और व्हायएलडी जैसी बीमारियों को रोकने के लिए उपाय सुझाए है, जो सिफारिशें की हैं, इस पर जो योजना बनी है उसमें केन्द्र का हिस्सा 67 करोड़ रुपये हम इसी बजट में प्रावधान करके लागू करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए हमारी छह सूत्री रणनीति है। इसमें उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, फसल के ठीक दाम देना, नुकसान हो जाए तो भरपाई करना, खेती का विविधीकरण और ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ना शामिल है।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को ठीक दाम देने के लिए वैल्यू एडिशन जरूरी है, कुछ एफपीओ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, एक एफपीओ का टर्नओवर तो 60 करोड़ रुपये से ज्यादा है, ये एफपीओ नई कृषि क्रांति कर सकते हैं। अकेला किसान नहीं, एफपीओ ब्रांडिंग, मार्केटिंग वैल्यू एडिशन करें, और इसे करने के लिए हमारे स्टार्टअप्स तैयार खड़े हैं। एफपीओ और स्टार्टअप्स मिल जाएं। हमारे छात्रों के पास नए-नए आईडियाज़ हैं, आईडियाज़ को जमीन पर उतारकर कृषि क्षेत्र में बेहतर काम किया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। कृषि के आधुनिकीकरण के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें आवश्यक सहयोग और संसाधन भी उपलब्ध करा रहा है।

### जरीवाल की कार पर हमले के आरोप पर भाजपा का पलटवार कहा–

# हार के डर से आआपा कर रही है ड्रामा

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर माहौल गर्माता दिखाई दे रहा है। शनिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर प्रचार के दौरान हुए हमले ने सियासत को और गरमा दिया है। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते वक्त केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर फेंके गए। आम आदमी पार्टी ने इस घटना के लिए भाजपा समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। इस आरोप को खारिज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इसे सहानुभूति बटोरने की



राजनीति बताया। भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे हार के डर से एक ड्रामा करार दिया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जानते हैं कि वह नई दिल्ली से चुनाव हार रहे हैं। अब वह अपनी कार से नई दिल्ली के युवाओं को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं, जो उनसे पिछले 10 सालों के काम का हिसाब मांग रहे हैं। यह गैरकानूनी है और इस पर धारा 107 के तहत कार्रवाई हो सकती है। प्रदीप भंडारी ने कहा कि यह हमला किसी भी भाजपा कार्यकर्ता ने नहीं किया है। आआपा हर बार चुनावों से पहले इसी तरह का ड्रामा करती है ताकि खुद को पीड़ित दिखा सके। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आआपा को अराजकतावादी प्रभारी पार्टी' करार दिया जाना चाहिए । पूनावाला ने कहा कि जिस तरह से अरविंद केजरीवाल ने तीन युवकों को कुचल दिया, वह उनकी मानसिकता और आप के भीतर की हताशा को दिखाता है। यह घटना और कुछ नहीं बल्कि पीड़ित कार्ड खेलने के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा किया गया 'प्रायोजित हमला' है। यह उनकी पुरानी आदत है- वे लोगों के वास्तविक सवालों के जवाब देने से बचने के लिए नाटक बनाते हैं। बेरोजगारी और शासन की विफलताओं को संबोधित करने के बजाय, वे नौटंकी और हिंसा का सहारा लेते हैं।

## भारत रंग महोत्सव में पहली बार होगी ताइवानी नाट्य प्रस्तुति, कर्ण की कथा का होगा रोचक मंचन

नई दिल्ली भारतीय पौराणिक कथाओं के सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक, कर्ण की कहानी एक नए रूप में भारत रंग महोत्सव में देखने को मिलेगी। फरवरी में आयोजित होने वाले 24वें भारत रंग महोत्सव (भारंगम) में महाभारत में कर्ण की कहानी का रोचक मंचन ताइवानी कलाकार करेंगे। यह नाटक चीनी और अंग्रेजी भाषा में होगा। भारतीय मूल के एक प्रमुख ताइवानी थिएटर कलाकार चोंगथम जयंत मीतेई कर्ण नाटक का निर्देशन कर रही हैं। चोंगथम जयंत द्वारा निर्देशित कर्ण नामक इस नाटक मंचन 2023 में ताइवान ओपेरा महोत्सव में पहल बार किया गया था जिसे दर्शकों ने खूब सराहा गया था। अब कर्ण नाटक के माध्यम से ताइवान की कलात्मक विरासत और भारत की कथा कहने की कला का अदभुत संगम का अनुभव करने का मौका भारंगम में दर्शकों को मिलेगा। कर्ण नाट्य प्रस्तुति 11 फरवरी को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में और 13 फरवरी को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। इस नाटक में पारंपरिक भारतीय कथाओं को समकालीन नाट्य तत्वों और चीनी ओपेरा की भव्यता के साथ मिश्रित किया गया है। कर्ण नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में ताइवान के चाओ हि्सन और चेन कुआन-तिएन के साथ-साथ भारतीय कलाकार मोहम्मद शाहनवाज, मेधा ऐच और सायन सरकार शामिल हैं। इस नाट्य में प्रसिद्ध संगीतकार सुनीत कुमार बोरा और भास्कर ज्योति कोंवर ने संगीत दिया है। नई दिल्ली में ताइवान के डि.फ़ेक्टो दूतावास के रूप में कार्य कर रहे ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (टीईसीसी) के उप प्रतिनिधि रॉबर्ट एचएसआईईएच ब्रो-हुई ने मीडिया के साथ बातचीत में बताया कि नाट्य प्रस्तुति कर्ण सिर्फ एक नाटक होने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह नाटक ताइवान और भारत के बीच सांस्कृतिक पुल के तौर पर दोनों देशों के बीच संबंध को मजबूत करने का काम भी करेगा। उन्होंने कहा कि महाभारत के महत्वपूर्ण पात्र कर्ण की कथा कई बार कही और मंचित की गई है लेकिन ताइवानी कलाकार द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली पारंपरिक कला के साथ आधुनिक तकनीकों के संगम का अनूठा उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि ताइवानी कलाकारों का भारत के लोगों के लिए एक मीठा उपहार है कर्ण का मंचन, उम्मीद है लोग इसे खूब पसंद करेंगे।

टीईसीसी की सहायक प्रतिनिधि लिसिन पी.एच लिन ने उम्मीद जताई कि कर्ण नई दिल्ली और जयपुर में लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगी। यह प्रस्तुति भारत और ताइवान के बीच एक अद्वितीय कलात्मक सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। कर्ण नाटक के कलाकार महाकाव्य महाभारत की कथा को एक अनूठी और विविध परंपराओं के अभिनय को एक मंच पर ला कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि नाट्य प्रस्तुति कर्ण को वार्षिक 24वें भारत रंग महोत्सव के भव्य समापन नाटक के रूप में मंचित किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### घरौनी...

दिये कि शेष गांव में तय समय में पैमाइश कराकर लोगों को घरौनी दी जाए। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को सर्वे ऑफ इंडिया से वार्ता करने के निर्देश दिये। साथ ही ड्रोन सर्वे के लिए ड्रोन दीदी की सहायता लेने के निर्देश दिये। ऐसे में समय रहते शेष ग्रामीणों को घरौनी प्राप्त हो जाएगी। इससे जहां एक ओर राजस्व से जुड़े हुए तमाम वादों का निस्तारण होगा, वहीं आर्थिक विकास में भी तेजी आएगी। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, विधायक नीरज बोरा, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### महाकुम्भ...

श्री राम का उदघोष किया। वहीं संगम पर चारों तरफ हर हर गंगे, बम बम भोले गुंजायमान हो रहा है।

मध्य प्रदेश से आए स्वामी तन्मयनंद पुरी बाबा बताते हैं कि 144 वर्ष बाद यह शुभ घड़ी आई है, जिसके लिए योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से ही संगम के किनारे रेत पर सुबह शाम साधु संत राम नाम का भजन कर पा रहे हैं। यह सब योगी महाराज की ही कृपा से संभव हो पाया है।

मेले में पहुंचे गाड़ी वाले बाबा ने बीमार, असक्त होने या अन्य किसी प्रकार से महाकुम्भ में आने में असमर्थ लोगों को गंगा स्नान का संपूर्ण लाभ लेने का उपाय बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग महाकुम्भ आने में किसी कारण से असमर्थ हैं, वह घर में ही गंगाजल लेकर बाल्टी में डालकर पवित्र स्नान करें। इससे गंगा स्नान का पूरा लाभ प्राप्त होगा। गाड़ी वाले बाबा ने योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की।

बड़े बाबा पूरे देश में घूम घूम कर सनातन संस्कृति को मजबूत करते हैं। बड़े बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक सफल मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि सीएम योगी की ही कृपा से यहां महाकुम्भ में इतना बड़ा इंतजाम किया गया है। इतने अफसर कर्मचारी और मजदूर यहां तैनात किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात व्यवस्था में लगे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 100 में 102 नंबर दिए।

### प्रयागराज...

समरसता का भी संगम है। विश्व के सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मैं यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके लिए हार्दिक बधाई देता हूं।

राजनाथ सिंह ने संगम स्नान की फोटो अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर भी पोस्ट की है। राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी व अनिल राजभर के अलावा राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने संगम स्नान के बाद आरती में भी शामिल हुए। राजनाथ सिंह महाकुंभ में आये संतों से भी भेंट करेंगे।

### ग्रामीण...

बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक भी उपस्थित थे। इसके अलावा विद्युत मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य, सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल और विद्युत मंत्रालय के अन्य अधिकारी, सीईए के अध्यक्ष और आरईसी लिमिटेड और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएमडी ने बैठक में भाग लिया।

### अमित...

परिसर का उद्घाटन करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान का दक्षिणी परिसर, एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन का परिसर और सुपौल (9वीं बटालियन) में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र (आरआरसी) का परिसर शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन 2047 के तहत एनआईडीएम और एनडीआरएफ भारत को आपदा-प्रतिरोधी बनाने और देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे मानव संसाधन विकास, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, दस्तावेज़ीकरण और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अमित शाह हैदराबाद में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में एक नए 'एकीकृत इनडोर शूटिंग रेंज' की आधारशिला भी रखेंगे, जहां आईपीएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों को फायरिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह 'एकीकृत इनडोर शूटिंग रेंज' 50 मीटर लंबी होगी और इसमें 10 लेन होंगी, जिससे दस व्यक्ति एक साथ फायरिंग का अभ्यास कर सकेंगे। शूटिंग रेंज सभी मौसम की स्थिति में चालू रहेगी, पूरी तरह से स्वचालित और तकनीकी रूप से उन्नत होगी। इसका निर्माण 27 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस रेंज की अत्याधुनिक तकनीक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी और यह देश के सभी पुलिस संगठनों में एक अनूठी सुविधा होगी।

### महाकुम्भ ...

आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी।

जायसवाल के अनुसार सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा। इस खर्च पर जो लोगों को आय होगी उस पर आयकर तथा अन्य सुविधाओं के अप्रत्यक्ष कर जोड़ दें तो यह आंकड़ा एक लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा मतलब कई गुना आय तो सरकार को ही होगी। ये सारे विश्लेषण और आंकड़े बताते हैं की किताबी आंकड़े भले ही कुछ कहें महाकुम्भ के बाद अगली तिमाही में अर्थ अमृत का प्रसाद मिलने वाला है। तिमाही आकड़े के साथ शेयर बाजार भी नृत्य करेगा।

प्रयागराज के प्रख्यात सीए अनिल गुप्ता के अनुसार महाकुम्भ के भावनात्मक पहलू के साथ ही आर्थिक पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार ने इस बार महाकुम्भ को लेकर जो निवेश किया है उससे बड़े पैमाने पर रेवेन्यू भी जेनरेट होगा। रेलवे ट्रांसपोर्टए इलेक्ट्रिसिटी समेत कुम्भ मेले में रेंट पर जो भूमि आवंटित की गई है इन सभी से व्यापक रेवेन्यू जेनरेट होगा। इन सभी को मिलाकर देखें तो जीएसटी और समस्त इंफ्रास्ट्रक्चर से सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए आय की संभावना है। इस आय को सरकार जब इंफ्रास्ट्रक्चर में डालेगी तो निश्चित रूप से इसका असर इकॉनमी पर भी देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार पूरी दुनिया से लोग आ रहे हैंए इससे टूरिज्म को बहुत बल मिलेगा। अगर सिर्फ प्रयागराज की ही बात करें तो पहले यहां 5 स्टार 7 स्टार होटल नहीं थे अब ये सारे यहां स्थापित हो रहे हैं। निश्चित रूप से इन सभी फैक्टर्स से जीडीपी ग्रोथ में एक प्रतिशत की ग्रोथ आराम से हो जाएगी। जहां तक जीएसटी की बात है तो यह प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश को मिलाकर देखें तो दिसंबर जनवरी और फरवरी में इसके तीन गुना तक बढ़ने की संभावना है।

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड डीन वाणिज्य फैकल्टी एवं वित्त अधिकारी डॉ एके सिंघल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने महाकुम्भ को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं रखी है। इसका प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश की इकॉनमी पर जबर्दस्त असर देखने को मिलेगा। देश विदेश से आ रहे करोड़ों लोग यहां आकर पैसा खर्च करेंगे। चाहे ट्रांसपोर्ट होए लोकल वेंडर्स होए शहर के दुकानदार हों रिक्शा वाले हों टैक्सी वाले होंए नाव वाले हों इनकी आमदनी बढ़ेगी। मेरे अनुमान के अनुसार लगभग 40 से 50 हजार करोड़ रुपए आएगा। यही नहीं सरकार ने जितना खर्च किया है उसका 10 गुना तक उसको लाभ हो सकता है। सरकार को जो पैसा मिलेगा वो विकास में खर्च होगा। सबका साथ सबका विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा फायदा होगा। प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या इससे ज्यादा की भी वृद्धि हो सकती है। इलाहाबाद समेत अयोध्या चित्रकूट वाराणसी विंध्याचल सभी जगह लोग जा रहे हैंए इसका लाभ भी प्रदेश को मिलेगा। उत्तर प्रदेश को जीएसटी से होने वाले लाभ की बात करें तो इसमें भी बड़ा बूम दिखेगा। सरकार को जो होगी उसका उपयोग प्रदेश के विकास में होगा। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी मांग बढ़ेगी उत्पादन ज्यादा होगा।

### कलिंग...

लेकर हुई चर्चा में मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के प्रभारी अशोक सिंघल समेत वरिष्ठ नेताओं ने अहम भूमिका निभाई। अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के नए केन्द्रीय परिषद सदस्यों तागिन सिगा, यालेम तागा बुरांग और कामरंग तेसिया का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोयोंग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे से प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाला। ईस्ट सियांग जिला पासीघाट के मिरकू के स्थायी निवासी 53 वर्षीय मोयोंग 2003 में मिरकू अंचल समिति सदस्य थे। फिर उसी वर्ष बोगोंग अंचल समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। वह वर्ष 2012 में भाजपा में शामिल हुए। वह 38- पासीघाट पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से 2014 से 2019 और 2019 से 2024 तक दो बार विधायक रहे। उन्होंने 2019 से 2024 तक शहरी विकास, नगरपालिका प्रशासन और सरकारी संपदा और नगर नियोजन और परिवहन विभागों के सलाहकार का पद भी संभाला।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मोयोंग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मोयोंग जी के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और उम्मीद करता हूं कि उनके नेतृत्व में पार्टी मजबूत होगी और नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

### नीति...

इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने बताया कि आज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। यह साझेदारी प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकार की रक्षा करने और बाल विवाह जैसे अपराधों के खात्मे की हमारी साझा प्रतिबद्धता का सबूत है। सरकारी निकायों, समुदायों और नागरिक समाज संगठनों राज्य, जिला और प्रखंड जैसे हर स्तरों पर एकजुट होकर काम करने और साझा प्रयासों से सही मायनों में बच्चों की सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस समझौते के तहत नीति आयोग जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग करेगा। एवीए संवेदनशील परिवारों की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सहयोग से वास्तविक समय में कठिनाई का सामना कर रहे प्रत्येक बच्चे और परिवार को राहत की दिशा में प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत डेटाबेस तैयार करेगा। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन चयनित जिलों/ब्लॉकों में बाल मजदूरी, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल विवाह सहित बच्चों की शिक्षा और संरक्षण से जुड़े प्रमुख संकेतकों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर करीबी सहयोग से काम करेगा। इस पहल में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की भी भागीदारी होगी, जिसकी साइबर जगत में बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण और ट्रैफिकिंग की निगरानी व रोकथाम में विशेषज्ञता है। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन शोध, प्रशिक्षण व निगरानी जैसे रणनीतिक हस्तक्षेपों के जरिए इस परियोजना में मदद करेगा।'

### संपत्ति...

और यहां तक कि शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी दस्तावेजों के बिना बैंक भी ऐसी संपत्तियों से दूरी बनाए रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस मुद्दे को हल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि 2014 में सरकार ने स्वामित्व योजना के माध्यम से संपत्ति के दस्तावेजीकरण की चुनौती से निपटने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी संवेदनशील सरकार अपने ग्रामीणों को इस तरह के संकट में नहीं छोड़ सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके प्रॉपर्टी कार्ड मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ से ज़्यादा लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज के कार्यक्रम में 65 लाख से ज़्यादा परिवारों को ये कार्ड मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 6 लाख से ज़्यादा गांव हैं, जिनमें से लगभग आधे गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि कानूनी दस्तावेज़ मिलने के बाद लाखों लोगों ने अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से लोन लिया और अपने गांवों में छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू किए। इनमें से कई लाभार्थी छोटे और मध्यम किसान परिवार हैं, जिनके लिए ये संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की एक बड़ी गारंटी बन गए हैं। दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार अवैध कब्ज़ों और लंबे अदालती विवादों से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। कानूनी प्रमाणीकरण के साथ अब वे इस संकट से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने एक अनुमान का उल्लेख किया कि एक बार सभी गांवों में संपत्ति कार्ड जारी हो जाने पर, इससे 100 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की आर्थिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इससे देश की अर्थव्यवस्था में काफ़ी बड़ी पूंजी जुड़ेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संपत्ति के अधिकार भूमि स्वामित्व पर विवादों को हल करेंगे, जैसे कि पंचायत भूमि और चरागाह क्षेत्रों की पहचान करना, जिससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। संपत्ति कार्ड गांवों में आपदा प्रबंधन को बढ़ाएंगे, जिससे आग, बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं के दौरान मुआवजे का दावा करना आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए भूमि विवाद आम बात है और भूमि दस्तावेज प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण है, जिसके लिए अक्सर अधिकारियों के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इन समस्याओं को कम करने के लिए भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में लगभग 98 प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया गया है और अधिकांश भूमि मानचित्र अब डिजिटल रूप से उपलब्ध हैं।

मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में हर बड़ी योजना में महिला सशक्तीकरण को केंद्र में रखा गया है, जिससे विकसित भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना जा सके। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना ने 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना ने ग्रामीणों को सशक्त बनाया है, जिससे भारत में ग्रामीण जीवन में संभावित रूप से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गांव और गरीब मजबूत होते जाएंगे, विकसित भारत की ओर यात्रा आसान होती जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में गांवों और गरीबों के लाभ के लिए उठाए गए कदमों से 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबरने में मदद मिली है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वामित्व जैसी योजनाएं गांवों को विकास का मजबूत केंद्र बनाएंगी।

### स्वामित्व...

एक सर्वे के अनुसार क्लाइमेट चेंज, पानी की समस्या, स्वास्थ्य की समस्या और महामारी की चुनौतियों के साथ ही प्रॉपर्टी राइट्स 21वीं सदी की एक बहुत बड़ी चुनौती है। विश्व के अनेक देशों में गरीबों के पास प्रॉपर्टी राइट्स नहीं है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि प्रॉपर्टी राइट्स नहीं होने से उनके पास ''डैड कैपिटल'' है। उस पर वे कोई लेनदेन नहीं कर सकते, कोई आर्थिक गतिविधि संभव नहीं होती। घर की मिल्कियत के विवाद और दबंगों द्वारा अतिक्रमण का खतरा बना रहता है। स्वामित्व योजना के माध्यम से हमने इस चुनौती का हल निकाल लिया है।

उन्होंने कहा पहले की सरकारों ने इस समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकाला। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार बनी तब हमने इस योजना को प्रारंभ किया। ड्रोन के माध्यम से जमीनों की मैपिंग कराई गई और गरीबों की संपत्ति के कागज तैयार किए गए। देश में लगभग 6 लाख गांव है, इनमें से आधे से अधिक गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। सवा दो करोड़ ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड मिल गए हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। लगभग 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गरीबों को संपत्ति के अधिकार पत्र मिल जाने से ग्राम पंचायतें आर्थिक दृष्टि से सशक्त होंगी और ग्राम स्वराज जमीन पर उतरेगा। विभिन्न आपदाओं के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीणों को समय पर क्लेम मिलने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा भारत गांव में बसता है। गांव का विकास देश का विकास है। स्वामित्व योजना और भू-आधार ग्राम विकास के आधार बनेंगे। देश में 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। भू-अभिलेखों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक सखी, बीमा सखी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी आदि योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश में सवा करोड़ से ज्यादा लखपति दीदियां बन गई है। कई राज्यों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति अधिकार पत्रों में पत्नियों के नाम भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की रजिस्ट्री में भी महिलाओं के नाम शामिल किए गए हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम जिला स्तर पर भी आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधानसभा अध्यक्षय सहित सांसद एवं विधायकगण शामिल हुए और हितग्राहियों को समपत्ति कार्ड वितरण कर उनसे संवाद भी किया।

### छत्तीसगढ...

कई बॉटल बम बनाकर रखे गए थे। हथियार और बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान भी बरामद किए गए। जवानों ने सुरंग को पाट दिया है।

बसतर आईजी ने बताया कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य की सीमा पर स्थित तीन जिलों की पुलिस ने लगभग 48 घंटे तक ऑपरेशन चलाया। पंद्रह जनवरी की रात तक जवान नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंच गए थे। 16 जनवरी की सुबह करीब 8-9 बजे नक्सलियों से पहली मुठभेड़ हुई, जिसमें 2 नक्सली मारे गए थे। इसके बाद दिनभर रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। 16 तारीख को करीब 8-10 घंटे तक लगातार फायरिंग होती रही, लेकिन रात होने पर गोलीबारी रुक गई। अगले दिन, 17 जनवरी की सुबह से जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रखा और 12 नक्सलियों के शव बरामद किए। नक्सलियों के कोर इलाके में लगातार सुरक्षा बल के जवान सर्च अभियान चला रहे हैं। जिसकी वजह से नक्सली अपने लगातार ठिकाने बदल रहे हैं, साथ ही यह इन इलाकों मेसुरक्षा बल के जवानों का दबाव बढ़ने से अब नक्सलियों को इलाके में रहना भी मुश्किल हो गया है, इस परिस्थितियों के बीच जवानों को लगातार सफलता मिल रही है, इसलिए नक्सलियों के लिए अब यह इलाका सुरक्षित नहीं रहा है।

# देश-विदेश के भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दूधेश्वरनाथ महादेव कुम्भ मेला शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुम्भ मेला शिविर देश-विदेश के संतों व भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिविर में प्रतिदिन हजारों भक्त पहुंचकर हवन-पूजा-पाठ में भाग लेने के साथ श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। समाधि स्थल भीमगोड सिवाना से नित्य गोपाल राम महाराज, लंदन से राजेश परमार, दिल्ली से अंशुमान, दिल्ली, गाजियाबाद से गौरी शंकर, पत्रकार खुशबू, गंटूर सेजगदीश राज पुरोहित, किशोर राज पुरोहित नत्थू राम प्रजापत, समाधि स्थल सिवाना से मंशाराम, अभयराम आदि ने शिविर में हवन-यज्ञ में आहुति दी। पूजा-पाठ में शामिल होने के बाद भोजन प्रसाद ग्रहण किया और महाराजश्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। सभी ने शिविर की व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिए महाराजश्री की सराहना भी की। शिविर में नित्य रूद्र महायज्ञ, रूदाभिषेक, हवन, पूजन, बगलामुखी अनुष्ठान, गायत्री अनुष्ठान, राम रक्षा स्त्रोत आदि का आयोजन हो रहा है। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य रोहित त्रिपाठी आदि सभी धार्मिक अनुष्ठान करा रहे हैं। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन हजारों भक्त आ रहे हैं और भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। शिविर में वंचितों के लिए नर सेवा नारायण सेवा निरंतर चल रही है, जिसमें सभी भक्तों का सहयोग मिल रहा है। भक्तों के आग्रह व स्नेह को देखते हुए इसे बढ़ाकर 11 फरवरी तक लगाने का निर्णय लिया गया है। शिविर में 30 जनवरी से 7 फरवरी तक गुप्त नवरात्रि का अनुष्ठान भी होगा।



# दंत कुम्भ में श्रद्धालुओं के दांतों का हो रहा नि:शुल्क इलाज

- दंत कुंभ पहुँचे समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण
- अब तक दो हजार श्रद्धालुओं के दांतों का हुआ नि:शुल्क इलाज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नेत्र कुम्भ व दंत कुम्भ का आयोजन किया गया है। मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 ओल्ड जीटी रोड पर विहिप के शिविर के बगल नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन और डेंटल सर्जन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से दंत कुंभ का आयोजन किया गया है। दंत कुंभ में श्रद्धालुओं के दांतों का उपचार नि:शुल्क हो रहा है। शनिवार को उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने भी दंत कुंभ पहुंचकर अपने दांतों का परीक्षण कराया। विहिप के शिविर के बगल लगा दंत कुंभ 11 जनवरी से चल रहा है। एनएमओ से जुड़े हुए दंत कुंभ समन्वयक डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि दंत कुंभ में अब तक दो हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के दांतों का नि:शुल्क उपचार हो चुका है। यहां पर दांतों के स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा परामर्श, एवं दवाइयां, दी जा रही हैं। शिविर महाकुंभ के श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए पूरी तरह से नि:शुल्क है। नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन और डेंटल सर्जन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डॉक्टर और स्टूडेंट्स अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करके सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दंत कुंभ में सेवाएं दे रहे डा. पंकज पाण्डेय ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच करवा कर निशुल्क उपचार प्राप्त करें। दंत कुंभ में सेवाएं प्रमुख स्नान पर्व पे भी दी जा रही है जिससे ज्यादा से ज्यादा कुंभ में आने वाली जनता लाभान्वित हो मकर संक्रांति के अवसर पर सेवाएं सुबह 9 बजे से ही शुरू कर दी गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने आए हैं राहुल गांधी : अरविन्द

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि विधानसभा चुनाव आते देख कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने आए हैं। श्री अरविंद ने शनिवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास यात्रा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नेतृत्व और बिहार के विकास में राजग सरकार का इतिहास, नौकरी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, घर घर बिजली, पानी, सड़कें, शौचालय देखकर इंडिया गठबंधन की घबराहट एवं मानसिक स्थिति खराब हो चली है। श्री राहुल ने स्पष्ट कहा है कि वह भारत के खिलाफ लड़ाई लड़ रहें है। श्री राहुल को जवाब देना चाहिए कि वह भारत के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए जॉर्ज सोरोस, चीन, पाकिस्तान के अलावा किनसे मदद ले रहे हैं और क्या-क्या मदद ले रहे हैं, किस प्रकार का मदद ले रहे हैं, जबकि हिंडनबर्ग बंद हो गया है। इस पर भी उनको कुछ कहना चाहिए। श्री अरविन्द ने कहा कि बिहार में कोई आपदा विपदा के समय में कभी भी श्री राहुल दिखाई नहीं दिए, क्योंकि श्री राहुल को बिहार के लोगों की कोई चिंता नहीं है। सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनैतिक रोटी सेंकने से मतलब है। श्री राहुल को बताना चाहिए की कांग्रेस हमेशा बिहार-यूपी के लोगों को अपमानित क्यों करते रहती है। अपने पार्टी के इस रवैए के लिए श्री राहुल को बिहारवासियों से माफी मांगनी चाहिये। श्री राहुल अब कोई भी दांव पेंच लगा लें, बिहार के लोग अब श्री राहुल के झांसे में नहीं आने वाले हैं और 2025 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामपंथी दलों का गठबंधन की प्रचंड हार बिहार में होगी। 2025 विधानसभा चुनाव में राजग सरकार की विकासशील नीतियों के कारण, प्रगतिशील बिहार बनाने के कारण बिहार की जनता राजग गठबंधन की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने का काम करेगी।

### क्राइम ब्रांच ने सीरियल किलर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पैरोल लेकर फरार हुए आरोपित चंद्रकांत झा को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्रकांत झा ने सात हत्याएं की थीं। आरोपित हत्या करने के बाद उनके शरीर के टुकड़ों को शहर में हर तरफ फेंक देता था। आरोपित को कोर्ट ने 2013 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साल 2023 में चंद्रकांत को 90 दिन की पैरोल मिली थी। पैरोल खत्म होने के बाद चंद्रकांत वापस नहीं गया तो पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। चंद्रकांत ने कोर्ट में दलील दी थी कि वह अपने परिवार में अकेला पुरुष है और उसकी तीन बेटियां है। पिता होने के नाते वह बड़ी बेटी की शादी की जिम्मेदारी उसी के पास है। इसके साथ ही उसने कहा कि वह परिवार के साथ सामाजिक संबंध दोबारा स्थापित करना चाहता है। कोर्ट ने चंद्रकांत झा को 25,000 रुपये का मुचलका और इतनी ही धन राशि के दो जमानत बांड देने के आदेश दिए थे, जिसके बाद उसे पैरोल दी गई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आरोपित चंद्रकांत झा की इन हत्याओं की कहानियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी रिलीज की गई थी। इस सीरीज का नाम 'इंडियन प्रीडेटर द बुचर ऑफ दिल्ली'। ये डॉक्यूमेंट्री नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई थी। चंद्रकांत झा ने सबसे पहली हत्या 20 अक्टूबर 2006 को की थी। इसके बाद से हत्याओं का सिलसिला शुरू हुआ था। डीसीपी के अनुसार आरोपित के फरार होने के बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। आरोपित नाम बदलकर रह रहा था। डीसीपी के अनुसार आरोपित को एक गुप्त सूचना के आधार पर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से 17 जनवरी को पकड़ा है। आरोपित बिहार भागने की फिराक में थे। पुलिस के अनुसार आरोपित चंद्रकांत एक सीरियल किलर था, जो लोगों के सिर काट कर उनकी हत्या कर देता था। आरोपित ने एक मामले में युवक की हत्या कर उसकी गर्दन को तिहाड़ जेल के गेट नंबर एक पास रख दिया था। वह हर लाश के साथ एक चिट्ठी भी लिखकर लाश के पास रखता था और पुलिस को चुनौती देता था।

### जालंधर छावनी में एनसीसी कैडेट्स का आर्मी अटैचमेंट कैंप शुरू

**जालंधर।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जालंधर के तत्वावधान में जालंधर छावनी में शनिवार को सीनियर डिवीजन कैडेट्स का आर्मी अटैचमेंट कैंप शुरू हुआ। इस कैंप में 210 कैडेट्स भाग लेने जा रहे हैं। 2-पंजाब एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनोद जोशी ने बताया कि कैडेट को सैन्य प्रशिक्षण देने की सभी तैयारियां कल देर रात पूरी कर ली गयी हैं। होशियारपुर, कपूरथला, फगवाड़ा और जालंधर के कैडेट्स को ड्रिल, सैन्य हथियार, फायरिंग, नेतृत्व कौशल, सभी धर्मों के प्रति सम्मान, युद्ध अभ्यास आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये विभिन्न सेना बटालियनों का दौरा करने की योजना बनायी गयी है। इनमें आर्टिलरी रेजिमेंट, इंजीनियर रेजिमेंट, कॉम्बैट इन्फेंट्री बटालियन, कम्युनिकेशन रेजिमेंट आदि शामिल हैं। कर्नल जोशी ने बताया कि हर साल देशभर में करीब चार हजार एनसीसी कैडेट भारतीय सेना के साथ अटैचमेंट कैंप लगाते हैं। कैडेटों के लिये यह कैंप सेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा आयोजित किया जाता है। इसका दूसरा उद्देश्य कैडेटों को कमीशन और अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देना है। सेना के अटैचमेंट कैंप कैडेटों में देशभक्ति, निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र सेवा की भावना पैदा करते हैं। सशस्त्र बलों के साथ कैंपिंग करने पर कैडेटों को एनसीसी परीक्षा में बोनस अंक दिये जाते हैं। कैंप का संचालन कैप्टन अर्निश सहगल और सिख लाइट इन्फेंट्री के जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

### आशीर्वाद योजना के तहत अनुसूचित जातियों के लिये 30.35 करोड़ रु जारी:डॉ कौर

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अनुसूचित जातियों के 5951 लाभार्थियों को 30.35 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ बलजीत कौर ने शनिवार को बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फिरोजपुर, श्री फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, होशियारपुर, जालंधर, मानसा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, रूपनगर, एसएएस नगर, एसबीएस नगर, संगरूर और मालेरकोटला जिले के वर्ष 2023-24 और 2024-25 के अनुसूचित जातियों के लाभार्थियों के लंबित आवेदनों को वर्ष 2024-25 के दौरान आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त कुल 5951 लाभार्थियों को कवर करने के लिये 30.35 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी है।

# वक्फ बिल पर बैठक बहुत महत्वपूर्ण, बजट सत्र में देनी है रिपोर्ट : जेपीसी अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। केंद्र सरकार के जरिए लाए गए वक्फ बिल पर चर्चा के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने शनिवार कहा कि यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें हम सभी लोगों से वक्फ बिल पर बातचीत करेंगे और उनकी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट सत्र में हमें रिपोर्ट भी देनी है। इसलिए बैठक में मिले सुझावों और शिकायतों को ध्यानपूर्वक हमारी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। जेपीसी अध्यक्ष जगदम्बिका पाल पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले की बैठकों में जो शिकायतें और सुझाव हमें मिले हैं, उन सभी को हम अपनी रिपोर्ट में दर्ज करेंगे। इसके साथ जिस जमीन को लेकर यह दावा किया जाता है कि यह वक्फ बोर्ड की है, उन पर अधिकारियों से बातचीत करेंगे और जरूरी कागजात प्राप्त करेंगे। साथ ही कहा कि अब तक 200 से अधिक डेलिगेशन से बातचीत हो चुकी है और 32 बैठकें दिल्ली में आयोजित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हमने अब तक काफी डेलिगेशन से बातचीत की है और हम पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। जेपीसी के सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि हम पूरे देश में बैठकें कर रहे हैं। आज पटना में भी बैठक करेंगे और लोगों से सुझाव लेंगे। इन सुझावों के आधार पर हम केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगे। वक्फ बिल पर चर्चा बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि, यह देश के धार्मिक और सामाजिक संगठन से जुड़े मामलों को सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की टीम पटना पहुंच चुकी है। राज्यसभा और लोकसभा के कई सदस्य, जो इस कमेटी में शामिल हैं, शुक्रवार रात पटना पहुंच गए थे। बैठक में कमेटी सभी लोगों से उनके सुझावों को सुनेगी और इन सुझावों को केंद्र सरकार तक पहुंचाएगी।

## रोजगार मेला में 716 युवकों को मिली नौकरी

भागलपुर। बिहार में युवाओं को रोजगार देने के लिए बिहार सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को श्रम संसाधन विभाग के नियोजन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा भागलपुर में एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र के 35 नियोजकों ने आपकी सहभागिता दर्ज कराई। जिसमें 716 रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। जिसके लिए जिले के विभिन्न जगहों से बेरोजगार लोग मेला में एकत्रित हुए और नौकरी प्राप्त की है। मेला के दौरान विभिन्न कंपनियों के 30 से स्टॉल लगाए गए थे। मेला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह और श्रम संसाधन विभाग के उपनिदेशक नियोजन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में युवाओं की काफी भीड़ देखी गई।

# स्वास्थ्य संस्थानों में ऑपरेशन थियेटर को किया जा रहा सुधार : मंगल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में ऑपरेशन थियेटर के सुधार और उन्नति के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। श्री पांडेय ने शनिवार को बताया विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में 158 नए माइनर ओटी टेबल उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें जिला अस्पतालों में 31, अनुमंडलीय अस्पतालों में 55 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 72 माइनर ओटी टेबल शामिल हैं। इन नए माइनर ओटी टेबल का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण में होगा। श्री पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग न केवल अस्पतालों की आधारभूत संरचना में सुधार कर रहा है, बल्कि अस्पतालों में नि:शुल्क दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रहा है। माइनर ओटी टेबल का उपयोग सर्जिकल टीम को बेहतर पहुंच और विजिबिलिटी देने, साथ ही मरीज को सही स्थिति में रखने के लिए किया जाता है। इससे सर्जरी की प्रक्रिया अधिक सटीक और प्रभावी बनती है। इसके अलावा, यह टेबल सर्जरी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में मदद करती है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर वृद्धि कर रही है और हर स्तर पर समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला से लेकर समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के गैप एनालिसिस करके उसे पूरा किया जा रहा है, जिससे राज्य में स्वस्थ बिहार का निर्माण हो सके।

# ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्यतिथि विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सहरसा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में शनिवार को संस्थान के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्यतिथि विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित कर सेवा केंद्र प्रभारी स्नेहा बहन ने कहा कि वर्तमान समय यह संस्थान 140 देशों में 8500 से भी अधिक सेवा केंद्रों द्वारा अनेक शान्ति दूत बनाकर जीवन में शान्ति की सच्ची धारणा कराकर विश्व शान्ति का भागीरथ प्रयास कर रहा है। संस्थान द्वारा विश्व शान्ति स्थापना का कार्य कैसे चल रहा है, इस विषय पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गीता में कहा गया है कि आत्मबोध के बिना शान्ति नहीं हो सकती और शान्ति के बिना सुख नहीं मिल सकता। इतने समय से हम गीता का श्रवण एवं अध्ययन करते आए लेकिन आत्मज्ञान और आत्मानुभूति से दूर ही रहे। स्वयं शान्ति के सागर, शान्ति के दाता निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने शान्ति के मसीहा प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के तन में अवतरित होकर शान्ति के आलय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना कर विश्व शान्ति की आधारशिला रखी, जिसके द्वारा लाखों शान्तिदूत भाई-बहन प्रतिदिन स्वयं के जीवन में व विश्व शान्ति के लिए मन-वचन-कर्म से निरन्तर योगदान दे रहे हैं। हम सबका यह सामूहिक भागीरथ प्रयास विश्व में सुख-शान्ति का साम्राज्य स्थापित करने का काम करता है। अंत में ब्रह्मा बाबा को सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफ़ेसर अर्जुन प्रसाद, अवधेश भाई, बृजेश भाई, सदानंद भाई, मनोज भाई, रविंद्र भाई, शत्रुघ्न भाई सहित दर्जनों भाई-बहन उपस्थित थे।

# आगामी विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर होगी जीत हासिल: रविंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा में जदयू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को नवादा में पार्टी पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ साथियों से संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 में 225 सीट जीतने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास सभी वर्ग धर्म के लोगों का समान रूप से विकास 19 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। 2005 का बिहार 2025 का बिहार में अंतर स्पष्ट दिख रहा है । ऊर्जा ,सड़क, पुल ,पुलिया का विकास सभी क्षेत्रों में किया गया है। गांव एवं शहर की दूरी मिट चुकी है। ग्रामीण स्तर पर जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। बिहार वासियों की आमदनी बढी है। खासकर हासिए पर रहे पिछड़ा, अति पिछड़ा,दलित ,महा दलित, अल्पसंख्यक एवं महिलाओं को मुख्य धारा में लाने का काम किया गया है। पंचायती राज व्यवस्था में अति पिछड़ा वर्ग को 20% एवं सभी वर्ग धर्म की महिलाओं को 50% सभी पदों के लिए आरक्षित की गई है । दलित महादलित को एकल पदों पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आज हासिए पर रहे सभी वर्गों के प्रतिनिधि विकास के भागीदार बने हुए हैं। युवाओं के उत्थान के लिए अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। कृषि के महत्व को समझते हुए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसानों के बेहतरी के लिए कृषि रोड मैप 2010 से 15 के लिए कार्य योजना बनाकर गुणात्मक परिवर्तन हुआ है । द्वितीय रोड मैप के तहत किसानो की आमदनी में वृद्धि के लिए खदान सुरक्षा ,पोषण सुरक्षा ,रोजगार सृजन तथा मजदूरों का पलायन रोकने के लिए मानवीय आधार पर समावेशी कृषि विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है व्यापक महिलाओं की भागीदारी, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण का सतत उपयोग जैसे योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया गया है। अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री 19 वर्षों से सतत प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना के माध्यम से छात्रावास में रह रहे छात्रों को आच्छादित की जा रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063